राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-246
लखनऊ, शुक्रवार 26 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा : राजनाथ 03

आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं : अनुराग 12


# लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण का मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

### चुनावी महापर्व

- दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित
- इस चरण में 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, इसमें पुरुष- 1098, महिला- 102 और तृतीय लिंग- 02 हैं



एजेंसी, नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जाएगा। मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा।

इस चरण में 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें पुरुष - 1098, महिला - 102 और तृतीय लिंग - 02 हैं।

**सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा मतदान**

वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं।

### किन सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा।
केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा।
त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा।
कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

### मतदाता

इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

### मतदान तैयारियां

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 3 हेलीकॉप्टर, 4 विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किए गए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। 251 पर्यवेक्षक (89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4553 उड़न दस्ते, 5731 स्थैतिक निगरानी दल, 1462 वीडियो निगरानी दल और 844 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। 1237 अंतरराज्यीय और 263 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां किसी भी अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। स्थानीय विषयों के साथ 88 सीटों पर लगभग 4195 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 4100 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन सुरक्षा कर्मचारियों सहित पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 640 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जाएगा।

### पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को हुआ था मतदान

उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। पहले चरण में मतदान का औसत लगभग 64 प्रतिशत रहा है। मणिपुर में कुछ स्थानों में दोबारा मतदान कराया गया था। मतदान सात चरणों में कराया जा रहा है। सभी सीटों के नतीजे 4 जून को आयेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने तीन उम्मीदवार किये घोषित, रायबरेली में ठाकुर यादव पर दांव

**लखनऊ।** बसपा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की। इस सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा हुई, तो वहीं रायबरेली में ठाकुर प्रसाद यादव पर बसपा ने अपना दांव खेल दिया है। बहराइच सुरक्षित सीट से बृजेश कुमार सोनकर, अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट से कमर हयात अंसारी और रायबरेली सीट से ठाकुर यादव की घोषणा हुई है। ठाकुर प्रसाद यादव को बसपा का कैडर नेता कहा जाता है। बसपा से विधानसभा चुनाव में भी भाग्य आजमा चुके ठाकुर के मैदान में आने से रायबरेली में बसपा अपना बेस वोट लेने में सफल हो सकेगी।

### हरदोई में ईडी ने शुरू की बिजली घोटाले की जांच

**हरदोई।** राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत 85 गांवों के विद्युतीकरण में करीब 1.31 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच ईडी ने शुरू कर दी है। विजिलेंस ने जनवरी, 2023 में मुकदमा दर्ज किया था। इसमें उप्र पावर कॉर्पोरशन के दो अवर अभियंता, तीन एसडीओ और रिलायंस एनर्जी के प्रोजेक्ट मैनेजर को नामजद किया गया था। इसके आधार पर ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। गौरतलब है कि वर्ष 2004-05 में हुए इस घोटाले में तत्कालीन अवर अभियंता बैजनाथ सिंह, नरेश सिंह, एसडीओ देवेंद्र प्रसाद जोशी, अमजद अली, प्रमोद आनंद और नोएडा की रिलायंस एनर्जी लि. के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक कुमार के खिलाफ विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज किया था।

### चारधाम यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक लोगों ने कराया पंजीकरण

**देहरादून।** आगामी दस मई को चारधाम यात्रा की शुरुआत से पहले ही 15 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा चुके हैं और उत्तराखंड सरकार को उम्मीद है कि इस बार यात्रा अपने पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं की आमद के रिकॉर्ड को तोड़ देगी।

### ज्ञानवापी पर फैसला देने वाले जज को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** 2022 में वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वीडियोग्राफिक सर्वेक्षण का आदेश देकर सुर्खियों में आए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से मौत की धमकी प्राप्त करने के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बरेली के पुलिस अधीक्षक को लिखे अपने पत्र में न्यायमूर्ति दिवाकर ने दावा किया कि उन्हें 15 अप्रैल को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया और जान से मारने की धमकी दी गई। कुछ दिन बाद इसी तरह की एक और कॉल आई। न्यायमूर्ति दिवाक का हाल ही में बरेली में ट्रांसफर किया गया है।

## संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता : मोदी

### संबोधन

- जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष को मोदी से निपटना पड़ेगा
- जिन्होंने गरीबों को लूटा है, वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा

आगरा, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा।

उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। मतदाता की नब्ज पर हाथ रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि मान लीजिए आपके माता-पिता ने चार कमरे का घर बनाया है। उममें से दो कमरे आपको मिलेंगे। दो कमरे सपा-कांग्रेस की सरकार हड़प लेगी। दस बीघा है तो वह हड़प लगेगी। क्या आप अपनी संपत्ति भ्रष्ट पंजे के हाथ में जाने देंगे। क्या आपको गुस्सा नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी, एससी के हक पर डाका डालने और मां-बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों यह कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। ऐसा कोई भी पाप नहीं होने देगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी हैं, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है। वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा।




### आपकी बचत पर है कांग्रेस की नजर : पीएम

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाली कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की नजर आम आदमी की बचत पर है। बरेली बदायूं मार्ग स्थित एक मैदान पर आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कल से नया नारा आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। इसका मतलब है कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार आती है तो आपकी सम्पत्ति की जांच होगी। आपका सोना, घर और संपत्ति जांची जाएगी। आपकी सम्पत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को दे देंगे। आपने जो सम्पत्ति जुटाई है। कांग्रेस वालों ने घोषणा की है यह जो संपत्ति है वह आपको नहीं मिलेगी। भारत में मंगलसूत्र काफी महत्व रखता है विदेश में भले ही इसका कोई महत्व न हो लेकिन सपा कांग्रेस इस पर भी कब्जा करना चाहती है। कांग्रेस व सपा सम्पत्ति जब्त कर चहेते वोट बैंक में बांटेगी।

### मोदी के शासनकाल में भारत का बढ़ा सम्मान : सीएम

सीएम योगी ने कहा कि पिछले दस वर्षो में दुनिया में भारत के सम्मान में इजाफा हुआ है और देश दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत के तौर पर तेजी से उभर रहा है। श्री योगी ने गुरुवार को यहां एक जनसभा में कहा कि दुनिया में भारत की लगातार बेहतर हो रही छवि कुछ लोगों को अच्छी नहीं लग रही है और वे फिर से षड्यंत्र करने आपके बीच आए हैं। योगी ने कहा कि आपके वोट ने देश की तकदीर व तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। दस वर्ष में हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। पीएम योगी आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्पकर्ता हैं। उन्होने मतदाताओं से आह्वान किया कि कमल पर पड़ा आपका हर वोट पीएम मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को बढ़ाएगा।

### जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा : योगी

**आगरा, इटावा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सवाल किया कि अलका राय,पूजा पाल,जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी (सपा) कब देगी। सपा के गढ़ मैनपुरी लोकसभा सीट पर रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। उन्होने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल व अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस तरीके से की गई हत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी। मैनपुरी में सपा प्रत्याशी डिपंल यादव की ओर इशारा करते हुये उन्होने कहा कि सपा नेत्री जवाब दें, माफिया के द्वारा गाजीपुर में भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय के साथ मारे गए छह लोगों की विधवाओं का क्या हुआ। सपा सरकार में पाले गए माफिया ने विहिप के अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा की अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी विधवा का क्या हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जिन रामभक्तों का लहू सपा सरकार ने बहाया था। उन नौजवानों की विधवाओं के मंगलसूत्र पर सपा नेत्री जवाब कब देंगी। आगरा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

## कन्नौज में अखिलेश यादव ने बढ़ाई भाजपा की धड़कनें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




इत्र नगरी के रूप में विश्व विख्यात कन्नौज संसदीय सीट से गुरुवार को समाजवादी पार्टी(सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक ने अलग अलग अपना पर्चा दाखिल कर अपनी जीत का दावा किया।

चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन के आज आखिरी दिन अखिलेश यादव ने दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन चार सेट में दाखिल किया ।

इस दौरान उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद थे। 25 अप्रैल को अखिलेश ने कन्नौज से चुनाव लड़ने के लिये नामांकन किया तो तेज प्रताप यादव का चैप्टर बंद हो गया। अब कन्नौज में एक बार फिर सपा मुखिया अखिलेश यादव व सुब्रत पाठक के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। ऐसा ही मुकाबला वर्ष 2009 में कन्नौज में देखने को मिला था। इस चुनाव में अखिलेश यादव को 3,37,751 मत मिले थे। दूसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी डॉ. महेश वर्मा को 2,21,887 मत मिले थे। वहीं, भाजपा के सुब्रत पाठक तीसरे स्थान पर रहे थे। तब उन्हें 1,50,872 मत ही मिल पाए थे। हालांकि वर्ष 2019 में जब सुब्रत पाठक ने डिंपल को हराया तब उन्हें 5,63,087 वोट मिले थे, जो कुल पड़े मतों का 49.35 प्रतिशत थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में उतरने से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में तो उत्साह बढ़ ही गया है, बसपा व भाजपा में भी सरगर्मी बढ़ गई है। सपाई अखिलेश के कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार के तौर पर उतरने की पहले से ही मांग कर रहे थे। कन्नौज समाजवादी पार्टी की परम्परागत सीट मानी जाती है।

### दावेदारी

- अखिलेश और सुब्रत ने नामांकन कर किया जीत का दावा
- सपा प्रमुख के चुनावी मैदान में उतरने से पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उत्साहित

## पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग, छह की मौत, 20 घायल

एजेंसी, पटना।

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग झुलसकर घायल हो गए।

नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) चंद्र प्रकाश ने पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगने से छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान



नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथमदृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है। आग लगने के बाद होटल में रखे सिलेंडर में भी विस्फोट हुआ, जिससे आग और भड़क गई। देखते ही देखते आग चार मंजिला भवन के सभी तल पर फैल गई और पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया।

### भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी, जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवत: विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया। इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह जलकर नष्ट हो गया।

**पहल** | सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां कराई जायेगी उपलब्ध

## व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की वाद-सूची

एजेंसी, नई दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा कि इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित




कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ व्हाट्सएप को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे। इस सेवा के शुरू होने से बार के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी। मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।

**संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला**

### दिल्ली की अदालत ने जांच पूरा करने को पुलिस को दिया 30 दिन का समय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को जारी आदेश में मामले की जांच पूरा करने के लिए उसे (पुलिस) 30 दिन का अतिरिक्त समय दिया। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की ओर से अनुरोध सुनने के बाद मामले में जांच पूरी करने के लिए उसे 30 दिन का और समय दिया। अदालत ने मामले में सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 25 मई तक बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस ने दायर याचिका में अदालत से मामले से संबंधित अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और बढ़ाने का अनुरोध किया।
मामले में सुनवाई के लिए सभी आरोपियों को अदालत में सशरीर पेश किया गया। यह मामला 13 दिसंबर, 2023 को संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा उल्लंघन से संबंधित है।

## पीएम मोदी व राहुल गांधी के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को नोटिस भेजे

एजेंसी, नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर




भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने श्री गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है, लेकिन उनके खिलाफ शिकायतों को नोटिस के साथ जरूर भेजा है। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 का उल्लेख करते हुये इन पार्टियों के स्टार प्रचारकों को आदर्श चुनाव अचार संहिता और उनके लिये आयोग द्वारा तय किये गये मानकों की जवाबदेही पार्टी अध्यक्षों पर डाली है। आयोग ने कहा है कि अपने प्रत्याशियों, खास कर स्टार प्रचारकों के कामों के प्रति पहली जवाबदेही राजनीतिक दलों की ही होनी चाहिये। आयोग ने नोटिसों में यह भी कहा है कि ऊँचे पदों पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का

# आग लगने से दो की मौत, दो घायल, 30 लाख का नुकसान

**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

भागीरथ के घर से लगी आग से सिंगहा में भाभी और ननद की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग में 12 मवेशी भी जिंदा जल गए। आग में चाचा और भाई झुलस गए। ग्रामीण एवं फायर सर्विस की गाड़ियों ने कडी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया अग्निकांड की सूचना पाकर एसडीएम और तहसीलदार सिंगाही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अग्निकांड में जलकर खाक हुई महिलाओं के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरूवार को भागीरथ के घर मे दोपहर 12 बजे उसके घर से आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। आग लगने से घर में सो रही भागीरथ की बहेन संगीता (35) पक्के कमरे में अपने 13 वर्षीय बेटे सचिन के साथ सो रही थी। अचानक कमरे के पास बना बंगला जलने लगा। आग की लपटों से वह जल गई जिससे उसकी मौत हो गई।

रामगुनी (50) पत्नी भागीरथ, उनकी बहू पूजा पत्नी साहजराम छप्पर वाले घर में सो रही थी। अचानक आग देखकर वह पूजा को मिट्टी की डेहरी से पीछे की दीवाल फांदकर बाहर निकाल दिया और खुद उसमें फंसकर जलकर मर गई। दोनों को बचाने के लिए घर में घुसे बांके(45) पुत्र बाबूराम, सहजराम (30) पुत्र भागीरथ गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



दोनों की हालत गंभीर है। आग में झुलसे लोगों को लखीमपुर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था बताया जाता है कि बाके की इलाज के दौरान बांके की मौत हो गयी अग्निकांड की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम अश्वनी कुमार मौके पर पहुंचकर अग्निकांड में घर से बेघर हुए लोगों को हुए नुकसान का सर्वे कराया और तथा मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दस बकरी, एक गाय और भैंस, जिंदा जलकर मर गई। आग में चारा मशीन, नगदी, अनाज, कपड़ा, बर्तन, ट्रैक्टर समेत 30 लाख का नुकसान हो गया। एसडीएम, तहसीलदार ने लोगों को सांत्वना देकर हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। गुरूवार को सिंगहा कला में आग लगने से 22 घर जलकर राख हो गए। आग में बांके का इंजन,

**एक ही परिवार पर बरपा आग का कहर**

आग ने ऐसा कहर बरपाया कि एक ही परिवार के तीन लोग काल के गाल में समा गए। आग में बांके, रामगुनी, संगीता की मौत हो गई। सहजराम जिला अस्पताल में जिंदगी मौत से जूझ रहा है। संगीता के चार बेटे है। सबसे छोटे बेटे सचिन को लेकर वह अपने साथ लेकर आई थी। संगीता के पति जगदीश की मौत सात वर्ष पहले हो गई थी। उनके बेटे पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ट्रेक्टर, आनाज, कपड़ा, बर्तन, जेवर, नगदी 20 हजार समेत 30 लाख का सामान जल जल गया। राधेश्याम का भागीरथ का सिलेंडर फटने से राधेश्याम का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। कल्लू की छत जल गई। राकेश की गुमटी जलकर राख हो गई।

# टोल प्लाजा का बैरियर एम्बुलेंस पर गिरने से टूटा शीशा

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

टोल पार करते समय अचानक बैरियर गिर जाने से एंबुलेंस का शीशा क्रेक हो गया। गुरुवार की दोपहर बाद हु इस घटना को लेकर एंबुलेंस के चालको और ईएमटी द्वारा टोल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पर तैनात 102 एंबुलेंस नंबर यूपी 32 ई जी 1067 गुरुवार की शाम लगभग सवा 4 बजे हैदरगढ़ से त्रिवेदीगंज की ओर जा रही थी टोल क्रॉस करते समय अचानक बैरियर गिर जाने से एंबुलेंस का शीशा क्रेक हो गया।

जिसकी सूचना एंबुलेंस के पायलट दिलीप सिंह एवं ई एम टी मनोज कुमार यादव द्वारा 112 पुलिस के साथ-साथ त्रिवेदीगंज सामुदायिक




स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एंबुलेंस पायल्ट और ई एम टी को दी गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में सहकर्मी एंबुलेंस लेकर टोल पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे एंबुलेंस कर्मियों ने आरोप लगाया कि जिस समय बैरियर गिरा उस समय केबिन में कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। जिसकी वजह से उनकी एंबुलेंस का शीशा टूट गया है। टूटे शीशे को बदलवाने की मांग को लेकर सभी एंबुलेंस कर्मी टोल के प्रशासनिक कक्ष में घुस गए। जहां पर टोल स्टाफ द्वारा तकनीकी फाल्ट बताकर किसी भी तरह के भुगतान करने की बात से हाथ खड़े कर दिए गए वहीं सूचना पाकर पहुंचे 112 पुलिसकर्मियों द्वारा ऑनलाइन शिकायत करने की बात या फिर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करने की बात बताकर एंबुलेंस कर्मियों को बैरंग रवाना कर दिया गया। इस अवसर पर मौजूद एंबुलेंस कर्मियों संदीप शुक्ला जितेंद्र सिंह दिनेश यादव नागपुर मौर्या सूरज अनिल वर्मा चंद्रभूषण सिंह आदि ने टोल कर्मियों की गलती बताते हुए प्रदर्शन किया और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है।

# बीडीओ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ब्लाक सभागार में बीडीओ अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता एंव एपीओ मनरेगा रेनू रावत के संयोजन में विकास कार्यों की समीक्षा कर अमृत सरोवरों के काम समय से पूर्ण करवाने पांच माडल अमृत सरोवर जो होंगे।

वही पांच माडल गांव के समुचित विकास तथा एन आर एल एम द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवाश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों तकनीकी सहायकों की बैठक हुई।बैठक में परिवार आईडी कार्ड जो बनकर आये हैं उन्हें पहुंचाने गांवों में शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मतदाताओं को प्रेरित करने,अमृत सरोवरों में पानी भरवाने तथा ब्लाक में 5 माडल अमृत सरोवर व उन्हीं पांच माडल अमृत सरोवरों वाली पंचायतों को माडल ग्राम पंचायत बनाने में जेई आरईएस को ड्राइंग तैयार कर तकनीकी सहायक ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी अच्छे से काम करवायेंगे।

खण्ड विकास अधिकारी ने बताया है कि पांच माडल गांव व पांच अमृत सरोवरों जिनमें आउट लेट इनलेट बैठने के लिए बेंच वृक्षारोपण सहित विभिन्न कार्य करवाकर पर्यटन की भांति साफ सुथरा, सुन्दर बनाने को बैठक में निर्देश दिए गए हैं।

# रोटी कपड़ा मकान के सपनों को मोदी ने हकीकत में बदला

**राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले सपा-बसपा व कांग्रेस को जनता सिखाएगी सबक: सतीश शर्मा**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के सपनों को हकीकत में बदला है।

इतना ही नहीं मोदी ने अयोध्या में गंगनचुंभी भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराकर देश के स्वाभिमान की रक्षा की है। राज्य मंत्री गुरुवार को फतेहपुर में जन प्रतिनिधि एवम जागरूक मतदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने



कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले सपा,बसपा और कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी।

उन्होंने मोदी सरकार की गरीब कल्याण से जुड़ी तमाम योजनाओं की चर्चा करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि विकास की रफ्तार जिले में तेज हुई है। महादेवा में 40 करोड़ से अधिक बजट से कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति देकर सीएम योगी ने जिले के लाखों श्रद्धालुओं की पुरानी मांग को पूरा किया है। कहा वैश्विक स्तर पर भारत और मजबूत हुआ है। भारत के नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रूस और यूक्रेन ने युद्ध को कुछ दिनों के लिए रोक दिया था,ये मोदी के नेतृत्व में नए एवम सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर है। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही।

राजरानी रावत ने सभी के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कहते हुए अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,हरगोविंद सिंह, शशांक कुसुमेश,संदीप गुप्ता, अंजू चंद्रा,विजय आनंद बाजपेई, जवाहर वर्मा,राजेश वर्मा,ओम प्रकाश वर्मा, रामकृपाल मिश्रा, अनुपम निगम, रंगनाथ त्रिपाठी, रामचंद्र वर्मा, अनिल वर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों प्रधान, बीडीसी मौजूद रहे।

# प्रचार सामग्री के प्रकाशन से पूर्व प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों को किसी भी प्रकार की प्रिंट, ऑडियो या वीडियो प्रचार सामग्री को समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित अथवा टीवी न्यूज़ चैनल्स, ऑन लाइन मीडिया या सोशल मीडिया में प्रसारण से पूर्व मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद स्तरीय एमसीएमसी का गठन कर दिया है। इस कमेटी में प्रचार सामग्री के प्रकाशन अथवा प्रसारण हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए जिला सूचना कार्यालय, नेहरू नगर, कम्पनी बाग, बाराबंकी में उक्त सामग्री को प्रेषित किया जा सकता है। सूचना कार्यालय का फोन नंबर 0548-222894 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस कमेटी से प्रमाण पत्र प्राप्त प्रचार सामग्री ही प्रकाशन या प्रसारण योग्य मान्य होगी।

प्रचार सामग्री के प्रकाशित या प्रसारित होने में हुए व्यय का प्रत्याशी के व्यय में शामिल किए जाने का प्रावधान है। ऑडियो, वीडियो या प्रिंट मीडिया में प्रचार सामग्री के एमसीएमसी से प्रमाण पत्र निर्गत करने के बाद परिवर्तित नहीं किया जा सकता, इस प्रकार के कृत्य को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में रखा जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### ओज कवि ओपी वर्मा ओम जी नेपाल में हुए सम्मानित

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय चिंतन परक कविताओं के प्रस्तोता ओज कवि डॉ ओ पी वर्मा ओम बाराबंकी नेपाल की धरती पर काव्य पाठ कर सम्मानित हुए। पुनः भूटान देश के फुटसोलिंग शहर में गौरवान्जलि ट्रस्ट एवं साहित्य अर्पण एक पहल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को राष्ट्रीय चिंतन परक कविताओं का काव्यपाठ कर बाराबंकी जनपद का नाम विदेश में गौरवान्वित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में सहभागिता के लिए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अमरीश अंबर, व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू, दीपक दिवाकर, सनत वर्मा अनाड़ी, सियाराम रावत सहित जनपद के साहित्यकारों द्वारा डॉ ओपी वर्मा ओम जी को हार्दिक बधाई दी गई।

### बूथ के अन्दर मोबाइल फोन नही ले जा सकते मतदाता

**बाराबंकी।** जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर की छात्रा कृत वर्मा ने बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि क्या वह बूथ के अन्दर मोबाइल फोन ले जा सकता है, तो बाराबंकी बी ने जवाब देते हुए कहा कि बिल्कुल नही, आप बूथ के अन्दर मोबाइल फोन नही ले जा सकते।

### छह लोगों पर हुई जिला बदर की कार्रवाई

जैदपुर,बाराबंकी। आगामी लोकसभा चुनाव में शान्ति व्यवस्था बनी रही इसलिये जैदपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराधियो को चिह्नित करते हुए विभिन्न मुकदमों से संबंधित 10 अभियुक्तो को 6 माह के लिये जिला बदर की कार्यवाही की गयी है।जानकारी के अनुसार आने वाले लोकसभा चुनाव को शान्तिपुर्वक निपटाने हेतु जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जा रहा है।वही आज जैदपुर पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों से सम्बंधित अशोक पुत्र कामता प्रसाद ,दशरथ पुत्र स्व छोटेलाल,पुरुषोत्तम पुत्र शिवराज, लवलेश पुत्र भारतलाल,कुशमेश पुत्र भारतलाल,धर्मेश उर्फ प्रधान पुत्र भारतलाल,भुल्लू उर्फ कन्हैया पुत्र भारतलाल,सरवन कुमार उर्फ पुतरी पुत्र रामनरेश,रामकुमार पुत्र रामनरेश निवासीगण टेरा थाना जैदपुर व राकेश वर्मा पुत्र कामता प्रसाद निवासी टेरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी द्वारा जनपद से 6 माह के लिए जिलाबदर का आदेश पारित किया गया।

### स्वीप के तहत हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में प्राचार्य डॉ गया प्रसाद दुबे की अध्यक्षता में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों व छात्र छात्राओं ने विचार व्यक्त किए। गुरुवार को बीए की छात्रा ज्योति वर्मा, रिया सिंह ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदान पर स्लोगन प्रस्तुत किया। छात्रा प्राची सिंह नन्दनी वर्मा ने कविता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ गया प्रसाद दुबे ने अपने उदबोधन में कहा कि मतदान लोक तांत्रिक प्रक्रिया की मजबूत नींव है जिस पर राष्ट्र की समृद्धि , खुशहाली एवं विकास निर्भर करता है।

# 94 आंगनबाडी केन्द्रों पर मना सास-बहू-ननद सम्मेलन



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 94 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3485 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। बाल विकास परियोजना सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। बाल विकास परियोजना निन्दूरा के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें।

प्रतिभागियों ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे। बाल विकास परियोजना देवा के आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण डे के साथ-साथ आगामी 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव में वोट डालने हेतु शपथ दिलायी गयी।

# स्कूटी रैली से दिया मतदाता जागरूकता का सन्देश

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग बाराबंकी एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ बाराबंकी द्वारा महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं विशाल स्कूटी रैली /तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सबसे पहले पांच महिला मतदाताओं को जिसमें 18 वर्ष की प्रथम मतदाता कुश्आरती, दिव्यांग मतदाता गीता यादव, वरिष्ठ मतदाता विंध्यवासिनी मिश्रा, बुजुर्ग मतदाता रामावती एवम युवा मतदाता प्रीति वर्मा को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी नवाबगंज, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सभी महिला मतदाताओं शत प्रतिशत मतदान करने के लिए और यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर और हवा में गुब्बारे उड़ा कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश देकर कार्यक्रम को गतिमान किया। तत्पश्चात जीआईसी ऑडिटोरियम से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सूखे पड़े हैंडपंप तालाब जिम्मेदार नही ले रहे सुध

**जैदपुर बाराबंकी।** जिलाधिकारी के आदेशके बावजूद आज भी क्षेत्र के तमाम हैंडपम्प व तालाब भी सूखे पड़े हैं। जिससे आम जन मानस सहित तमाम पशु पक्षियो को पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।फिर भी विभाग सहित जिम्मेदारान मौन है।बताते चले भीषण गर्मी मे आम जनता व पशु पक्षियों? को जहां एक तरफ पीने के पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।वही मौथरी ग्राम पंचायत मे लगभग आधा दर्जन पट्टा धारक तालाब के मछ्ली पालन करने वालो की लापरवाही के चलते तालाबो मे पानी न होने से पशु पक्षियो के लिये एक मुसीबत बनी है। वही क्षेत्र के भारी संख्या मे हैंडपम्प खराब होने से राहगीरों सहित आम जनता को भी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

## दंगल में पहलवानों ने लगाए दाव, दिखाई अपनी ताकत

**मोहम्मदी/अमीरनगर खीरी।** उर्स ए जाकरी खाकशारी जाकरी के मध्यम से तीन दिवसीय विराट दंगल का मोहल्ला सरैया मे आयोजन हुआ। चेयरमैन संदीप महरोत्रा और सभासदों ने पहलवानों का हाथ मिलावा कर दंगल का शुभारंभ किया। पहली कुश्ती कालू बनाम नकाब पोश,गुड्डू पहलवान गोरखपुर, बाबा बालक नाथ हनुमानगढ़, फुरकान गाजी सीतापुर, नकाब पॉश महाराष्ट्र,गोलू बनारस, नवीन हिमाचल सहित सभी ने दंगल में पहलवानों ने लगाए दाव, दिखाई अपनी ताकत। इस मौके पर इलियास अली पत्रकार, कादिर अली, मो सलमान, रियाज मिया पाल, तौसीफ अली सहित कमेटी के और भी लोग मौजूद रहे।

# बोलेरो व ई-रिक्शा की भिड़ंत, दो पर मुकदमा दर्ज

**मैगलगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

मैगलगंज हाइवे पर चपरतला टोल प्लाजा पर कटने वाले टोल टैक्स को बचाने के चक्कर में चकमार्ग से निकलते समय बोलेरो व ई रिक्शा की भिड़ंत हो गई। ई रिक्शा सवार स्थानीय लोगों ने बोलेरो सवार लोगों के साथ मारपीट करते हुए बोलेरो चालक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पसगवां सीएचसी भेजते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बुधवार शाम हरदोई जनपद के अमिरता गांव निवासी सत्यपाल अपनी बोलेरो से शाहाबाद क्षेत्र के सुजनियापुर गांव से कुछ लोगों को लेकर मैगलगंज क्षेत्र के धर्मपुर गांव आ रहा था। चपरतला टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बचाने के चक्कर में वह बोलेरो को टोल टैक्स के साइड से चकमार्ग पर होकर निकाल रहा था तभी उसी चकमार्ग पर निकाल रहे ई रिक्शा में बोलेरो टकरा गई। बोलेरो चालक मौके से निकलकर चपरतला तिराहे पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तभी ई रिक्शा सवार दो लोगों ने बोलेरो को रोककर बोलेरो चालक सत्यपाल से मारपीट करने लगे इस दौरान बीच बराव में बोलेरो सवार महिला के भी एकाध हांथ लग गए। इसी बीच बोलेरो का शीशा टूट गया। मारपीट में सत्यपाल घायल हो गया जिसे मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उपचार के लिए पसगवां सीएचसी भेजा गया।

# जंगल में लगी आग, 12 आशियाने स्वाहा

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

तहसील पलिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत कांप में जंगल से लगी आग जिसमे करीब एक दर्जन लोगों के घर जलकर हुए खाक।लाखों की नगदी समेत, सारी गृहस्थी हुई खाक,ग्रामीण अपनी जान के शिवाय घर गृहस्थी का कोई भी सामान नही बचा पाये। अनाज, चारपाई, बिस्तर, नकदी भूसा सब खाक हो गया।

ब्लॉक बिजुआ के गांव कांप में जंगल की तरफ से अचानक आग लग गई जिससे पूरे गांव में हड़कम्प मच गया, जैसे तैसे लोगो ने घर से निकल कर अपनी व अपने बच्चो सहित पशुओं की जान बचाई। ग्राम प्रधान जय प्रकाश द्वारा इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल,



अग्निशमन सहित अन्य अधिकारियों को दी गई ।जिस समय आग लगी उस समय गांव के पुरुष घर पर नही थे। ग्रामीणों ने बताया जंगल से आग लगी जिसमे गांव के करीब एक दर्जन घर जले है और लाखो का नुकसान हुआ है। आग इतनी तीव्र थी कि जान बचाना मुश्किल हो गया। बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों ने जान बचाई जिसमे कोई जन हानि नहीं हुई। राजीव के घर रखे 32 हजार रुपये नगद, शिव लाल के घर रखे 40 हजार रुपये नगद, शेर सिंह के घर में रखे 17 हजार रुपये नगद, अनिल के 11 हजार रुपये नगद, रामसागर 56 हजार रुपये नगद, सोन पाल के 40 हजार रुपये नगद, सुरेश के घर पर रखे15 हजार रुपये नगद, मकुन्द राम के 19 हजार रुपये, राजवीर के 2 हजार रुपये नगद,जसवन्त के घर रखे 8 हजार रुपये नगद व रामहेत के घर रखे 45 हजार रुपए नकद व 15 ट्राली भूसा सब जलकर खाक हो गए। इस आग में जितने भी घर जले उनके पास कुछ नहीं रह गया सभी की घर गृहस्थी दैनिक उपयोगी वस्तु जलकर खाक हो गई जिसके तन पर जो कपड़े थे वही बचे। ग्राम प्रधान ने बताया इसकी जानकारी सभी प्रसानिक अधिकारियों को दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक अग्नि शमन व कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर नहीं आई बारात

**दहेज़ लोभियों पर कार्यवाही करने से पुलिस ने किया इंकार**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

फरधान थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज़ के लोभी बारात लेकर न आने से खुशियां मातम में बदल गई। दुल्हन और उसके परिजन रात में करते रहे बारात इंतजार। दुल्हन ने जब इसकी शिकायत थाना फरधान में करनी चाही तो पुलिस ने तहरीर लेने से इनकार कर दिया। फरधान थाना क्षेत्र स्थित गनेशपुर गांव में 21 अप्रैल दिन रविवार को दूल्हा पक्ष दहेज की मांग पूरी न होने पर बारात लेकर नहीं आया। दुल्हन पक्ष ने दूल्हा पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करानी चाही। लेकिन पुलिस तहरीर लेने से इंकार कर दिया। गनेशपुर गांव निवासी रामस्वरूप ने बताया उसने होनी बेटी का रिश्ता मितौली थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर निवासी मुसाफिर के बेटे राहुल से तय किया था। छेदन, गोद भराई, तिलक समारोह की रस्म से लेकर कई अन्य रस्में हुईं। जिसमें राम स्वरुप ने दो लाख रुपये दे दिए। बारात आने के दो दिन पहले दूल्हा और उसके परिजन दहेज़ में बाइक की मांग कर रहे थे। 21 अप्रैल को दिन रविवार को हैदर नगर से बरात आनी थी। लड़के के पिता से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लड़की के पिता का आरोप है कि जिस लड़के से शादी होनी थी उसने शादी के दिन किसी अन्य लड़की के साथ शादी कर ली। पीड़ित ने जब अगले दिन 22 अप्रैल को फरधान थाने पहुंचकर रिपोर्ट रिपोर्ट दर्ज करानी चाही तो पुलिस लड़का पक्ष मितौली थाने क्षेत्र होने की बात कहकर कार्यवाही करने से इंकार करते हुए मितौली थाने भेज दिया।

**कार्यवाही कराने के लिए इधर-उधर भटक रहा लड़की पक्ष :** लड़की के पिता रामस्वरूप ने बताया शिकायत लेकर गया तो उसे मितौली भेज दिया गया। जब मितौली थाने पहुंचा तो थाना फरधान जाने को कहा। परेशान होकर उसने महिला थाना लखीमपुर में शिकायत की। तो पुलिस ने आरोपी लड़के पक्ष को थाने बुलाया लेकिन वह जब नहीं आए तो थाने ने कार्यवाही करने से पल्ला झाड लिया। पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटक रहा है। लेकिन पुलिस उसकी सुनने को तैयार नहीं है।

# डीएम ने चुनाव संबंधी तैयारियों पर विस्तार से दी जानकारी

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग से नामित 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, व्यय प्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल एवं पुलिस प्रेक्षक अनूप ए शेट्टी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में निर्वाचन से जुड़े अफसरो के संग बैठक की। प्रेक्षकगण ने अधिकारियों से चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियो की रूपरेखा के बारे में जानकारी ली। बैठक की शुरुआत में अफसरों ने अपना परिचय एवं निर्वाचन में अपनी भूमिका बताई। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम



महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीडीओ (रिटर्निंग ऑफिसर) अनिल कुमार सिंह ने चुनाव संबंधी जानकारियों को साझा किया। प्रेक्षकगण ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं, इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसलिए चुनाव कार्य से जुड़े सभी प्रभारी अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करें। इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए उनकी भी भागीदारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने में करने के निर्देश दिए। डीईओ, डीएम ने अभिनव पहल व चुनाव के संबंध में की गई विभिन्न तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1638 मतदान केंद्र हैं। 2890 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। एसपी ने बताया कि मतदान के दिन जिले में पर्याप्त पुलिस फोर्स मौजूद रहेगा। बैठक अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जो मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्रेक्षकगण की और से प्राप्त हुआ है उसका शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

## प्रेक्षक ने किया इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग से नामित 28द्दखीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा. प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी।सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा : राजनाथ

- सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपना हर वायदे को पूरा किया
- भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा



लखनऊ/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपने हर वायदे को पूरा किया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आये दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। आज कहीं पर भी आतंकवादियों को आतंकी हरकत करने की हिम्मत नहीं करती। जिस शक्ति से भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्पों को पूरा किया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर बनवाने के साथ ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कराया। इसके साथ ही तीन तलाक कानून को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं एवं परिवारों को न्याय दिलाया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिन्दुस्थान की गरीबी बढ़ती चली गयी। उन्होंने बताया कि मोदी की सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

## हम सबको सतर्क रहने की जरूरत

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सबको सतर्क रहने की जरूरत है। हमारी सनातन संस्कृति को कांग्रेस खत्म करना चाहती है। करतारपुर साहब हो या अन्य धार्मिक स्थलों को पुनरूद्धार करने का कार्य भाजपा ने किया है। भाजपा ऐसी पार्टी है वह जो कहती है वह करती है। हम लोगों ने कहा था जिस दिन संसद में हमें बहुमत मिलेगा अयोध्या में राम मंदिर बनायेंगे। आज रामलला अपनी कुटिया से निकलकर भव्य महल में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में रामराज्य का आगाज हो चुका है। रक्षामंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में हिन्दू मुस्लिम कर रही है। अरब देशों के पांच मुस्लिम देशों ने नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने हैं, प्रदेश का मान–सम्मान व गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय मिश्र टेनी, विधायक लोकेन्द्र सिंह, एमएलसी अविनाश सिंह पटेल और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे।

# मायावती ने की कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स से जुड़े बयान की निंदा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स से जुड़े बयान की कड़ी निंदा की है।



मायावती ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी सम्पत्ति पर विरासत टैक्स की सोच सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने की साजिश है। कांग्रेस द्वारा उसकी पैरवी गरीबों की भलाई का कम व राजनीति से प्रेरित गरीबी हटाओ की चर्चित विफलता पर लोगों का ध्यान बांटने का चुनावी प्रयास ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत में सम्पत्ति एवं सरकारी भूमि वितरण आदि से जुड़े मामलों में दलितों व वंचितों के लिए न्याय का सवाल है तो इनकी सरकारों की सही नीयत के अभाव के कारण यहां गरीबी, पिछड़ापन, पलायन की विवशता दूर नहीं हो पाई। कांग्रेस को उसकी ऐसी दाग़दार विरासत से मुक्ति मुश्किल है। उल्लेखनीय है कि पित्रोदा ने शिकागो में अपने हालिया बयान में विरासत टैक्स की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। इ

फर्ज कीजिए, अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति बच्चों को दी जाती है और 55 फीसदी सरकार के पास जाती है। इसका सीधा मतलब है जो संपत्ति आपने अपने जीते-जी बनाई, उसकी आधी मरने के बाद जनता के लिए छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत रोचक कानून है। वहीं भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री से मिले यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के रहने वाले आदित्य श्रीवास्तव ने देश की प्रतिष्ठित एवं मुश्किल परीक्षाओं में सम्मिलित यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया रैंक–1 हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया है।नौकरी के साथ यूपीएससी की तैयारी की तथा सफलता हासिल की। उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार का मान बढ़ा है बल्कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की ।लखनऊ के यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। इस अवसर पर आदित्य के भाई अकुल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने आदित्य को हमेशा ईमानदारी के पथ पर चलने के लिए कहा तथा यूपीएससी परीक्षा में टॉप करने के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट श्एक्सश् के जरिए मुलाकात की खबर दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा–2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आदित्यश्रीवास्तव एवं उनके भाई अकुल श्रीवास्तव ने आज लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आप लोक सेवा के सुपथ पर लगातार चलते रहें। हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,19,60,820 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 72,91,187 तथा निजी स्थानों से 46,69,633 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,97,442, पोस्टर के 33,77,707, बैनर के 20,55,562 एवं अन्य 10,60,476 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,31,465, पोस्टर के 21,46,261 बैनर के 11,52,576 एवं अन्य 7,39,331 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 95 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 101 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जॉच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 24 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4561 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,48,129 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें 20,95,291 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7724 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7856 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 418 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3231 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 148 केन्द्रों को सीज किया गया। 24 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 08 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत 34,125 लोगों को पाबन्द किया गया। 74 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 103 कारतूस व 07 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 78 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

### विभूतिखंड हैवल्स की बिल्डिंग में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र स्थित हैवेल्स की बिल्डिंग में भीषण आग लग गई है जिसको बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर मौजूद है। 4 घंटे की लंबी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। हैवेल्स की यह बिल्डिंग विभूति खंड थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभूति खंड मार्केट के पास मौजूद है। विभूतखंड थाना क्षेत्र स्थित चार मंजिल बिल्डिंग में भीषण आग लग गई आग के लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लगा है। आग बुझाने पहुंची दमकल की चार गाड़ियां व कर्मचारी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं आग बुझाने के दौरान एक फायर विभाग का एक कर्मचारी घायल भी हुआ है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सुबह हैवेल्स की बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घटना के बाद कुछ लोग बिल्डिंग में फंसे थे जिन्हें बाहर निकल गया है। विभाग पूरी शक्ति के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। बचाव कार्य के दौरान फायर विभाग के कर्मचारी लक्ष्मी नारायण यादव की हालत बिगड़ी है। हैवेल्स की बिल्डिंग में आग से बचाव के लिए लगाए जाने वाले फायर उपकरण नहीं मिले हैं जिसके चलते बचाव कार्य में फायर विभाग को समस्या हो रही है।

# भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है : ब्रजेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- मैनपुरी सहित उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा प्रत्याशी विजयी होंगे



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के अंदर हार का डर समा गया है। इसके लिए अखिलेश यादव बार बार अपने उम्मीदवार बदल रहे हैं।

लखनऊ में अपने आवास से उन्नाव निकलते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव कितने भी टिकट बदल लें, भाजपा के प्रत्याशियों की जीत होनी सुनिश्चित है। कन्नौज, मैनपुरी सहित उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा प्रत्याशी विजयी होगें।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी को इस बार एक भी सीटें नहीं मिलने वाली है। अखिलेश यादव जीत के लिए तरस जायेंगे। बदायूं सीट पर अखिलेश यादव ने तीन बार प्रत्याशी बदले तो उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव भी चुनाव मैदान से बाहर होने में ही भलाई समझें।

## अपर्णा यादव ने की पीएम मोदी की तारीफ



भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से नामांकन भरने पर कहा कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीताने का मन बना चुके हैं। जहां तक समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन की बात है तो इनके बड़े नेताओं ने अब चुनावी मैदान में उतरने का तय किया है क्योंकि उन्हें पीएम मोदी से डर हैं इसलिए वे अपने बड़े नेताओं को मैदान में उतार रहे हैं। इसके साथ ही ही उन्होंने ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने बहुत सारी सीटों को सुरक्षित बनाया लेकिन उन सीटों पर भी भाजपा ने अपनी मेहनत से कमल खिलाया है। इंडिया गठबंधन के लोगों ने तय किया है कि पीएम मोदी का मुकाबला करने के लिए इनके शीर्ष नेतृत्व को उतरना पड़ेगा, इसी के तहत उन्होंने (अखिलेश यादव) अपना नामांकन दाखिल किया है। इसके साथ अपर्णा ने पीएम मोदी की तारीफ की।

## मुख्यमंत्री योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को नमन किया



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस दौरान योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को याद किया। सीएम योगी ने लिखा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन।




## लखनऊ मेट्रो की अनूठी पहल, विजेताओं को मिली पुस्तकें

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मेट्रो ने नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ मिल कर रीड योर वे थीम पर चलती मेट्रो ट्रेन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से शुरु हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने मेट्रो यात्रियों को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के बारे में जागरुक किया। प्रतियोगिता में पूछे सवालों का मेट्रो यात्रियों ने उत्साह के साथ जवाब दिया एवं विजेताओं को नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफसे किताबें पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई। लखनऊ मेट्रो के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश का एक मात्र पुस्तक प्रोन्नयन केंद्र स्थित है। यहां मौजूद बुक स्टोर में आत्मजीवनी, इतिहास, काल्पनिक–गैर काल्पनिक, विज्ञान एवं तकनीकी, कला एवं संस्कृति के साथ–साथ बच्चों एवं युवाओं के लिए ढेरों रोचक पुस्तकें उपलब्ध हैं। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो हमेशा ऐसे आयोजन करता है जो न केवल मनोरंजक हैं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। आज की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हमारे युवाओं में पुस्तक पढ़ने की आदतें विकसित करने का हमारा प्रयास हैं।

# सिविल जज के बेटे ने की आत्महत्या

- आईआईटी जेईई परीक्षा परिणाम से था परेशान



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ में हजरतगंज थाना क्षेत्र के बटलर पैलेस कॉलोनी में रहने वाले स्पेशल जज (एनआईए) विवेकानंद त्रिपाठी के नाबालिग पुत्र अजितेश त्रिपाठी ने आवास पर ही परदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

वीआईपी मूवमेंट वाली बटलर पैलेस कालोनी में स्पेशल जज के आवास पर हुई घटना की जानकारी मिलने पर हजरतगंज थाने की पुलिस सक्रिय हुई। डालीबाग चौकी इंचार्ज रामेश्वर यादव के मौके पर पहुंचने पर परिजन ने उन्हें बताया कि अजितेश त्रिपाठी की उम्र 17 वर्ष थी। जेईई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने से वह परेशान था। जिसके कारण यह घटना हुई। घटना के बाद स्पेशल जज विवेकानंद त्रिपाठी ने शव को पुलिस को देने से इंकार कर दिया। जिसके कारण पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं हो सकी। स्पेशल जज अपने पुत्र के शव को लेकर मूल स्थान अयोध्या के लिए रवाना हो गये। बटलर पैलेस के निवासियों की मानें तो अजितेश पढ़ने में बहुत अच्छा था और खुशमिजाज लड़का था।

# अपराध मुक्त प्रदेश होने कारण संरक्षण देने वालों में बौखलाहट : स्वाती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया
- शिक्षा हो या अर्थव्यवस्था दोनों ही रोज नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं



जो व्यक्ति खुद अपराधियों को संरक्षण देता हो, उसको टिकट देकर उसके प्रचार में कसीदे गढ़ता है। उसमें आज अपराध मुक्त प्रदेश होने पर बौखलाहट बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब जानती है। इस चुनाव में उसके खाते भी नहीं खुलने वाले हैं।

यही नहीं एक पार्टी तो सत्ता में रहने के बावजूद आज शून्य पर पहुंच चुकी है। पार्टी प्रमुख महिला होते हुए भी वहां एक भी महिला का सम्मान नहीं हुआ और वे आज भाजपा को नसीहत दे रही हैं। ये बातें भाजपा नेत्री और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहीं। बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती द्वारा अलीगढ़ में मंगलवार को दिये गये बयान का जवाब दे रही थीं। अखिलेश यादव ने एक जनसभा में कहा था, 'बीजेपी वालों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना दिया है।' वहीं मायावती ने कहा था, 'गारंटीबाजी व जुमलेबाजी भाजपा के का नहीं आयेगी।' स्वाती सिंह ने बिना नाम लिये कहा कि विपक्ष की बौखलाहट बोल रही है। इस बार इकाई अंक से ऊपर विपक्ष के किसी भी राजनीतिक दल को सीट नहीं मिलने जा रही है। पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत विकास यात्रा में अपना योगदान देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जिसने पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार किया हो, उसमें बौखलाहट होना स्वाभाविक है। आज जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो सभी भ्रष्टाचारी मिलकर गठबंधन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि वे भी आज नहीं तो कल जेल जाएंगे। वे खुद जानते हैं कि भ्रष्टाचार तो उन्होंने भी किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण देश का सिर ऊंचा हो गया है। पूरा विश्व भारत की सराहना कर रहा है। शिक्षा हो या अर्थव्यवस्था दोनों ही रोज नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मिशन भरोसा कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों के संचालन के लिए मिशन भरोसा कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल में किया गया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार सिंह, एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडे, आरटीओ, विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि मिशन भरोसा प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी लखनऊ की बेहतरीन और उत्कृष्ट पहल है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को संवेदनशील सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत होती है और मिशन भरोसा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित कर अविभावकों का भरोसा बढ़ाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत समय समय पर चालकों की ड्राइविंग रिफ्रेशर ट्रेनिंग और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया जायेगा। इसमें जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, आरटीओ, पुलिस, सीएमओ सभी विभागों के आपसी समन्वय से सभी स्कूली चालक परिचालक और स्कूली वाहनों को बच्चों के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जायेगा। मंडलायुक्त ने कहा कि मिशन से अभिभावकों को ये भरोसा मिलेगा कि उनके बच्चे के स्कूली वाहन के चालक सक्षम और सुरक्षित चालक है। जो 18 साल की उम्र से ऊपर हैं, उचित ड्राइविंग लाइसेंस से लैस हैं और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्षम हो।

## नौ मई से शुरू होंगी हज यात्रियों की उड़ानें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हज हेतु लखनऊ उड़ान स्थल के हज यात्रियों की उड़ानें 09 मई से आरम्भ होंगी। यह उड़ान 24 मई तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ान स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं समयन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट कैसरबाग लखनऊ में आज डीएम लखनऊ सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलिस, नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सऊदी एयरलाइंस, कस्टम, इमीग्रेशन, सीआईएसएफफायर सर्विस, जल निगम, वक्फविकास निगम, उर्दू अकादमी, सूडा व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में हज यात्रियों को उड़ान स्थल पर उच्च कोटि की सुविधाएं दिये जाने हेतु विचार व्यक्त किये गये।

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा को जिताना है : कौशल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा सरोजनीनगर में लखनऊ पब्लिक स्कूल आशियाना में भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ जिसमं भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, मुख्य वक्ता भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा लखनऊ के जिला प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी आदि भाजपा के नेता उपस्थित रहे। बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक ने सभी वर्ग सभी समाज के वर्ग के कल्याण, गरीब कल्याण के लिए, विकसित भारत और भारत को विश्व का सुपर पावर बनाने के लिए सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने उत्साह के साथ 20 मई को एकतरफा भाजपा में वोट कराने और अपने अपने बूथ को भारी वोटों से जिताते हुए फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। लगातार टोली बनाकर प्रचार करना है और हर बूथ में कमल खिलाने की अपील कौशल किशोर द्वारा की गई।

उपलब्धि

## जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के होनहार

# लखनऊ के 19 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 व उससे अधिक परसेंटाइल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने लखनऊ से अपने 19 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सत्यांश गुप्ता ने 99.93 परसेंटाइल, सूरज कुमार ने 99.92, उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.89, आयुष बरनवाल ने 99.89, नवीन कुमार ने 99.83, क्षितिज नारायण ने 99.76 (केमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल) परसेंटाइल हासिल किए। साथ ही अन्य 13 स्टूडेंट्स ने 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।



स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि हम आकाश के विशेषज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। जेईई (मेन्स) छात्रों को अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान करने के लिए दो सत्रों में संरचित है। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में प्रवेश की सुविधा देता है, जेईई मेन भारत भर में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र–सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। जेईई मेन में भागीदारी जेईई एडवांस्ड में प्रदर्शित होने के लिए एक शर्त है। आकाश बायजूस हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी–जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर–आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व–पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना है।

# न्यूक्लियर पावर नेट जीरो में बड़ी भूमिका निभा सकता है : डॉ. जगताप

- रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



देश में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने एवं इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी आई एन एसए, मुंबई द्वारा लखनऊ में पहली बार वियार्थियों के लिए देश के वरिष्ठ एवं विशिस्ट परमाणु वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु वीरवार को सेक्टर- 14 इन्दिरा नगर एवं सेक्टर- 06 विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आई एन एसए के अध्यक्ष एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र बी ए आर सी मुंबई से सेवानिवृत देश के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ. बी एन जगताप ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बोला कि परमाणु ऊर्जा में काफी क्षमता है और इस से स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित तरीके से बिजली का उत्पादन करके कार्बन का उत्सर्जन कम किया जा सकता है और वर्ष 2070 तक भारत नेट-जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल कर सकता है। इसके साथ ही उन्होने भारत में न्यूक्लियर साइन्स एवं टेक्नालजी के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि के बारे में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत करवाया।

# चुनाव की तैयारी को लेकर एसपी ने की बैठक

**बैरियर पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के दिए निर्देश**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले में चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के साथ अभी तक की गई तैयारी की समीक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अधिकारियों व थाना प्रभारी के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि अंतर्जनपदीय बैरियरों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से निरंतर चेकिंग करने के साथ पुलिस बल के साथ प्रतिदिन पैदल गश्त की जाए। जिससे अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों के ऊपर निगरानी रखी जाए तथा उन्हें चिन्हित कर उन पर प्रभावी विधिक कार्रवाई कर चुनाव प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव ड्यूटी में बाहर से आने वाले पुलिस बल के जवानों के रुकने के स्थान पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए विद्यालयों /स्थानों पर पर्याप्त कमरों की उपलब्धता शौचालय, स्नानागार ,व उनकी बेहतर साफ सफाई के अतिरिक्त बिजली, पीने का पानी ,पंखे, कूलर, ब्लोअर, चार्जिंग पॉइंट, बाल्टी ,मग, दरी, गद्दा तथा विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर तथा प्रत्येक स्थान पर बिजली मिस्त्री प्लंबर होमगार्ड के खाना बनाने के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने की बात कही।

निर्वाचन के दौरान मादक पदार्थों अवैध शराब, अवैध कैश को लेकर चेकिंग को सक्रिय कर अधिक से अधिक बरामदगी करने के निर्देश देने के साथ लाइसेंस धारक शस्त्र जमा करने व ऐसे प्रत्येक व्यक्ति जो पूर्व में किसी न किसी विवाद में संलिप्त रहे वह उनके विरुद्ध निर्धारात्मक कार्रवाई की गई है उनका निश्चित रूप से शस्त्र जमा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी समेत जिले के सभी थाना प्रभारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# घड़ी बजने के साथ ही शहरवासी सुनेंगे घंटे की आवाज

**नगर पालिका ने शुरू कराया घंटाघर पार्क का सौंदर्यीकरण**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

**घड़ी चलने के साथ बजेगा घंटा** घंटाघर में अंग्रेजों के जमाने का घड़ी लगा हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि घड़ी को सही करवाने के लिए विक्टोरिया कम्पनी के कर्मचारी आए हैं। जिनके द्वारा सही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घड़ी चलने के साथ ही घंटा बजेगा। इससे शहर के लोगों को समय की जानकारी हो सकेगी।

**फसाड लाइट बढ़ाएगी शोभा** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और पालिका प्रशासन की ओर से घंटाघर पार्क का सौंदर्यीकरण करवाया जा रहा है। जिसमें बाउंड्री वॉल निर्माण से लेकर अन्य कार्य शामिल हैं। फसाड लाइट इसकी और शोभा बढ़ाएंगे।

बीच शहर में स्थित ऐतिहासिक घंटाघर के दिन बहुरने लगे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से घंटाघर का सौंदर्य करण करवाया जा रहा है। ऐसे में 10 साल से बंद पड़े घंटाघर की घड़ी के आवाज करते ही घंटा बजने लगेगी शहर वासियों की नींद खुल जाएगी। इसके अलावा अन्य कार्य शुरू करवा दिए गए हैं। शहर के मोहल्ला चौक बाजार में घंटाघर स्थित है।आजादी की आवाज घंटाघर से ही बुलंद होती थी। यहां पर कई पुराने नेताओं का कार्यक्रम भी लग चुका है। लेकिन पुराने और ऐतिहासिक घंटाघर की स्थिति काफी खराब हो गई। इसको देखते हुए नगर पालिका की अध्यक्ष सुधा देवी ने अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह की ओर से प्रशासन को प्रस्ताव बनाकर भेजवाया था। जिसे चुनाव से पहले ही मंजूरी मिल गई थी। उस पर कार्य भी शुरू हो गया है।नगर पालिका की अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि घंटाघर पार्क का सौंदर्यीकरण के साथ घड़ी को सही कराया जा रहा है। पूरे परिसर को आधुनिक प्रकाश से सजाया जाएगा। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि घंटाघर के पुनर्निर्माण से शहर के लोगों को बेहतर पार्क की सुविधा भी मिल सकेगी। घंटाघर में हो रहे निर्माण का बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने जायजा लिया। उन्होंने काम में लगे लोगों से वार्ता कर बेहतर कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लगभग 50 साल से घंटाघर का कार्य नहीं हो रहा था, जिसे उनके द्वारा शुरू कराया गया है।

# 5 विद्यार्थी एनएमएमएस परीक्षा में चयनित, मिलेंगे 1000 रुपए

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** इटियाथोक ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बरईपारा के पांच बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एनएमएमएस 2024 में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के होनहार छात्र अर्पित पांडे ने 21वीं रैंक, आशीष कुमार ने 23 वीं, सौरभ पांडे ने 26 वीं, शिवसेना यादव ने 41 वीं साधना विश्वकर्मा ने 51 वीं रैंक के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विदित हो की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को 9 वीं से 12वीं कक्षा तक तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जाती है जिससे की इनकी शिक्षा में आर्थिक बाधा न आए। आपको बता दें इससे पूर्व भी राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा में ब्लॉक मे 6 बच्चों का चयन देकर कंपोजिट विद्यालय बरईपारा ने आश्चर्यचकित कर दिया था।

# जीएसटी बिल मांगना पड़ा भारी, दुकानदार ने की अभद्रता

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

जहां सरकार एक तरफ ग्राहक को लाभ दिलाने के साथ साथ सभी करदाताओं को टैक्स भरने के लिए तरह तरह के शिकंजे कसने के दावे कर रही है तो वहीं दुकानदार अपना कर बचाने के लिए सरकार के आदेशों व नियम कायदे को दरकिनार करते हुए ग्राहक को नियमानुसार जीएसटी बिल (पक्की कैशमेमो) ना देकर टैक्स चोरी कर मनमानी करने से बाज नही आ रहे हैं। जहाँ दुकानदार ने आग बबूला होकर ग्राहक के साथ अभद्रता करते हुए दुकान से चले जाने को कहा। पीड़ित ग्राहक ने इसकी शिकायत थाना कर्नलगंज सहित अन्य उच्चाधिकारियों से की है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कस्बे में घंटाघर चौक पर फैंसी रेडिमेड स्टोर की दुकान है। जहाँ एक औरत कपड़ा लेने दुकान पर गई थी। वहाँ उसने कपड़े की खरीददारी करने पर जीएसटी बिल की मांग की तो दुकानदार रेडिमेड स्टोर के मालिक आग बबूला हो गए और औरत को उल्टा सीधा कहने में तनिक भी देर नहीं लगाई।

**फैंसी रेडिमेड स्टोर के मालिक के बोल:** फैंसी रेडिमेड स्टोर के मालिक से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कस्टमर को बिल नही दी जाती है,लेकिन हमारा अकाउंटेंट शाम को बैठकर बिल बना देता है वही बिल हम आगे लगाकर अपना जीएसटी कार्यालय में जीएसटी भरते हैं। किसी अकाउंटेंट के न होने के कारण हम पूरा दिन बिल नही कटवा रहे है।

# मन की बात बोलती पेटिका बनी समस्या समाधान का साधन

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़







गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में एक नई परम्परा की शुरुआत की गई। जिसके अंतर्गत प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती द्वारा मन की बात बोलती पेटिका का उद्घाटन किया गया।

इस पेटिका का निर्माण शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया के देख-रेख व मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षक से इस पेटिका के उद्देश्य के बारे में जब पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि अमूमन ज्यादातर बच्चे अपने दिल व मन की बात को कहने से झिझकते हैं। बस इसी समस्या के निदान हेतु हमारे दिमाग में ये विचार आया कि ऐसी पेटिका का निर्माण किया जाए जिसमें बच्चे अपने मन की बात को लिखकर डाल सकें। बच्चों को ये हिदायत दी गई थी कि किसी बच्चे को पत्र में अपना नाम या क्लास का उल्लेख नहीं किया जाना है।जिससे उनकी गोपनीयता बनी रहे। बच्चों को जब यह जानकारी हुई तो वे बहुत खुश हुए। शिक्षिका शताब्दी वर्मा द्वारा बताया गया कि बोलती पेटिका बहुत उपयोगी है। इससे बच्चों में कल्पना शक्ति के विकास के साथ ही वाक्य बनाने में भी सहायक है। शिक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के मन की बात को जब हम पढ़ते हैं तो हम सब को यह पता चलता है कि हमें कहां और किस क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। पेटिका में लगभग सभी बच्चों ने अपने विचार लिख के डाले। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में शिक्षक सुरेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, अनुराधा मिश्रा, पूनम यादव, अमर ज्योति, चित्रावती मौर्य व बच्चों में साकिरा बानो, पूनम,राज बाबू, संगीता, अर्चना, रुमा, ताज मोहम्मद, उन्नति, माधुरी, अंकित, अंजलि, भूमिका, अनुराग, सूरज,रोशनी, अजय, करन, अनामिका आदि बच्चों का महत्वपूर्ण रोल रहा।

# राष्ट्र रक्षण में प्रभु श्री राम स्वीकारा वनवास : आचार्य बलूनी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल कुन्दरखी में चल रहे छः दिवसीय स्थापत्य एवं ज्ञान यज्ञ के आज चौथे दिन कथा वाचक आचार्य सुशील बलूनी ने श्रोताओं से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की बात कही।

आचार्य जी ने कहा कि अधिकार से पूर्व कर्तव्यों का निर्वहन बहुत ही जरुरी है। उदाहरण दिया कि राम के चरित्र हमे राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण सिखाता है। यदि भगवन श्री राम राष्ट्र रक्षण के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार कर सकते हैं तो क्या मैं और आप मतदान जैसे छोटे से कर्तव्य का निर्वहन क्यों नहीं कर सकते हैं।यदि हम सजग होकर अपने जनप्रतिनिधित्व को चुनने के लिए अनिवार्य रूप से मत प्रयोग नहीं करते तो ये भी अपराध है। जिसकी सजा हमे अगले पांच वर्ष के लिए भुगतनी होती है। आचार्य बलूनी जी ने विस्तार पूर्वक नव ग्रहों, उनसे जुड़े अंकों, देवों तथा ज्योतिष के मर्म को विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया की ये विषय मात्र भविष्य को बताने का नहीं अपितु काल गणना व भविष्य निर्माण का भी है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति के नाम का महत्व, उसके अंक और अंक से जुड़े ग्रह उसको किस प्रकार प्रभावित करते हैं।

# तीन साल में 1.38 लाख नमूनों की जांच में मिले 22 मलेरिया के रोगी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




मलेरिया रोग संक्रमित मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से होती है। मच्छर काटने के 13 दिन बाद इसके लक्षण आते हैं। सही समय से जांच व इलाज से यह बीमारी महज तीन दिन में ठीक हो जाती है। लेकिन यह बीमारी पहले से अधिक घातक हो गयी है इस बीमारी से दिमाग में सूजन व गुर्दे खराब होने लगे हैं। इसके लिए मलेरिया की नई दवाएं उपलब्ध हैं। सही समय पर दवा सेवन से यह तीन दिन में ठीक हो जाता है इलाज में देरी और लापरवाही से यह गंभीर भी हो सकता है। यह बातें सीएमओ सभागार में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ संतोष राणा ने कही। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 से अप्रैल 2023 तक 1.38 नमूनों की जांच में महज 22 मलेरिया के रोगी चिन्हित किए गए सही समय से इलाज से सभी स्वस्थ हो गए कोई भी जन हानि नहीं हुई। जिला मलेरिया अधिकारी प्रेम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि प्लाज्मोडियम फैल्सीफोरम और प्लाज्मोडियम वाईबैक्स दो प्रकार का मलेरिया होता है। इसमें प्लाज्मोडियम फैल्सीफोरम ज्यादा घातक होता है । जबकि जनपद सहित आस पास के जिलों में प्लाज्मोडियम वाईबैक्स पाया जाता है जो कम घातक होता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से प्लाज्मोडियम वाईबैक्स भी फैल्सीफोरम की तरह घातक हो गया है। इसमें दिमाग में सूजन व गुर्दे खराब होने लगे हैं। लेकिन सही समय पर जांच व इलाज से यह तीन दिन में ठीक हो जाता है । जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 25 अप्रैल की विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के दिवस की थीम अधिक न्यायोचित विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना। रखी है। उन्होंने बताया मलेरिया के मच्छर साफ ठहरे हुए पानी में पनपते हैं । यह मच्छर सुबह और शाम को काटते हैं । इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ संजय सोलंकी, डॉ पीके बांदिल , एएमओ आरसी यादव , मलेरिया इंस्पेक्टर अंकुर सिंह, सतीश कुमार, विजय मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**ये बरते सावधानी:** कूलर , पानी की टंकी , फ्रिज के पीछे जमा पानी की सफाई रखना पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना, आस पास जलभराव न होने देना। मलेरिया के लक्षण: चार से आठ घंटे के चक्र में तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, खांसी आना, मांसपेशियों में दर्द होना, छाती व पेट में दर्द, शरीर में ऐंठन होना, मल के साथ रक्त आना, पसीना आना और उल्टी आना, लक्षण दिखते ही डाक्टर से संपर्क करें।

# प्राइवेट अस्पताल में आपरेशन करने वाले डॉक्टर का हॉस्पिटल सीज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




शहर के अस्पताल में सीएचसी में तैनात बाल रोग और एनेस्थिसिया के डॉक्टर ने एक मरीज का आपरेशन कर दिया था। इन्फेक्शन के चलते उसकी मौत हो गई। लाइसेंस निरस्त करते हुए सीज कर दिया गया है। इसके बाद एके हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है।शहर के डिगिहा मोहल्ले में एके हॉस्पिटल का संचालन होता है। यहां पर एक 60 वर्षीय मरीज का आपरेशन सीएचसी में तैनात डॉक्टर अतुल मिश्रा ने किया। सर्जन का काम बाल रोग विशेषज्ञ ने देखा। जिससे मरीज की हालत गंभीर हो गई। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार शाम को वृद्ध मरीज की मौत हो गई थी। जिस पर परिवार के लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया था। दरगाह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को एके हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। जबकि बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, सीएमओ डॉ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ, स्वास्थ्य सूचना शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार की मौजूदगी में अस्पताल को सीज कर दिया गया है। इससे अन्य अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

**दो दिन में मिल गया था लाइसेंस**

**डिगिहा मोहल्ले में संचालित एके हॉस्पिटल का लाइसेंस एक वर्ष पूर्व भी निलंबित कर दिया गया था। लेकिन दूसरे के नाम से तत्कालीन सीएमओ डॉ एसके सिंह ने लाइसेंस दे दिए था। इसी तरह आयुष्मान कार्ड इलाज के लिए हिन्दुस्तान और एके हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त हुआ था। लेकिन अब दोबारा पुनः आयुषमान कार्ड से इलाज किया जा रहा है।**

# भैंस ने मासूम को रौंदकर उतारा मौत के घाट

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के लौकिहा गांव निवासी चार वर्षीय बालक के पेट में भैंस ने पैर रखकर मसल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी कंधई बुधवार शाम को भैंस को स्नान करवा रहे थे। जबकि पड़ोसी मनमोहन की पत्नी चार वर्षीय बेटे को लेकर तालाब के निकट मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान कंधई ने अपनी भैंस छोड़ दी। भैंस ने चार वर्षीय बेटे रितेश ने पेट में पैर रख कर रौंद डाला। पेट बालक का फट गया। कुछ ही देर में बालक की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि बालक की मौत भैंस के हमले में हुई है। वहीं मृतक के पिता मनमोहन का कहना है कि जान बूझकर भैंस को छोड़ दिया था। जिसके चलते भैंस ने बालक को रौंद दिया और उसकी मौत हो गई।

# पत्नी मायके गई तो पति ने जहर खाकर दी जान

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



कोतवाली देहात क्षेत्र के मसीहाबाद गांव निवासी एक महिला अपने इकलौते भाई की शादी समारोह में शामिल होने के लिए मायके चली गई। इससे नाराज पति ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के मसीहाबाद गांव निवासी सुरेश कुमार (25) का विवाह क्षेत्र के असरौरा गांव निवासी सुनीता के साथ हुई थी। पति और पत्नी हंसी खुशी रहते थे। सुरेश कुमार की ससुराल में साले की शादी तय हुई। जिस पर पत्नी ने चलने की बात कही। सुरेश ने इससे इंकार कर दिया। पत्नी सुनीता ने अकेले भाई की शादी में चलने की जिद की। पति के न जाने पर सुनीता अपने मायके चली गई। बुधवार को सुरेश अपने घर पर अकेला था।

उसने पत्नी के उठाए कदम से नाराज होकर जहर खाकर जान दे दी। सूचना पर पत्नी मायके से ससुराल रोते बिलखते पहुंची। पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पत्नी से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर युवक ने आत्महत्या की है।

# सामान्य प्रेक्षक ने डीएम संग गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

**स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का लिया जायज़ा**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रेक्षक ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

**पुलिस प्रेक्षक ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम तथा गल्लामण्डी परिसर का किया निरीक्षण**

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेते हुए सुरक्षा के लिए किये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# स्कूल के लिए निकला छात्र लापता पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के कैसरगंज क्षेत्र निवासी छात्र बाइक से राम नगर बाराबंकी पढ़ने के लिए बाइक से गया था। तीन दिन पहले गए छात्र का पता नहीं चल रहा है। बाइक भी लापता है, मोबाइल भी बंद चल रहा है।

इससे परिवार के लोग अनहोनी को लेकर आशंकित है।कैसरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम डढैला निवासी प्रीती सिंह ने कैसरगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र ओम शिव सिंह सोमवार सुबह करीब आठ बजे पल्सर बाइक से भगवानदत्त सर्वेश्वर महाविद्यालय रामनगर बाराबंकी गया था।देर शाम तक उसके घर वापस न आने पर परिजनों ने छात्र की तलाश शुरू कर दी। स्कूल में भी छात्र का कुछ पता नही चला। छात्र की पल्सर बाइक नही मिली और उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है।कैसरगंज पुलिस ने तीन दिन बाद भी छात्र के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज नही की है, जिससे परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। प्रकरण में कैसरगंज पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह से बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# टिकट वितरण में हो रही देरी से हॉट सीट बनी कैसरगंज लोकसभा: बृजभूषण शरण सिंह

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज



लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत गुरुवार को रसिक बिहारी महाविद्यालय विशेश्वरगंज के बैठक हॉल भाजपा चुनाव प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय द्वारा बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि व संभावित भाजपा प्रत्याशी कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि भाजपा ने अपनी पहली सूची दो मार्च को घोषित की इस प्रकार हम लोग 53 दिन पीछे हो गए है। कम समय में अधिक कार्य करना होगा। बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख को सक्रिय रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि टिकट में हो रही देरी ने कैसरगंज को लोकसभा की हॉट सीट बना दिया है। बैठक में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी,अरुण वीर सिंह,विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी,पूर्व ब्लाक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक,मंडल अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल,त्रिलोकी चौबे,दीपक सत्या,जिला मंत्री हेमा निगम,उमाशंकर तिवारी पांडेय,राहुल शुक्ला,संजीव तिवारी,मोहनचंद पांडेय,मनोज शुक्ल,अरविंद मिश्र,पी डी सिंह,सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया मटेरा क्षेत्र का भ्रमण

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत रिसिया मोड़ पर एस.एस.टी. बैरियर व फ्लाईंग स्क्वायड टीम का निरीक्षण किया। यहां पर एसएस टीम के मुखिया शैलेश कुमार वरूण व एफ.एस. टीम के मुखिया कर्मवीर से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त व्यय प्रेक्षक ने मटेरा मोड़ एसएस टीम के मुखिया राजमल से वाहनों की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने थाना नवाबगंज अन्तर्गत शंकरपुर नवाबगंज रोड पर एफएसटी के मुखिया पंकज वर्मा तथा थाना नवाबगंज के निकट एफएसटी के मुखिया रविन्द्र कुमार यादव वाहनों की जांच के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात व्यय प्रेक्षक ने थाना नवाबगंज अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बार्डर आउट पोस्ट समतलिया के निकट स्थित एसएसटी बैरियर के मुखिया पुष्पेन्द्र कुमार व उप निरीक्षक दिनेश कुमार कुशवाहा से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम में चमके परिषदीय विद्यालयों के छात्र

**छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले से 172 छात्र चयनित, पढ़ाई के लिए 4 साल में मिलेंगे 48 हजार**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। इसमें जनपद ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस बार 175 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तरह ही परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का दबदबा कायम रहा। जिला बहराइच में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित नोडल शिक्षक आंचल श्रीवास्तव व पूरन लाल चौधरी ने परिणाम के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार की ओर से कक्षा नौ से बारहवीं तक अध्ययन करने पर हर साल 12000 हजार प्रति वर्ष छात्रवृति दी जाती है। तरह से इस चार साल में विद्यार्थी को छात्रवृत्ति के 48 हजार मिलेंगे।

घोषित परिणाम में अधिकांश बच्चे परिषदीय स्कूलों के हैं। जनपद में इसके लिए लगभग 1100 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। करीब 950 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इस योजना के तहत जनपद हेतु निर्धारित कोटा 172 छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

# मरीज बाजार से खरीद रहे दवा, जिम्मेदारों ने जलायी दवाईयां

## डीएम के हस्तक्षेप के बाद दवाइयां हुई सील, सीएमओ बोले जांच कराकर दोषी के विरूद्ध करेंगे कार्रवाई

**लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश में दवाइयों के अभाव में लाखों मरीजों की मौत हो जाती है. वहीं सरकार उनको दवाएं मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयत्न करती है. अरबों कीमत की दवाएं खरीदकर उन्हें अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचाती है, लेकिन जिनके कंधों पर इन दवाइयों के वितरण की जिम्मेदारी है. उनकी लापरवाही के कारण ये दवाएं जरूरतमंदों को नहीं मिलती. जब कभी इन दवाइयों की खोज की जाती है तो आनन-फानन इन दवाइयों को आग के हवाले कर दिया जाता है।



आपको बता दें कि जनपद के सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली दवाई मरीजों को नहीं दी जाती है, बल्कि डॉक्टरों के द्वारा बाहर मेडिकल स्टोर से मंगवाई जाती है। वहीं, अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा दवाई जलाई जा रही है। दरअसल, जनपद के लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हजारों रुपयों की कीमती दवाओं को आग के हवाले कर दिया गया। आग के ढेर में दवाइयों के सैकड़ों रैपर जलते हुए नजर आ रहे हैं।

**देर रात दवाइयों में लगाई आग:** जनपद में बीते कुछ दिन पहले ही लाखों की कीमती दवाइयां जलाए जाने के बाद डॉक्टर सहित कई लोगों के ऊपर कार्रवाई हुई थी। लेकिन, जिम्मेदार उसके बावजूद सुधरते नहीं दिख रहे हैं। बुधवार रात करीब 11:00 बजे लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे दवाई जलाने के मामले में किसी ने किसान नेता रमेश सिंह को सूचना दी।

सूचना मिलते ही रमेश सिंह पत्रकारों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होने दवाइयों को बुझाया। उन्होने इस बात की सूचना सीएमओ वीरेंद्र सिहं को दी, लेकिन उन्होने यह कहकर किनारा कर लिया कि ये दवाइयां उनके यहां की नहीं है।

**डीएम के आदेश सील की गई दवाएं:** इसके बाद किसान नेता रमेश सिंह ने डीएम हर्षिता माथुर को फोन किया। डीएम के हस्तक्षेप के बाद दवाइयां सील की गई। मौके पर तैनात डॉक्टर सत्यजीत ने इस दौरान किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और पत्रकारों के साथ अभद्रता भी की। रमेश सिंह ने बताया की हमें सूचना मिली कि अस्पताल परिसर में जो नई बिल्डिंग बन रही है, उसके पीछे दवाई जलाई जा रही हैं। हमारे साथ पत्रकार भी मौके पर पहुंचे, वहां दवाई जल रही थी। दवाइयों को बुझाया गया। जब इसकी सूचना सीएमओ को दी गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां की दवाई नहीं है।

इसके बाद डीएम हर्षिता माथुर को फोन किया गया तब जिला प्रशासन हरकत में आया और दवाओं को सील करके रखवा दिया गया। सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह बताया कि मामला जानकारी में आया है। मामले की जांच करवाई जाएगी। दवाई कहां की है?, दवाइयों को स्वास्थ्य केंद्र के अंदर कौन लाया और इन दवाइयों को आग किसने लगाई। इन सब बातों की जांच करवाई जाएगी, जो दोषी मिलेगा उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

# समय सारिणी बदलने पर शिक्षक-शिक्षिकाएं रही अनुपस्थित

> कहीं एक दो तो कहीं आधे से ज्यादा शिक्षक-शिक्षिकाएं रहीं अनुपस्थित




**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जी हां जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ स्मार्ट क्लास सहित अन्य जरूरी उपकरण शिक्षक एवं शिक्षकाओ को उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सरकार की इस व्यवस्था पर कालिख पोतते हुए नजर आ रहे हैं। जी हाँ पूरा मामला आपको बताते चले की विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय देवईया एवं कंपोजिट विद्यालय सब्जी का है, जहां गत दिवस विभाग द्वारा विद्यालयों के समय में परिवर्तन किये जाने के पश्चात संवाददाता ने जब क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया तो इन दो विद्यालयों में बच्चों की बात तो छोड़े, लगभग आधा दर्जन से अधिक अध्यापक एवं अध्यापिकाएं अनुपस्थित मिली। इस संबंध में जब संवाददाता ने कंपोजिट विद्यालय सब्जी के इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि अभी मौके पर पांच ही अध्यापक एवं अध्यापिकाये उपस्थित हो पाए हैं, बाकी लोग अभी अनुपस्थित हैं, आ रहे हैं, कब तक आएंगे यह पता नहीं है वही इस संबंध में जब संवाददाता द्वारा दूरभाष के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा से बातचीत करने की कोशिश की गई तो कई बार संपर्क करने पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा का परिचय दे रहे ऐसे अध्यापक एवं अध्यापिकाओं पर कब तक कार्यवाही होती हुई नजर आएगी? जो उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था रूपी गाड़ी को रोड किनारे बनी खाई की ओर ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# शिक्षक पुत्र की राजपत्रित अधिकारी के रूप में हुई पदोन्नति



**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

सेवा निवृत शिक्षक राम आसरे गुप्ता के पुत्र सुभाष चन्द्र गुप्ता निवासी इचौली विकास क्षेत्र बछरावां जनपद रायबरेली का केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में राजपत्रित अधिकारी के रूप में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर पदोन्नति होने पर गांव एवं क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। सुभाष चंद्र गुप्ता के पिता जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत हुए। वही सुभाष चंद्र गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल में हुई उसके बाद कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में तथा बीकॉम एवं एम कॉम लखनऊ विश्वविद्यालय से करने के बाद रोडवेज में कंडक्टर के पद पर चयन हुआ।

उसके बाद कई अन्य विभागों में भी अपनी सेवाएं दी। सरकारी सेवा के दौरान ही सन 1990 में इनका चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में एएसआई क्लर्क के पद पर हुआ। इसके बाद सब इंस्पेक्टर पर प्रमोशन हुआ इसके पश्चात असिस्टेंट कमांडेंट की पद पर प्रमोशन हुआ।

## तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर में वाहन चेकिंग के दौरान सड़क के किनारे स्थित तालाब के किनारे संदिग्ध रूप से खड़े युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद होने पर पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि धानीखेड़ा निहालीखेड़ा रोड पर अलीपुर के पास एस.आई. प्रेम नारायण सरोज, सिपाही शिवेंद्र सिंह व भानु प्रकाश वाहनों का निरीक्षण कर रहे थे, तभी पड़ोस में तालाब के किनारे संदिग्ध रूप से खड़े युवक से पूंछताछ कर तलाशी ली गई।

## कोचिंग जा रहे छात्र को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**पुरवा-उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र कोचिंग पढ़ने जा रहे कक्षा 10 के छात्र को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुरवा कोतवाली क्षेत्र ग्राम रामाअमरापुर निवासी प्रतीक 15 पुत्र छेदीलाल चमियानी स्थित जय किसान इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र है तथा वह चमियानी में ही कोचिंग पढ़ता था। आज सुबह 6:30 बजे वह कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से चमियानी जा रहा था तभी खिन्नी मोड़ के आगे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसको निजी वाहन से लेकर पुरवा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सूचना

मैं रमाकांत पुत्र स्वर्गीय श्री देवता प्रसाद निवासी ग्राम रघुनाथ खेड़ा, रैन थाना बछरावां जनपद रायबरेली अपने पुत्र क्रिष के चाल चलन व उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सारे संबंध समाप्त कर रहा हूं। अब वह अपने कृत्यों का स्वंय उत्तरदायी होगा। यदि वह भविष्य में कोई अपराधिक या अनैतिक कार्य करता है, तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-**

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | वाया | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 05325 | गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक ट. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | बाराबंकी–लखनऊ | 10.05.2024 | 25.05.2024 (15 फेरे) |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट.–गोरखपुर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | लखनऊ–बाराबंकी | 12.05.2024 | 27.05.2024 (15 फेरे) |

नोट : शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1244/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

## सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की इन्दिरा नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्रमांक | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण/ नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री अब्दुल मोबीन पुत्र स्व. श्री लाल मोहम्मद निवासी एल.आई.जी. 0-355 इन्दिरा नगर रायबरेली | भवन संख्या एल.आई.जी. 0-355 | इन्दिरा नगर विस्तार योजना | श्रीमती नीलम लाल पत्नी स्व. रवीन्द्र कुमार लाल | एल-355, आर.डी.ए. कालोनी, इन्दिरा नगर रायबरेली | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन/भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता/सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**रायबरेली विकास प्राधिकरण**
**रायबरेली।**

## खबरें एक नजर में

### 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**महराजगंज,रायबरेली।** अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार। महराजगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामदयाल पुत्र अवतार निवासी ग्राम कोटवा मोहम्मदाबाद को 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** मारपीट करना और गाली गलौज करने पर चार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। रेशमा पत्नी स्वर्गीय शाह आलम निवासी ग्राम पुरे मुडू मंजरे अतरेहटा ने तहरीर में बताया कि विपक्षीगढ़ के द्वारा बच्चों के विवाद को लेकर मुमताज शमी अरमान बली मोहम्मद निवासी गढ़ ग्राम असनी थाना महाराजगंज के द्वारा मारपीट करना बचाने आई खाला शकीला बानो तथा शकीला बानो की पुत्री फूल बानो के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी ।वहीं कोतवाली पुलिस ने रेशमा की तहरीर पर चार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** एससी एसटी एक्ट सहित लड़की को बहला फुसलाकर कर भाग ले जाने के संबंध में कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री को लवलेश मोर्य पुत्र बेचू निवासी ग्राम कोडरी मंजरे मोन थाना महराजगंज द्वारा घटना 20 /4 /2024 समय लगभग 11:00 बजे दिन की है लड़की खेत पर गई थी वापस घर नहीं आई वादी अनुसूचित जाति का है। वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर एससी एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### शराब पीने से मना करने पर किया आत्महत्या का प्रयास

**उन्नाव।** दारू पीने से नाराज पिता द्वारा डांटने-फटकारने पर बेटा अपने घर में फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजनों ने किसी तरह उसे नीचे उतारकर बेहोशी की हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां नाजुक हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आसीवन थाना क्षेत्र के ग्राम सर्रा निवासी कुलदीप 25 पुत्र सियाराम ईट भट्ठे पर मजदूरी करता है। अन्य साथी मजदूरों के अनुसार वह नशे का आदी है। बीते बुधवार की शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा। यह देखकर पिता सियाराम ने बेटे को जमकर डांटा। पिता की डांट-फटकार से नाराज बेटा कुलदीप अपने घर में ही फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे किसी तरह फांसी के फंदे से नीचे उतारा और आज गुरुवार की सुबह मां राजरानी उसे नाजुक हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कार ने स्कूटी में मारी टक्कर न्यायालय कर्मी की मौत

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रायबरेली - अयोध्या नेशनल हाइवे फोरलेन पर थाना मिल एरिया अंतर्गत एफएम रेडियो स्टेशन के पास गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे रायबरेली आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार चालक की लापरवाही से स्कूटी चालक मनोज कुमार सिंह (46) को सामने से जोरदार टक्कर मार कर दिया, जिससे सड़क हादसे में घटनास्थल पर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसे के शिकार हुए मनोज कुमार सिंह सिविल कोर्ट रायबरेली में स्टेनो पद पर तैनात बताए जाते हैं। बताते हैं कि वह सुबह शहर गोरा बाजार राजकीय कॉलोनी से अपने पैतृक गांव मानापुर थाना पुराकलंदर तहसील सोहावल जनपद अयोध्या जा रहे थे, कि रास्ते में कर की जोरदार टक्कर से उनकी मौत हो गई। मिल एरिया थाना प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। लेकिन कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया था।

कार में दूल्हा दुल्हन बैठे थे जिन्हें सुरक्षित कार से निकाल कर बाहर उन्हें बैठाया फिर उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। उधर, मृतक के परिजन ने थाने में तहरीर दी है। चालक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। हादसे में मनोज कुमार सिंह की पत्नी पूजा सिंह समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# फूड विभाग ने मिलावट खोरों पर की कार्रवाई

**खीरों, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अगर आप पनीर व छेना खाने के शौकीन हैं तो सावधान हो जाइए पनीर और चीनी के नाम पर मिलावट खोर लोगों को जहर खिला रहे हैं, रायबरेली फूड विभाग ने ऐसे मिलावट खोरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई दुकानों में एक साथ छापेमारी करने के साथ ही सैकड़ों टन पनीर व छेने को नष्ट कराकर विधिक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है, मामला खीरों थाना क्षेत्र के महारानीगंज कस्बे का है जहां बीते कई दिनों से क्षेत्र में स्थित दुकानों में मिलावट की शिकायत मिल रही थी, इसी के तहत फूड विभाग के



अधिकारियों, तहसीलदार सहित भारी पुलिस बल के साथ नातेदार होटल व लाला होटल में छापामारी की है। फूड विभाग की टीम ने नातेदार होटल से सैंपल लेने के साथ ही 150 किलो छेना, 180 किलो पनीर,मलाई 40 किलो , चीनी का घोल 40 किलो , नष्ट कराया गया। वहीं लाला होटल में 20 किलो पनीर ,का सैंपल वा नष्ट कराया गया। फूड विभाग की इस कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

# ...दिखी नदिया के पार की झलक, 65 बैलगाड़ियों से दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

हर कोई अपने विवाह को यादगार बनाने के लिए आधुनिक सुख सुविधाओं के साथ दुल्हन के घर पहुंचता है। शादियों के दौरान आपने कई ऐसी तस्वीरें भी देखी होंगी, जिसमें दूल्हा हेलीकॉप्टर और लग्जरी गाड़ी से बारात लेकर पहुंचता है।



मगर, आज के आधुनिक जमाने में एक ऐसी बारात निकाली, जिसे लोग देखते ही रह गए। बैलगाड़ियों की एक लंबी कतार, जिस पर दूल्हे राजा सवार होकर निकले सड़क पर बैलगाड़ियों का लंबा काफिला जिसने भी देखा वह देखता ही रह गया। इस दौरान कोई वीडियो बनाने लगा तो कोई सेल्फी लेकर इस पल को अपने कमरे में कैद करने लगा। आधुनिकता के इस दौड़ में बैलगाड़ी से निकली बारात लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई। मामला डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुरहटी गांव का है, जहां के रहने वाले राहुल यादव पुत्र सुरजपाल यादव अपनी शादी में लग्जरी गाड़ियों का इस्तेमाल न करके पुरानी संस्कृति को अपनाया है और कई बैल गाड़ियों से बारात को अपने घर से बेहटा गांव के लिए दुल्हन को लाने के लिए निकला। बताया कि पिता की इच्छा थी कि अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाए। इसीलिए बैलगाड़ी से बारात निकालने का निर्णय लिया गया। आधुनिकता के इस दौड़ में जहां शादी विवाह के अवसर पर लोग फॉर्च्यूनर, मर्सिडीज़, इनोवा जैसी लग्जरी गाड़ियों से बारात ले जाना अपनी शान समझते हैं। वहीं आज के समय में राहुल यादव ने पुरानी परंपरा के माध्यम से अपनी संस्कृति को जीवित रखने की कोशिश करते हुए बैलगाड़ियों के साथ निकल पड़े।

बैलों के गले व पैरों में सजे हुए घुंघरू खनखन की आवाज से निकली बारात लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी, जिसको देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। अपनी दुल्हनियां को लेने के लिए बैलगाड़ी पर सवार होकर जब दूल्हा निकला, तो हर कोई उसे निहारने लगा। चांदी के आभूषण के साथ धोती, कमीज और पारंपरिक वेशभूषा में सजे दूल्हे ने कहा कि उसने अपनी परंपरा निभाई है। देसी अंदाज में निकली इस बारात की लोगों ने जमकर सराहना की।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-**

**01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 01015 दादर** से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और **01016 गोरखपुर** से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)** से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और **01428 गोरखपुर** से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

**चलने के दिन: 01411 पूणे** से 27.04.2024 को और **01412 गोरखपुर** से 28.04.2024 को।; **स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

**चलने के दिन: 02250 दिल्ली जं.** से 27.04.2024 को और **02249 पटना जं.** से 28.04.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. एकोनॉमी; **ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

**चलने के दिन: 09478 पटना जं.** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; **ठहराव:** आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

**08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

**चलने के दिन: 08481 पुरी** से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और **08482 आनन्द विहार(टर्मि.)** से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

**04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

**चलने के दिन: 04672 जम्मू तवी** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता.; **ठहराव:** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

**04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

**चलने के दिन: 04221 वाराणसी** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता.,
**ठहराव:** भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1246/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मसाले के मसले

निस्संदेह, भारतीय मसालों का जिक्र किये बिना दुनिया का इतिहास पूरा नहीं हो सकता। विदेशी शासकों के राज से पहले भी भारतीय मसाले देश की आर्थिकी का मजबूत आधार होते थे। इनकी गुणवत्ता के लिहाज से भारत को मसालों के देश की संज्ञा दी जाती रही है। भोजन को लजीज बनाने, इम्यूनिटी बढ़ाने व पाचन सुधारने में इनकी बड़ी भूमिका रहती है। लेकिन यह खबर परेशान करने वाली है कि दुनिया के कई देशों में भारतीय मसालों में सेहत के लिये हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं। ये मसाले सदियों तक भारत की पहचान होते थे। कहा जाता है कि कभी पुर्तगाली व अन्य यूरोपीय हमलावर मसालों की तलाश में ही भारत आए थे। ये मसाले न केवल रोगनाशक बल्कि इम्यूनिटी बढ़ाने वाले भी होते हैं। पूरे कोरोना संकट में इन मसालों ने ही देश के लोगों का मनोबल बनाये रखने में खासी मदद की। यहां तक कि आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सक हमारी रसोई को आम भारतीय का मेडिकल स्टोर तक कहते हैं। बहरहाल, हांगकांग व सिंगापुर में दो चर्चित भारतीय कंपनियों के मसालों को सेहत के लिये घातक बताते हुए इन पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये वे मसाले हैं, जिनका भारत के हर घर में उपयोग होता है और जो भारतीयों के स्वाद में रचे-बसे हैं। यह तथ्य भी विचारणीय है कि यदि इन कंपनियों के मसाले में वास्तव में घातक पदार्थ मौजूद हैं तो गुणवत्ता नियामक संस्था फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जांच क्यों नहीं की? क्यों करोड़ों भारतीयों की सेहत को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया? हकीकत यह भी है कि चीनी स्वामित्व वाले हांगकांग में दो भारतीय ब्रांड्स के मसालों पर बैन लगाया गया है। आरोप लगाया गया कि इन मसालों में कैंसर का कारक बन सकने वाला एथिलीन ऑक्साइड पेस्टीसाइड मिला है। जिसके चलते हांगकांग की फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने दो भारतीय बड़े ब्रांड्स के चार मसाले जांच में फेल कर दिये हैं। दरअसल, हांगकांग के फूड एंड एनवायरमेंटल हाइजीन डिपार्टमेंट ने पांच अप्रैल को जारी रिपोर्ट में दो भारतीय कंपनियों के करी पाउडर, सांभर मसाला, फिश करी मसाला व मिक्स्ड मसाला पाउडर के सैंपल फेल होने की बात कही है। वहीं कहा जा रहा है कि यूरोपीय यूनियन ने सैकड़ों भारतीय खाद्य पदार्थों में ऐसे ही केमिकल का उपयोग पाया है। उनका कहना है कि यूरोप जाने वाले उत्पादों में यह केमिकल रूटीन तौर पर पाया जाता है। जिसमें अखरोट, तिल के बीज, मसाले व अन्य खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इनमें कुछ को बॉर्डर से वापस भेजा गया तथा कुछ को बाद में बाजार से हटा दिया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि एथिलीन ऑक्साइड के प्रभाव से लिंफोमा और ल्यूकीमिया आदि कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।

# भारत के बाद अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया!




**टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली। इस विधेयक को सीनेट से बातचीत के बाद लाया गया जहां इसके पूर्व संस्करण को बाधित कर दिया गया था। पुराने संस्करण में टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को इस मंच में अपनी हिस्सेदारी को बेचने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। लेकिन इसको लेकर कुछ प्रमुख सांसदों ने संदेह जताया था कि एक जटिल सौदे के लिहाज से छह महीने का समय बहुत कम है। इस सौदे का मूल्य अरबों डॉलर हो सकता है।**

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

इं वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में अभूतपूर्व तेजी से बढ़ते हुए डिजिटाइजेशन व बढ़ती प्रौद्योगिकी से दुनियां तो मुट्ठी में आ रही है,परंतु साथ ही अनेक देशों में उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता को भी बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मानवीय मस्तिष्क अब तकनीकी के सहारे किसी एप्स के सहारे घर बैठे बैठे ऐसी तकनीकी पावर का सहारा लेकर दुनियां के हर उस व्यक्ति की पर्सनल डाटा जानकारी प्राप्त कर लेता है जो उसकी एप्स उपयोग करने के दायरे में आता है,स्वाभाविक है कि कई ऐसी जानकारियां होती है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण होती है परंतु दुश्मन या खारखाए बैठा देश सुरक्षा क्षेत्र से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारीयां उस एप के सहारे आसानी से हासिल कर सकता है, इसलिए ही भारत ने 2020 में 59 एप्स पर बैन लगाया था जिसमें टिकटॉक भी शामिल था उसे समय अमेरिका ने भी भारत की तारीफ की थी, जबकि अबवही बात घूम फिरकर अमेरिका पर आ गई है, जो 2020 से ही इस विषय पर कार्य कर रहा था और अमेरिकी सीनेट ने विधेयक पारित कर दियाथा जो 6 माह के अंदर टिकटॉक को उसके चीनी मालिक द्वारा बेचना पड़ेगा लेकिन अब दिनांक 23 अप्रैल 2024 को अमेरिकी सीनेट ने एक ऐतिहासिक विधेयक पारित किया है जिसमें 6 माह से बढ़कर 9 माह कर दिया गया है। अब शीघ्र रही टिकटॉक पर बैन लगने की संभावना है। यानें कंपनी को टिकटॉकका स्वामित्व हस्तांतरित करना ही होगा। उधर चीन ने इस विधेयक को कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया है कि विधेयक उसके हाथ में आते ही वह हस्ताक्षर कर देंगे और वह कानून बन जाएगा। चूंकि भारत के बाद अब अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया है और टिकटॉक पर बैन लगना लगभग तय हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डाटा तक चीन की पहुंच को रोकने टिकटॉक पर बैन लगाना उचित कदम है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी सीनेट द्वारा 23 अप्रैल 2024 को एक विधेयक पारित करने की करें तो,अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा गया है। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली। इस विधेयक को सीनेट से बातचीत के बाद लाया गया जहां इसके पूर्व संस्करण को बाधित कर दिया गया था। पुराने संस्करण में टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को इस मंच में अपनी हिस्सेदारी को बेचने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। लेकिन इसको लेकर कुछ प्रमुख सांसदों ने संदेह जताया था कि एक जटिल सौदे के लिहाज से छह महीने का समय बहुत कम है। इस सौदे का मूल्य अरबों डॉलर हो सकता है।इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस शॉर्ट-फॉर्म वीडियो ऐप पर निर्भर हैं।डील के लिए 9 महीने का टाइमलाइन दिया जाएगा।

डील आगे बढ़ती है तो 90 दिन का एक्स्ट्रा समय दिया जाएगा। वहीं,अगर बाइट डांस इस टाइमफ्रेम में टिकटॉक को यूएस खरीदार को नहीं बेच पाती है तो टिकटॉक का इस्तेमाल अमेरिका में पूरी तरह से बंद हो जाएगा।साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा टिकटॉक पर बैन के कारणों की करें तो, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी लंबे समय से टिक-टॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानती रही है। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी का दावा है कि बाइटडांस टिकटॉक के अमेरिकी यूजर्स का डाटा चीन के साथ साझा करती है, जिससे उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा है, लेकिन बाइटडांस हमेशा से इन आरोपों गलत बताती रही है।बीते दिन पारित किए गए विधेयक में भी टिक-टॉक को चीन के साथ संबंधों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। दरअसल, इस विधायी कार्रवाई के पीछे की वजह टिकटॉक के चीनी स्वामित्व और बीजिंग में सत्तावादी सरकार की अमेरिकी यूजर डेटा तक पहुंच है।अमेरिका में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डेटा तक चीन की पहुंच को रोकने के लिए सरकार यह कदम उठा रही है। वहीं, दूसरी ओर टिकटॉक का कहना है कि कंपनी ने कभी भी चीनी अधिकारियों के साथ अमेरिका के यूजर्स का डेटा शेयर नहीं किया है। अब यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को सौंपा गया है, जिन्होंने कहा है कि जैसे ही यह उनके पास पहुंचेगा, वे इस पर हस्ताक्षर करके इसे कानून बना देंगेअगर अमेरिकाबाइटडांस को टिक-टॉक बेचने के लिए मजबूर करने में सफल हो जाता है, तो भी किसी भी सौदे के लिए चीनी अधिकारियों की मंजूरी की आवश्यकता होगी विश्लेषकों का कहना है कि इस प्रक्रिया में सालों लग सकते हैं,क्योंकि चीनी अधिकारी जल्दी तैयार नहीं होंगे।

साथियों बात अगर हम मुद्दे पर चीन की प्रतिक्रिया और चीन के विरोध में उतरने की करें तो, टिकटॉक से मंगलवार रात को प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन उसने तुरंत कोई जवाब नहीं दिया।विधेयक का पारित होना चीनी खतरों और टिकटॉक के स्वामित्व को लेकर वाशिंगटन में लंबे समय से चली आ रही आशंकाओं का नतीजा है। अमेरिका में टिकटॉक का 17.0 करोड़ लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिकी सांसद और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लंबे समय से चिंता व्यक्त की जा रही है कि चीनी अधिकारी बाइटडांस को अमेरिकी उपयोगकर्ताओं का डेटा सौंपने के लिए मजबूर कर सकते हैं, या टिकटॉक पर कुछ सामग्री को दबाकर या बढ़ावा देकर अमेरिकियों को प्रभावित कर सकते हैं।

## विचार

# लहू बोलता भी है

सर्वमित्रा सुरजन




**भाजपा इंडिया गठबंधन के बाकी दलों की चर्चा तो नहीं करती, लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र की चर्चा अब भाजपा के हर मंच से हो रही है। भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का न्यायपत्र नाम से जारी घोषणापत्र पर पहले दिन से ही हमला शुरु कर दिया। सबसे पहले उन्होंने इसे मुस्लिम लीग की छाप वाला घोषणापत्र कहा। यह दांव कुछ दिन श्री मोदी चलाते रहे, लेकिन इससे कांग्रेस को ही लाभ मिलने लगा। क्योंकि लोगों ने कांग्रेस के घोषणापत्र को और ध्यान से पढ़ना शुरु कर दिया।**

भारत में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिसमें पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है और अब शुक्रवार 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। 1 जून को आखिरी चरण के वोट पड़ेंगे और तब तक इसी तरह चुनावी रैलियों, सभाओं, जुलूसों, रोड शो की गहमागहमी बरकरार रहेगी। भारत के नागरिकों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारी लोकतांत्रिक निर्वाचन की परंपरा आजादी के 77 वर्ष बाद भी बरकरार है। इसका मतलब यह है कि आजाद भारत के सपनों को पूरा करने के लिए जो संविधान बनाया गया था, वो कारगर साबित हुआ है। इस संविधान में एक ओर नागरिक अधिकारों को अक्षुण्ण रखने के लिए सख्ती है, तो दूसरी ओर वक्त के साथ बदलाव करने के लिए लचीलापन भी है। इसलिए अगर इस आजादी और नागरिक होने के अधिकार को बचाकर रखना है, तो सबसे पहले संविधान को बचाना होगा। इंडिया गठबंधन के नाम से इस बार जो विपक्षी मोर्चा तैयार हुआ है, उसका उद्देश्य भी संविधान को बचाना ही है। इसलिए अपने सारे मतभेदों और स्वार्थों को किनारे करके, 28 दल इस बार एक साथ चुनाव लड़ने उतरे हैं। इन सभी दलों के अलग-अलग घोषणापत्र हैं, मगर सबके मूल में संविधान की रक्षा और जनता को न्याय दिलाने की भावना दिखाई दे रही है। भाजपा इंडिया गठबंधन के बाकी दलों की चर्चा तो नहीं करती, लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र की चर्चा अब भाजपा के हर मंच से हो रही है। भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का न्यायपत्र नाम से जारी घोषणापत्र पर पहले दिन से ही हमला शुरु कर दिया। सबसे पहले उन्होंने इसे मुस्लिम लीग की छाप वाला घोषणापत्र कहा। यह दांव कुछ दिन श्री मोदी चलते रहे, लेकिन इससे कांग्रेस को ही लाभ मिलने लगा। क्योंकि लोगों ने कांग्रेस के घोषणापत्र को और ध्यान से पढ़ना शुरु कर दिया कि इसमें ऐसे कौन से मुद्दे हैं, जिनमें मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। मगर नरेन्द्र मोदी जैसी नजरें जनता को नहीं मिली, इसलिए वो मुस्लिम लीग काम इस घोषणापत्र में नहीं ढूंढ पाई। इसके बाद श्री मोदी ने दूसरे म का दांव चला, इस बार उन्होंने मंगलसूत्र को अपना हथियार बनाया। राजस्थान के बांसवाड़ा में हुई रैली में श्री मोदी ने जनता को बताया कि कांग्रेस की नजर आपकी संपत्ति पर है और माताओं-बहनों के मंगलसूत्र को भी कांग्रेस छीन लेगी और जिनके ज्यादा बच्चे होते हैं, यानी मुसलमान उनमें बांट देगी। आचार संहिता के लिहाज से झूठ और नफ़रत वाले बयान देने के कारण श्री मोदी पर चुनाव आयोग को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, इसके बाद अलीगढ़ में श्री मोदी ने फिर से इसी तरह का बयान दिया और उसके बाद राजस्थान में फिर से कांग्रेस के घोषणापत्र, मंगलसूत्र, हनुमान चालीसा पढ़ने की आजादी, रामनवमी मनाने की छूट इन सबको लेकर नफ़रत का रिकार्ड उलट-पुलट कर बजाना जारी रखा। चुनाव आयोग के पास कांग्रेस समेत कई दलों ने शिकायतें दर्ज की, लेकिन सब व्यर्थ ही है, क्योंकि श्री मोदी पर कोई अंकुश लग ही नहीं रहा है। मंगलसूत्र छीनने का डर दिखाकर श्री मोदी ने महिलाओं के साथ भावनात्मक खेल खेलने की कोशिश की है। हालांकि इस बार भी म नाम का दांव उन पर उल्टा पड़ रहा है। क्योंकि इस देश की हजारों महिलाओं के मंगलसूत्र पहले नोटबंदी में छीन लिए गए, फिर कोरोना की मार से जब हजारों गृहस्थियां उजड़ गईं, तब मंगलसूत्र छीने गए। पुलवामा हमला या चीन की घुसपैठ की घटनाओं में सैनिक शहीद हुए और उनकी पत्नियों के मंगलसूत्र छीने गए। किसान आंदोलन के दौरान या कर्ज के बोझ के कारण जिन किसानों की जानें गईं, तब उनकी पत्नियों के मंगलसूत्र छीने गए। इस तरह दस साल में एक बार नहीं, बार-बार महिलाओं को इस दर्द से गुजरना पड़ा और अब नरेन्द्र मोदी उस पर माफी मांगने, अफ़सोस जताने या मलहम लगाने की जगह डरा रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आई तो मंगलसूत्र भी नहीं बचेंगे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने श्री मोदी के इस दांव का जवाब देते हुए कहा कि मेरी दादी ने युद्ध के दौरान अपने जेवर दे दिए, मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश के लिए कुर्बान हुआ। इस करारे जवाब के बाद भाजपा को बचाव का कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसकी ट्रोल आर्मी के लोग सोशल मीडिया पर राजीव गांधी की शहादत का मखौल उड़ाने लगे। सोनिया गांधी की वे तस्वीरें जारी की जा रही हैं, जहां वे राजीव गांधी के साथ हैं, लेकिन उन्होंने मंगलसूत्र नहीं पहना है। प्रियंका गांधी की भी बिना मंगलसूत्र पहने तस्वीरें जारी हो रही हैं और उनसे हिंदू होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। यह सब एक तरफ भाजपा की अपने विरोधियों के लिए अपमानभरी निकृष्ट सोच का परिचायक है, तो दूसरी तरफ जनता को कठपुतलियों की तरह इस्तेमाल करने वाली मानसिकता का प्रदर्शन भी है। क्योंकि चुनावों में मुद्दे जनता के सरोकारों वाले होने चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, सड़कें, पुल-पुलिया, यातायात, पक्के मकान, साफ़-सुथरी सड़कें, नालियां, बिजली, सस्ता और अच्छा अनाज, लैंगिक समानता, काम के अवसर, उद्योग धंधों का विकास, सुरक्षित माहौल, कानून व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, त्वरित न्याय ऐसे कई मुद्दे हैं, जिन पर निरंतर काम करने की जरूरत है।

# लोगों की जान से खिलवाड़

भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बुधवार 24 अप्रैल को अखबारों में एक बार फिर विज्ञापन देकर अपना माफीनामा छपवाया है। इस माफीनामे में आचार्य बालकृष्ण और स्वामी रामदेव ने माफी मांगते हुए कहा है कि, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशोंध्आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कंपनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं। हम विगत 22.11.2023 को बैठक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी।

पतंजलि आयुर्वेद लि. की ओर से ऐसा ही माफीनामे का विज्ञापन पहले भी देश के 67 अखबारों में प्रकाशित हुआ था, ऐसी जानकारी पतंजलि की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अदालत में दी थी। लेकिन जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की खंडपीठ ने विज्ञापन के आकार पर असंतोष जताया था। क्योंकि स्वामी रामदेव की तरफसे जब अपनी दवाओं का प्रचार किया जाता रहा, तो विज्ञापनों का आकार काफी बड़ा होता था। लेकिन जब यह साबित हो गया कि ये विज्ञापन गलत जानकारी दे रहे थे और उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहे थे, तो उस गलती के लिए माफी मांगने में कहीं न कहीं कृपणता दिखाई गई, जिस ओर अदालत ने ध्यान दिलाया। जिसके बाद स्वामी रामदेव ने अपनी कंपनी की ओर से थोड़े बड़े आकार के विज्ञापन में माफी मांगी, हालांकि आयुर्वेदिक दवाओं के विज्ञापन में जिस तरह उनकी बड़ी सी तस्वीर दिखाई देती रही है, वह इस माफीनामे में गायब है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले मंगलवार को भ्रामक विज्ञापन प्रसारित और प्रकाशित करने के लिए रामदेव के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया है। अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफड्रग्स और कॉस्मेटिक्स नियम 1945 को लागू करने में विफलता पर केंद्र सरकार से सवाल किया है। दरअसल आयुष मंत्रालय ने 2023 में सभी राज्य सरकारों को एक पत्र भेजकर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई नहीं करने को कहा था। इसी पर अदालत ने अब कड़े सवाल पूछे हैं, जिसका जवाब अब केंद्र सरकार की ओर से आना बाकी है। वहीं अब मामले पर अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी, लेकिन अब तक सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों को लेकर जो सख्ती दिखाई है, उससे यह उम्मीद बंधी है कि जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करने के इस खुले खेल पर थोड़ी रोक लगेगी। क्योंकि इस मैदान में रामदेव जैसे और बहुत से खिलाड़ी अब भी बाकी हैं। यह विडंबना ही है कि सरकार की नाक के नीचे जनता की जान को जोखिम में डाला गया, कभी आयुर्वेद के नाम पर, कभी दवाओं के नाम पर कभी मसालों के नाम पर। स्वामी रामदेव का मामला अभी अदालत में चल ही रहा है कि इस बीच एक चौंकाने वाली खबर आई है हॉंगकॉंग से, जहां के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाले- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर और इनके साथ एवरेस्ट के फिश करी मसाला में श्कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को श्समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। इसका मतलब भारत की दो शीर्ष मसाला बनाने कंपनियां एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्व शामिल हैं, ऐसी चेतावनी हॉंगकॉंग ने दी है। सिंगापुर में भी इन उत्पादों पर प्रतिबंध लग चुका है। यह खबर भारत के लिए शर्मनाक और चिंताजनक है। क्योंकि इस खबर में भारत की उन दो कंपनियों का नाम शामिल है, जिनके मसाले तकरीबन हर घर में रोजाना इस्तेमाल होते हैं और इसके अलावा सौ से ज्यादा देशों में इन कंपनियों के मसाले बिकते हैं।



# राशिफल

**मेषः**-वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**बृषभः**- रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुनः**- नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**कर्कः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः**- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः**- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः**- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः**- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनुः**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।


**मकरः**- मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः**- महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः**- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 2024 में चुनाव प्रचार का एक प्रमुख उपकरण

कल्याणी शंकर




**भारत में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग करती हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हैं। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक मॉर्फ्ड तस्वीर साझा की। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इंस्टाग्राम पर राहुल गांधी का झूठा वीडियो पोस्ट किया। तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके पार्टियों ने इस चुनाव में मतदाता समर्थन के लिए अपने मृत नेताओं की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया। एक वीडियो में एआईएमआईएम पार्टी के नेता असदुद्दीन ओवैसी को हिंदू भक्ति गीत गाते हुए दिखाया गया है। अखिलेश यादव, नवीन पटनायक और ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय नेताओं ने भी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इसी तरह के उपकरण लागू किये। दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई का उपयोग एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।**

2 इंटेलिजेंस (एआई) ने पारंपरिक अभियान रणनीतियों में क्रांति ला दी है। पांच साल के अंतराल के बाद उम्मीदवारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं के घरों का दौरा करने और चाय पर बातचीत करने के युग का अन्त हो रहा है तथा तकनीकी रूप से अधिक उन्नत चुनाव अभियान का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

2014 के चुनाव में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, एआई के आगमन और भारत के 2024 के चुनावों में डीपफेक वीडियो के संभावित दुरूपयोग ने एक नया आयाम प्रदान किया है। सच और झूठ के बीच की रेखाओं को धुंधला करने में सक्षम ये वीडियो चुनावी प्रक्रिया के विश्वास और अखंडता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को एआई की ताकत समझ में आ गई है। वे मतदाता डेटा का विश्लेषण करने के लिए एआई का उपयोग करते हैं, जिससे उन्हें प्रभावी अभियान रणनीति विकसित करने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर मतदाताओं से जुड़ने के लिए एआई-संचालित चौटबॉट और आभासी सहायकों को तैनात किया गया है, जो उनके प्रश्नों और चिंताओं का वास्तविक समय पर जवाब प्रदान करते हैं। एआई तकनीक का उपयोग चुनाव प्रक्रियाओं में कई तरह से मदद कर सकता है एआई चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी कर सकता है, एआई चौटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट वर्चुअल मीडिया के साथ संवाद कर सकते हैं, और एआई चुनाव धोखाधड़ी को रोक सकता है और राजनीतिक विज्ञापन अभियान में वित्त सम्बंधी नियमों के उल्लंघन को नियंत्रित कर सकता है। राजनीतिक दल अब व्यक्तिगत मतदाताओं के लिए अपनी कॉल को अनुकूलित कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से उनके विरोधियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है। भारत में 50 फीसदी से अधिक आबादी इंटरनेट का उपयोग करती है, जो 2025 तक बढ़कर 900 मिलियन हो सकती है। भारत में आगामी चुनाव से 500 करोड़ रुपये का बाजार उत्पन्न होने की उम्मीद है। राजनीतिक दल सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा ने पिछले साल के राज्य चुनावों में एआई का इस्तेमाल किया, तथा पहली बार राजनीतिक प्रचार में झूठे वीडियो और पैरोडी का इस्तेमाल किया गया। भाजपा, कांग्रेस, आप, डीएमके और एआईएडीएमके जैसी पार्टियां अपने समर्थकों से जुड़ने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए, भाजपा पीएम मोदी के भाषणों का आठ क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एआई का उपयोग करती है। हालांकि, कुछ प्रचारक गलत सूचना फैलाने के लिए डीपफेक सहित एआई-जनित वीडियो का दुरुपयोग करते हैं। ये वीडियो18-25 आयु वर्ग को लक्षित हैं और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर साझा किये जा रहे हैं। भारत में राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग करती हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हैं। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक मॉर्फ्ड तस्वीर साझा की। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इंस्टाग्राम पर राहुल गांधी का झूठा वीडियो पोस्ट किया। तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके पार्टियों ने इस चुनाव में मतदाता समर्थन के लिए अपने मृत नेताओं की रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया। एक वीडियो में एआईएमआईएम पार्टी के नेता असदुद्दीन ओवैसी को हिंदू भक्ति गीत गाते हुए दिखाया गया है। अखिलेश यादव, नवीन पटनायक और ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय नेताओं ने भी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इसी तरह के उपकरण लागू किये। दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई का उपयोग एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। उन्नत एआई के साथ, मतदाताओं या उम्मीदवारों सहित किसी का भी प्रतिरूपण करना संभव हो गया है, जिससे पहचान की चोरी हो सकती है और चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर हो सकता है। यह निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमों की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जिससे दर्शकों को संभावित जोखिमों और उन्हें संबोधित करने के महत्व के बारे में अधिक जानकारी मिलती है, जिससे सतर्कता की भावना पैदा होती है। राजनीतिक अभियानों में एआई का उपयोग गोपनीयता और अनुचित प्रतिस्पर्धा और गलत सूचना की संभावना के बारे में वैध चिंताएं पैदा करता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# प्रत्याशी घोषित होने पर बसपा में बगावत शुरु

- कार्यकर्ताओं को समझाने आयेगे बसपा के पर्यवेक्षक, दल को लगा जबरदस्त झटका



**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव के नामांकन तिथि के एक दिन पहले घोषित बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित का जिले में विरोध के स्वर उभरने लगे है।

मौदहा कस्वा में बसपा नेताओं ने विरोध कर कहा कि यदि प्रत्याशी पर पुर्नविचार नही किया गया तो संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता बसपा से इस्तीफा दे देगे। शुक्रवार को बसपा के पर्यवेक्षक जिले में आकर दल के नेताओं से बातचीत करेगे। जानकारी के मुताबिक बसपा प्रत्याशी का बिलंब से टिकट घोषित होने के बाद दल को अपने की कार्यकर्ताओं से ऐन वक्त पर दो चार होना पड़ रहा है। बसपा के जिलाध्यक्ष रामकरन अहिरवार का कहना है कि बसपा प्रत्याशी के लिये दल में फतेह खान का नाम चल रहा था मगर बाद में हाईकमान ने निर्दोष दीक्षित को अचानक दल में शामिल कर टिकट आवंटन कर दिया है। जिससे फतेहखान नाराजगी जाहिर कर रहे है। हालाकि जिलाध्यक्ष का कहना है कि फतेहखान पूर्व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी थे मगर बीच में उन्होने बसपा छोड दिया था इसलिये उनका विरोध करने का कोई औचित्य नही बन रहा है। इस अन्तर्कलह से अन्य दलों को लाभ मिलने के पूरे अवसर बताये जा रहे है। मौदहा कस्वे में आज बसपा नेताओं ने एक आवश्यक बैठक बुलायी थी मगर दल के बड़े नेताओं के न पहुंचने पर जमा नेताओं ने आलाकमान को जमकर कोसा। पूर्व प्रत्याशी फतेहखान के पुत्र रजा खान का कहना है कि दल ने उन्हे टिकट देने के लिये पूरी तरह आश्वस्त कर दिया था मगर ऐन वक्त पर टिकट काट देने से उनके साथ अन्याय हुआ है। बसपा के अन्दर चल रही कलह से दल के सैकड़ो कार्यकर्ता न केवल बगावत पर उतारु हो गये है बल्कि कई लोग अन्य दल की सदस्यता ग्रहण कर सकते है।

बसपा नेता छोटे लाल वर्मा बाबूराम वर्मा, बीरेंद्र वर्मा, दुलीचंद्र,खलील अहमद, छिद्दू मेजर सहित कई नेता मौके पर उवस्थित रहकर दल की नीतियों का जमकर विरोध किया। हालाकि ब्राह्मण प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित के प्रत्याशी बनाये जाने से भाजपा को जबरदस्त झटका लगा था मगर अन्तर्कलह के चलते भाजपा न सपा को काफी राहत मिली है।

# आत्महत्या मामले में पांच पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार

**राठ हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को ग्राम प्रधान व उसके साथियो से परेशान होकर मजदूर युवक ने आत्महत्या करने के पहले वीडियों जारी कर कहा आरोपियों को किसी भी हाल में बचने न देना। कहा कि जय श्री राम टाटा बाय बाय पुलिस ने बताया कि मझगवां थाने के बरेल गांव निवासी सुनीत तिवारी राजकोट में एक कंपनी में मजदूरी करता था। तबियत खराब होने पर वह नवरात्रि में घर आ गया था।

ग्राम प्रधान दिनेश प्रताप सिंह का दो साल पहले एक युवती के साथ अश्लील बातें करने का ऑडियो वायरल हुआ था। तभी से प्रधान सुनीत से रंजिश मामने लगा था। 18 अप्रैल को गांव के हरदौल बाबा स्थान पर प्रधान के साथी धन्नी के बीच



मृतक सुनीत का फाइल फोटो

सुनीत तिवारी कहासुनी हुई थी। तब से सुनीत बेहद परेशान रहता था। बुधवार को देर रात खेत में बैठकर हाथ में लिए सल्फास की डिब्बी को दिखाते हुए वीडियो में सुनीत रोते हुए अपनी मौत का जिम्मेदार ग्राम प्रधान व उसके साथियों को जिम्मेदार ठहरा रहा है।

यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि मृतक के भाई शीतल तिवारी के तहरीर पर प्रधान दिनेश प्रताप सिंह, राजकुमार पुत्र हरीराम, आयुष पुत्र हरीराम, धनी पुत्र रामसिंह, प्रशांत पुत्र चंद्रशेखर के विरुद्ध आत्महत्या को उसकाने का मामला दर्ज किया गया है। बताया कि राजकुमार व धनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## विवाहिता ने लगाई फांसी

**मौदहा, हमीरपुर।** बिवांर थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी, पुलिस के मुताबिक गांव की अखिलेश यादव की पत्नी मूरत देवी (30) का विवाद अक्सर परिवारीजनों से होता रहता था। रोज रोज के कलह से आजिज आकर महिला ने गुरुवार को सूनसान घर पाकर आग लगा कर आत्महत्या कर ली। मायकेवालो की मांग पर पुलिस ने दो डाक्टरों के साथ मिलकर पोस्ममार्टम कराया है।

## बाल विवाह निषेध जागरूकता अभियान आयोजित

**इटावा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसवंतनगर में बाल विवाह निषेध जागरूकता अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन कार्यालय के निर्देश पर यहां उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन हम सभी को अपने आस पड़ोस व सगे संबंधियों में भी यह सुनिश्चित करना होगा कि कहीं कोई बाल विवाह न होने पाए। यदि कहीं ऐसा लगे तो तत्काल इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानून अपराध भी है इसके अंतर्गत दोषियों को कारावास व अर्थदंड का भी प्रावधान है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

## संक्रमित मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से होता है मलेरिया

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मलेरिया के लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की।

मलेरिया मच्छर से पैदा होने वाली एक बीमारी है, जो कि संक्रमित मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से होता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेक्टरबोर्न ने बताया कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में निःशुल्क मलेरिया की जांच एवं दवा दी जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मच्छर कि पैदा होने कि परिस्थितियों को समाप्त कर दिया जाये तो इस महामोरी से जनमानस



को बचाया जा सकता है। इसके लिये घर के कूलरों की नियमित सफाई एवं अन्य निस्प्रोज्य बर्तनों को खाली करना, नालियों की नियमित सफाई, जलभराव की परिस्थितियों को समाप्त करना अति आवश्यक है। गोष्ठी में समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डी.पी.एम, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर एक रैली का आयोजन किया गया।

# पुलिस का कारनामा, हर खबर की उन्हे खबर, सट्टाबाजों से बेखबर

**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव संपन्न करने के मकसद से जहां एक ओर पुलिस दिन-रात एक किए हुए हैं कि जैसे तैसे चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके और कहीं भी किसी प्रकार का विवाद न हो तो वहीं कस्बे में जुआ सट्टा दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक बिना पुलिस के भय से आम हो गया है।

नगर के कई स्थानों पर जुआ और सट्टा खेलते हुए लोग पुलिस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं लेकिन पुलिस के हाथ इन सट्टेबाजों और जुआरियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सहित स्थानीय प्रशासन एवं पैरामिलिट्री फोर्स कस्बे में कई मर्तबा गश्त कर शांतिपूर्वक संपन्न कराने तथा आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा देने का भरपूर प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन लोगों के दिलों में अब पुलिस का खौफ नहीं रहा है जिसका एक उदाहरण यह है कि दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक जुआ और सट्टा नगर में आम हो गया है। वहीं आम जनमानस की माने तो जहां एक ओर पुलिस चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए दोषियों सहित सैकड़ो की तादाद में निर्दोष लोगों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां कर रही है तो वहीं ऐसे सटोरियों और जुआरियों पर पुलिस बेखबर दिखाई दे रही है या पुलिस की संलिप्तता से जुआ और सट्टा नगर में आम हो गया है।

# बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, तीन घायल

- सूचना पर नही पहुंची सहायता, एक घंटे पड़े रहे पीड़ित, सीएचसी से दो को भेजा मेडिकल झांसी

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को प्रातः हाइवे तिराहा पर एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। सूचना पर एंबुलेंस व यूपी 112 के न पहुंचने से पीड़ित एक घंटे तक घटनास्थल पर तड़पते रहे। बाद में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ड्यूटी रत डाक्टर ने उपचारित कर दो को गंभीर हालत में मेडिकल झांसी रेफर किए है। बता दें कि पड़ोसी जनपद जालौन के उरई



निवासी 40 वर्षीय शिवकुमार पुत्र प्यारेलाल निवासी उरई,20 वर्षीय विकास चौरसिया पुत्र राकेश निवासी उरई, 18 वर्षीय आदित्य पुत्र रिंकू एक बाइक में सवार होकर किसी कार्य से खजुराहो जा रहे थे।

जैसे ही पनवाड़ी थानांतर्गत हरपालपुर मार्ग हाई वे पर बाइक अनियंत्रित हो गई और खाई में चली गई। इससे तीनों युवक बुरी तरह से लहूलुहान हो गए। जागरूक लोगों की सूचना पर एक घंटे तक पड़े रहे। दुर्टघना के पीछे तिराहा पर मार्ग को लेकर विचलित होना बताया है। घायलों में शिवकुमार,विकास को फौरी उपचार किया और गंभीर हालत होने पर झांसी मेडिकल रेफर किया है।

# खबरें एक नजर में

## खेत में लगी आग, गेहूं की फसल हुई राख



**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेड़ा में खेतों में खड़े गेहूं की फसल में आग लग जाने से किसान की करीब एक एकड़ पकी फसल जल कर राख हो गई वहीं ग्रामीणों ने मशक्कत के साथ आस पास के खेतों में कटे पड़े गद्ढो को हटाया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बुधवार की शाम करीब चार बजे के करीब बहेड़ा निवासी बाबूराम तिवारी पुत्र रामस्वरूप के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से करीब पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई वहीं सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर चौबे ,चौकी प्रभारी महेवा मोहन वीर सिंह चौधरी मय फोर्स पहुंचे। वहीं सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आनन-फानन में गांव में पहुंची एवम खेतों में लगी आग को काबू में किया वहीं फसल के साथ कई किसानों की खेतों की नरई भी जलकर राख हो गई।

## थाना भरथना का एसपी ने किया निरीक्षण



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना भरथना का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना भरथना का वार्षिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सलामी ग्रहण की गई तत्पश्चात प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, शस्त्रागार भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण/ सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा चौकीदारों को उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## एसडीएम ने प्रधानाध्यापक सहित दो सहायक अध्यापक, दो शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन रोका

**राठ,हमीरपुर।** क्षेत्र के धमना गांव में बूथों का निरीक्षण करने गए उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने कन्या प्राथमिक विद्यालय में हेडमास्ट समेत दो सहायक अध्यापक व दो शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा है। एसडीएम विनय कुमार सुबह धमना गांव में बूथ का निरीक्षण करने गए थे। तभी निरीक्षण के दौरान कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक दरख्शा खातून, सहायक अध्यापक हेमलता, ज्योति वर्मा, शिक्षामित्र नीलम गुप्ता, वंदना देवी, संतोष सिंह राजपूत अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका में माह अप्रैल में सहायक अध्यापक ज्योति, शिक्षामित्र नीलम गुप्ता के हस्ताक्षर नहीं थे। एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने बताया बूथ का निरीक्षण करने के दौरान प्रधानाध्यापक, दो सहायक अध्यापक, दो शिक्षामित्र गैर हाजिर मिले। जिनका एक दिन का वेतन रोके जाने के खंड शिक्षा अधिकारी निर्देशित किया गया है।

## बैंक कैशियर ग्राहकों के साथ करता है अभद्रता

**राठ, हमीरपुर।** क्षेत्र के हरसुंडी गांव के ग्रामीणों ने जलालपुर में स्थित आर्यावर्त बैंक के कैशियर के ऊपर वाउचर फेंक दुर्व्यवहार करने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। गांव के शिवपाल, राजा करन, मनीराम, परमेश्वरी दयाल, चंद्रपाल, अयोध्या, राधे श्याम, नवल किशोर ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण आर्यावर्त बैंक जलालपुर में स्थित है। जिसमें ग्रामीणों का खाता संचालित है। खाते में डले रुपए निकालने के लिए जब खाता धारक आर्यावर्त बैंक जलालपुर जाते हैं तो वहां पर तैनात कैशियर द्वारा वाउचर को फेंक दिया जाता है। कैशियर कहता है कि वाउचर में फिक्स रुपए वाउचर में भरिए। फुटकर कैश नहीं है। एनपीए खाताधारकों का रुपया नहीं निकालते हैं। रुपए के लेन-देन की बात होती है तो दस हजार रुपए में दो हजार रुपए कमीशन काटकर आठ हजार रुपए खाताधारक को दे दिए जाते हैं। इस संबंध में बैंक मेनेजर सज्जन कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

# समीक्षा गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ने दिये निर्देश

- न्यायालय में समय से गवाही करवाने व विशेष अपराधों में विधिवत पैरवी करने के संबंध में किया गया निर्देशित



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा पुलिस लाइन, महोबा अवस्थित सभाकक्ष में जनपद स्तर पर नामित क्षेत्राधिकारी (अभियोजन) एवं थाना स्तर पर निरीक्षक/उपनिरीक्षक (अभियोजन) के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उनको न्यायालय व थानों से संबंधित समस्त रजिस्टर अपडेट करते हुए न्यायालय में समय से गवाही करवाने व गंभीर एवं विशेष अपराधों में विधिवत पैरवी करने के संबंध में निर्देशित किया गया। इसी क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन/ ऑपरेशन् त्रिनेत्र, आईजीआरएस पोर्टल से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के निस्तारण व सीएम डैशबोर्ड से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं पर प्राप्त जनशिकायतों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर जनपद के सभी थानों को रैंकिंग में सुधार हेतु प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये तत्पश्चात महोदय द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस बल के संचरण तथापीएसी/ सीएपीएफ/ पुलिस बल के ठहरने के स्थानों का चिन्हीकरण/सत्यापन व एलओआर के दृष्टिगत की गयी कार्यवहियों की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## टप्पेबाज ने मनरेगा मजदूर को बनाया अपना शिकार

**इटावा।** कस्बा बकेवर के इटावा रोड स्थित बैंक से एक मजदूर ने मनरेगा के 6000 रुपये निकालने के बाद पासबुक मशीन पर प्रिंट करने के दौरान टप्पेबाजी का शिकार बन गया। पुलिस जाँच में जुटी। सराय मिठ्ठे बकेवर थाना निवासी अब्दुल कलाम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बुधवार को करीब 3 बजे इटावा रोड स्थित बैंक से मनरेगा मजदूरी के 6000 रुपये निकाले थे।इसके बाद बैंक के बाहर लगी पासबुक प्रिंट मशीन से एक व्यक्ति से पासबुक प्रिंट करवाने की मदद मांगी।इसी बीच उसके साथ दूसरे व्यक्ति ने पीड़ित की जेब से 6000 रूपये निकाल कर रफू चक्कर हो गये। वही कस्बा इंचार्ज रामप्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में दिया गया प्रशिक्षण



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उड़न दस्ता टीम, स्थाई निगरानी टीम, लेखा टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम एवम् आई टी टीम को प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव सहित समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्तिथ रहे।



# उप जिला निर्वाचन अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने की ब्रीफिंग

**रायबरेली।** लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 सकुशल निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी और अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने नामांकन के लिए हुई तैयारियो के संबंध में मीडिया ब्रीफिंग की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारियां पूरी कर लीजिए गई है। नामांकन के दिन प्रत्याशी के साथ केवल पांच लोगों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें अपना वाहन नामांकन कक्ष से 100 मीटर दूर पार्किंग स्थल पर ही रखना होगा। प्रत्याशी को केवल तीन वाहन ही ले जाने की अनुमति होगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नामांकन कक्ष के चारो ओर बैरिकेटिंग की गयीं है। सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है।

## छाया ने ब्लाक क्षेत्र का नाम किया रोशन

**इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा के अंतर्गत ग्राम मेंहदीपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा ने राष्ट्रीय आय एव योग्यता परीक्षा को पास कर अपने विद्यालय व ब्लॉक क्षेत्र का नाम रोशन किया। विदित हो कि शासन द्वारा गरीबी रेखा में रहने वाले छात्रों की योग्यता परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें सफल छात्र छात्राओं को कक्षा 9से 12तक शिक्षा के लिए एक हजार रुपए प्रतिमाह छात्र वृत्ति के रूप में दिए जाते हैं जिसके कि वह अपनी शिक्षा जारी रख सकें। स्कूल के प्रधानाध्यापक अंब्रीश कुमार यादव ने बताया कि स्कूल की चार छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें छाया ने 31वी रेंक प्राप्त कर परीक्षा पास की। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व एक छात्रा विद्या ज्ञान स्कूल में तथा एक छात्रा नवोदय स्कूल में प्रवेश पा चुकी है।

# गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी के खेत में खड़ी गेहूं की फसल पुलिस ने की जब्त

**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को प्रशासन ने गैंगस्टर मामले के आरोपी बने युवक के आठ बीघा खेत में खड़ी फसल पर हार्वेस्टर चलवाकर प्राप्त अनाज को अपने कब्जे में ले लिया है जो बाजार में बिक्री कर प्राप्त धनराशि को सरकार के राजस्व में जमा कराया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व गैंगस्टर आरोपी बनाए गए के खेत में उपजिलाधिकारी के आदेश के बाद गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने खड़ी फसल में हार्वेस्टर चलवा दिया तथा खेत से प्राप्त अनाज को पुलिस




ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि नियमानुसार गैंगस्टर एक्ट के आरोपी युवक के खेत में पुलिस ने अपनी मौजूदगी में हार्वेस्टिंग कराई है जिसमें लगभग 40-45 क्विंटल गेहूं निकला है लेकिन गुरुवार को बाजार बंदी के चलते बिक्री नहीं कराई जा सकी जो कि अगले दिन नियमानुसार बिक्री करा प्राप्त धनराशि राजस्व विभाग में जमा कराया जाएगा।

## यूपीयूएमएस में मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**इटावा।** प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में माननीय कुलपति की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना है। यह इस बात पर जोर देता है कि मलेरिया से निपटने व उन्मूलन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। कुलपति ने कहा कि मलेरिया से लड़ाई जीतने के लिए सामुदायिक रूप से सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखने की आदत का विकास करना होगा।

# आग लगने से 12 बीघा से ज्यादा खड़ी फसल राख



**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र के ग्राम परछा में अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लग गई जिसमें 12 बीघा से ज्यादा रकबा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। हालांकि मौके पर पहुंचे लोगों ने भी आग बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद लोग आग पर काबू पाने में असमर्थ रहे तो वहीं हमेशा की तरह दमकल विभाग समय से पहुंचने में असमर्थ रहा। ग्राम परछा में दोपहर बाद अज्ञात कारणों से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मौके पर पहुंचे खेत के मालिक समेत ग्रामीण तथा फसल काटने वाले इधर-उधर से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन वहां मौजूद सभी लोग आग बुझाने में नाकाम रहे। आग में जियाउद्दीन उर्फ बच्चा पुत्र कल्लू तथा रियाजउद्दीन पुत्र सुभानी समेत आसपास के दो किसानों की 12 बीघा से ज्यादा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई तो वहीं लगभग 50 बीघा से ज्यादा में भूसा बनाने के लिए खड़ी पराली भी जलकर राख हो गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन फायर स्टेशन में मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि अभी कोई भी गाड़ी मौके पर मौजूद नहीं है।

जो अन्य जगहों पर आग बुझाने के लिए गई हैं हालांकि सुमेरपुर से दमकल विभाग की गाड़ी जब तक आग बुझाने के लिए पहुंची तब तक आग ने सब कुछ नष्ट कर दिया था और खेत के मालिक अपनी किस्मत को कोसते रहे। वहीं उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजा गया है तथा मौका मुआयना कराकर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# तीन हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना भरथना व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते इटावा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या करने वाले 2 अभियुक्त, एक अभियुक्ता को न्यायालय इटावा द्वारा अजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी तथा 20- 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड दिया गया। 9 अक्टूबर 2020 को वादी अनूप कुमार पुत्र रामदास निवासी दतावली थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद द्वारा वादी की बहन को मारपीट करते हुए डीजल डाल कर जला देने के संबंध में थाना भरथना पर सूचना दी गयी। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी निरी. नागेन्द्र कुमार पाठक द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना भरथना पुलिस टीम, पैरोकार का. मनीष कुमार एवं मानीटरिंग सैल व एडीजीसी मंजी शाक्य द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी।

# होनहार प्रतिभाओं में छुपा देश का सशक्त और सुंदर भविष्य: गौरी शंकर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**विद्यालय के** सभी होनहार प्रतिभावान छात्र छात्राओं को गुरुवार के दिन विद्यालय सभागार में प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने मेधावी छात्रों की हौसला अफ्जाई करते हुए कहा कि होनहार प्रतिभाओं में ही देश का सशक्त और सुंदर भविष्य छुपा हुआ है इस मौके पर उन्होंने विद्यालय प्रबंध तंत्र और आचार्यों की खुले दिल से सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं के हित में हर संभव सहयोग किया जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज संस्कारों के साथ-साथ आधुनिक दौर के मुताबिक शिक्षा प्रदान करने में बढ़-चढ़कर भूमिका निभा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिकता के दौर में वैश्विक स्तर पर ज्ञान अर्जित करने के लिए अंग्रेजी माध्यम को भी विद्यालय ने अपना कर नई पहल की है इसमें बच्चों को संस्कारों के साथ-साथ ज्ञान के नए रास्ते भी हासिल हो सकेंगे। पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी और नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ब्रजकुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के प्रबंधक इं.अजय इटौदिया, विद्यालय समिति के प्रबंधक राघवेंद्र जी, सदस्य राजेश्वर पांडे ,परीक्षा प्रमुख समरजीत जी ने मेधावी छात्र-छात्राओं में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 95 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सौम्या श्रीवास्तव, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 91.5 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली सौम्या तिवारी, ऋषिका आदित्य यादव श्रेयांश द्विवेदी वर्षा राजपूत साक्षी राजपूत दीक्षा राजपूत बिहान गौतम सहित अन्य कक्षाओं में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सुभाशीष देते हुए उनके माता-पिता और शिक्षक शिक्षकों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य रविंद्र त्रिपाठी ने किया इस मौके पर सभासद दीपक पटेल, प्रधानाचार्य मनोज पाठक, वरिष्ठ आचार्य अजय पाल, चिंतामणि, राजकुमार पाठक राजकुमार खरे, अशोक, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, आनंद, महावीर, गौरीशंकर, महेंद्र आदि आचार्य उपस्थित रहे।

### मेधावी सौम्या के माता-पिता और दादा-दादी ने सभी मेधावियों को दिया आशीर्वाद

**उरई।** बच्चों की सफलता की वास्तविक खुशी बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और दादा-दादी को होती है समारोह के दौरान जिले में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सौम्या श्रीवास्तव के दादा रमेश चंद श्रीवास्तव और दादी कुसमा देवी पिता अरुण श्रीवास्तव और मां पूनम श्रीवास्तव भी मौजूद रही जिन्होंने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान उपस्थित अतिथियों में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, एल्ड्रीच पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजय इटौदिया सभासद दीपक पटेल सहित सभी गणमान्य लोगों ने मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की खुले दिल से सराहना की।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में जय दुर्गे विद्यालय के होनहारों ने दिखाया कमाल

- विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित कर हौंसला बढ़ाया

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**यूपी** बोर्ड परीक्षा के घोषित हुये नतीजों में में चौरसी रोड उरई स्थित जय दुर्गे उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का डंका बजाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी विद्यालय स्तर पर देखा जाये तो 98 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 87 से 61 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने परिजनों के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा सम्मानित कर उनकी हौंसला आफ्जाई की। जय दुर्गे उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चौरसी रोड उरई में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं में जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त किये उनमें सौम्या सेंगर 87 प्रतिशत, निखिल कुशवाहा 82 प्रतिशत, दीक्षा 78.3 प्रतिशत, पूनम 79 प्रतिशत, सोनम 73 प्रतिशत, परी नागर 82 प्रतिशत, अनस 70 प्रतिशत,, हिमांशु पाल 73.5 प्रतिशत, कुलदीप पाल 79 प्रतिशत, हिमेश यादव 76 प्रतिशत, रोहित सविता 78 प्रतिशत, प्रिया प्रजापति 69 प्रतिशत, मोहित अहिरवार 67 प्रतिशत, रिया 70 प्रतिशत, शिवानी 61 प्रतिशत, राधा 69 प्रतिशत, अल्ताफ 63 प्रतिशत, आनंद 61 प्रतिशत, बॉबी 63 प्रतिशत, जनविजय 77 प्रतिशत सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय व परिजनों का गौरव बढ़ाने पर उन्हें सम्मानित कर उन्हें मिष्ठान खिलाया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती साधना मिश्रा, उप प्रधानाचार्य अम्बरीश द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, अशोक गोस्वामी, गार्गी, ज्योति, मनोज, साधना, लक्ष्मी, रीतेश, मोनू, जयंती सहित अनेकों बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार जीजा साले को बस ने रौंदा मौके पर हुई मौत

**चोपन/ सोनभद्र।** जुगैल स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमिया गांव के पास चितरंगी (मध्यप्रदेश) की तरफ से आ रही बस की चपेट में आने से बाइक सवार जीजा साले की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद इलाके में हड़कम्प मच गया सुचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई7 प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक गणेश पुत्र शिवमुरत निवासी सेमिया उम्र 26 वर्ष के भाई की शादी वुधवार 24 तारीख को थी मंगलवार 25 तारीख को बारात सकुशल वापस सेमिया आ गई हंसी खुशी घर के लोग रिति रिवाज के साथ कार से दुल्हा और दुल्हन को घर में ले गये कुछ देर बिता ही था कि किसी ने बताया कि कार में लड़की पक्ष से आया लोटा छुट गया है जबतक लोग बाहर आये तो कार जा चुकी थी तभी उसको फोन कर बताया गया तो वह आगे रुक गया जिसके बाद मृतक गणेश और उसका साला सुनील पुत्र जगधारी निवासी ओबरा बाइक से लोटा लेने के लिए निकल कर अभी कुछ दूर पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही बस की चपेट आ गये जिसके बाद दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई उधर घटना की सुचना जैसे ही परिजनों को मिली तो हड़कंप मच गया देखते ही देखते चंद पलों में खुशियां मातम में बदल गई वहीं दुर्घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई वहीं दुर्घटना के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया और चतरवार गांव के पास बस खड़ी करके फरार हो गया पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

### एसएसवी में कक्षा 11 में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**अयोध्या।** एसएसवी इंटर कॉलज में कक्षा 11 के गणित,जीव विज्ञान,कला वर्ग,व्यवसायिक और वाणिज्य वर्ग के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश की प्रकिया शुरू हो गयी है।प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकेंगे।प्रधानाचार्य डॉ मणि शंकर तिवारी ने बताया कि प्रवेश फॉर्म सात मई तक विद्यालय की वेबसाइट http://ssvayodhya.in पर भरे सकते हैं।उन्होंने बताया कि हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के सभी वर्ग के लिए परीक्षा आठ मई को सुबह 08.30 बजे से होगी।गणित और जीव विज्ञान के लिए ओएमआर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न और कला, वाणिज्य वर्ग के लिए वर्णनात्मक प्रश्न होंगे।उन्होंने बताया कि गणित वर्ग के लिए गणित के साथ भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान जबकि जीव विज्ञान वर्ग के लिए जीव विज्ञान के साथ भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान की परीक्षा होगी।इसी तरह कला व व्यावसायिक वर्ग के लिए हिंदी,सामान्य ज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय, वाणिज्य वर्ग हिंदी माध्यम के लिए हिंदी,सामान्य ज्ञान,अंक गणित और सामान्य वाणिज्य वहीं वाणिज्य वर्ग अंग्रेजी के लिए अंग्रेजी,सामान्य ज्ञान,अंक गणित और सामान्य वाणिज्य की परीक्षा होगी।परीक्षा अवधि तीन घंटे की होगी।उन्होंने बताया कि परीक्षा में सफल छात्रों की सूची 10 मई को दिन में दो बजे नोटिस बोर्ड पर और ऑनलाइन जारी की जाएगी।

### सरकारी जमीन पर कड़ी फसल काटे पर 15 पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सरकारी जमीन पर खड़ी फसल काटकर घर ले जाने के संबंध में उपजिलाधिकारी के आदेश पर पंद्रह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव कमरुद्दीन नगर व बौरा बंगस नगर के पास गंगा की कटरी के नाम करीब पंद्रह एकड़ सरकारी भूमि है। गांव के असरदारों ने उस पर गेहूं की फसल बोई थी। फसल पकने पर काट ले गए। लेखपाल ने कई बार थाने मे तहरीर दी। मामले की सुनवाई न होने पर लेखपाल राजकुमार ने पिछले दिनों उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा से शिकायत की। उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। शिकायत सही पाए जाने पर उपजिलाधिकारी ने 15 फरवरी को कंपिल एसओ को मुकदमा लिखने के लिए आदेशित किया। पुलिस ने मामले को रफा दफा कर टरका दिया। दो माह बाद बुधवार को पुलिस ने कमरुद्दीन नगर निवासी नेत्रपाल, रामवीर, ब्रजभान, दिनेश, किशन पाल, ब्रजेश, शिवकुमार, राजेश, संजीव, ऋषि पाल, श्रीचंद्र, मूलचंद्र, शिवदीन गांव बौरा निवासी चमकौरएनसीब सिंह सहित पंद्रह लोगों के खिलाफसरकारी सम्पति पर कब्जा कर उसमे बोई फसल को काटने पर मुकदमा दर्ज कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया की मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कार व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन घायल

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव हमीरपुर लालबाग निवासी आराम बाइक पर अपनी पत्नी उमरा व बहन अंसा को बैठाकर चिलौली पार्क में घुमाने गया था। जब वह पार्क से वापस लौट रहा था, तभी पुलगालिब तिराहे पर कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह तीनों गिरकर घायल हो गए और कार सवार कार लेकर फरार हो गया। उक्त तीनों घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज हुआ।

### तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त जबर सिंह पुत्र गुरुदयाल सिंह निवासी ग्राम रामदत्त नगर कोतवाली मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़ को 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### आबकारी टीम ने छापेमारी कर 140 किलोग्राम लहन किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ के द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दविश दी गई। दविश के दौरान लगभग 140 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किए गये। साथ ही आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### तमंचा व कारतूस समेत एक को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** विभिन्न अपराधों में लिप्त आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार को सूचना मिली कि बिहार के जनपद समस्तीपुर के ग्राम अहमदपुर थाना सराईजन हाल निवासी लौना रोड विजय पुत्र रामनंदन औरैया मार्ग पर अवैध शस्त्र लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई सत्यदेव सिंह को टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के पास से आरोपी विजय को पकड़ा लिया। तलाशी में पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए।

# अपर निदेशक ने दुद्धी सीएचसी का किया निरीक्षण

दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**अपर निदेशक** स्वास्थ विंध्याचल मंडल डॉ शोभना दुबे ने गुरुवार की दोपहर दुद्धी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया ,इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो , एनआरसी सेंटर ,ऑपरेशन थिएटर , ओपीडी कक्षों आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी को दिए। इस दौरान उन्होंने हीट वेव से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए नव निर्मित कोल्ड रूम का भी मुआयना किया और लू से पीड़ित मरीजों को त्वरित व बेहतर उपचार के निर्देश दिए जिससे लू से पीड़ित मरीजों के साथ कोई भी अप्रिय घटना ना घट सके ,अपर निदेशक के अस्पताल निरीक्षण के दरमियान पूरे अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद दिखे , इसके बाद अपर निदेशक श्रीमति दुबे ने चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी के साथ गोपनीय बैठक कर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिला अस्पताल से मिलने वाली नई सुविधाओं के अवरोध के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने चिकित्साधीक्षक को सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रतिदिन का ड्रेस कोड लागू किये जाने को निर्देशित किया साथ ही दुद्धी में अवैध रूप से चल रहे झोलाछापों के अस्पताल पैथलॉजी सेंटरों व अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए7 पत्रकारों ने अपर आयुक्त को अवगत कराया कि यहां हड्डी के चिकित्सक व महिला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति होने के बाद भी नियमित ओपीडी लेते जिसे गंभीरता से संज्ञान ले उन्होंने सभी चिकित्सकों को नियमित ओपीडी करने के निर्देश दिए। पत्रकारों ने यह भी अवगत कराया कि अस्पताल में डिजिटल एक्सरे ,सामान्य एक्सरे की सुविधा भी साल में ज्यादातर दिन नही होती कभी डेवलपर पॉवडर तो कभी डेवलपर फ़िल्म नही होने का हवाला दिया जाता है ,पैथलॉजी मे जांच की कई मशीनें धूल फांक रही है इसे रेजेंट अभाव में प्रयोग में नहीं लाई जा रही , अस्पताल में मरीजों को इमरजेंसी व वार्ड में ले जाने के लिए केवल एक ही स्ट्रेचर है जिसकी संख्या बढ़ाया जाना जरूरी है। अस्पताल में सफाईकर्मियों की कमी के कारण नियमित साफ सफाई होने में दिक्कत को भी अवगत कराया ,जिस पर अपर निदेशक श्रीमती दुबे तत्काल सभी समस्यायों का निदान करने का आश्वाशन दिया।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप

**जालौन (उरई)।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हालांकि झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफकार्रवाई भी की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी उन पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर के लोगों ने डीएम झोलाछाप डॉक्टरों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में जुटी हुई है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक स्वयं पैनी नजर रखकर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने में लगे है। साथ ही झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों पर रोक नहीं लग पा रही है।

# रामलला को त्रिशूर की नाव समर्पित



- 26 सौ किमी साइकिल चलाकर आए

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**नौका** दौड़ के लिए प्रसिद्ध केरल की सर्प नौका श्रीराम लला को समर्पित की गई है।प्रसिद्ध मलयालम अभिनेता और राज्य सभा सांसद रहे सुरेश गोपी ने केरल की सांस्कृतिक पहचान इस नाव को अपने प्रतिनिधि शालू के माध्यम से भिजवाया।वे त्रिशूर से 26 सौ किलोमीटर साइकिल चलाकर यह नाव लेकर अयोध्या कारसेवकपुरम पहुंचे।पुरम के प्रभारी शिवदास सिंह ने राम लला के लिए नौका स्वीकार की। विदित हो त्रिशूर से भाजपा प्रत्याशी सुरेश गोपी की ओर से वहां के पार्थसारथी मंदिर में पूजन के बाद ये नौका अयोध्या को रवाना की गई।उल्लेखनीय है की त्रिशूर की पंपा नदी की अराणमूला नौका दौड़ विश्व प्रसिद्ध है।सात फुट लंबी और करीब एक फुट चोड़ी नौका का आज सरयू में जलावतरण भी कराया गया।

# सोन नदी में डुबे युवक का दो दिन बाद मिला शव

- कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ टीम को मिली सफलता
- शव देखते ही परिजनों में मचा हाहाकार मृतक अपने बाप का था इकलौता चराग

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत करगरा गांव में बीते 23 तारीख को शादी में शरीक होने आये दो किशोरी ओर एक युवक 24 तारीख को बारात विदा होने के पश्चात बगल में ही बह रही सोननदी में नहाने गये थे जहां नहाते समय दोनो किशोरियां नदी में डुबने लगी यह देख मृतक अंकित दूबे इनको बचाने के लिए नदी में कुद गया और इनको बचाते बचाते खुद डुबने लगा किसी तरह दोनों किशोरियां तो बच गई लेकिन अंकित गहरे पानी में समा गया जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया सुचना मिलते ही मौके प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह पहुंच गये जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से पूरे दिन भर लापता युवक का खोजबीन किया गया परंतु निराशा ही हाथ लगी सायं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा एसडीआरएफ टीम को सुचना दी गई जिसके बाद गुरवार को सुबह करगरा घाट पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने युद्धस्तर पर खोजबीन शुरू कर दिया काफी जद्दोजहद के बाद दोपहर बाद युवक का शव मिला शव मिलने की सुचना मिलते ही मौके पर ही मौजूद परिजन बदहवास हालत में शव से लिपट कर दहाड़े मार मारकर रोने लगे यह दृश्य देखकर हर कोई की आंख में आसू आ गया मृतक अपने मां बाप का इकलौता चराग था उसकी दो छोटी बहनें हैं।

# एमआरएफ सेंटर के बाहर डाले जा रहे कूड़े को बंद कराने की मांग

- सेंटर से बाहर डाले गये कूड़े से पॉलीथिन खाकर गौवंश हो रहे बीमार

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**कोंच रोड** नगर पालिका का एमआरएफ सेंटर स्थित है। नगर का कचरा एमआरएफसेंटर पर डंप किया जाता है। लेकिन जल्दबाजी में कचरा एमआरएफसेंटर के बाहर की डंप कर दिया जाता है। जिससे कूड़े के ढेर में पड़ी पॉलीथीन आदि को खाकर गोवंश बीमार अथवा मृत हो जाते हैं। विहिप पदाधिकारियों ने तहसीलदार को मांगपत्र सौंपकर कूड़ा एमआरएफसेंटर के अंदर की डंप कराने की मांग की है। नगर से निकलने वाले कचरे को रिसाइकिल करने के लिए कोंच रोड पर एमआरएफ सेंटर बनाया गया है। जहां सूखे और गीले कचरे को अलग अलग किया जाता है। नगर से निकलने वाले कचरे एमआरएफसेंटर में ही डंप किया जाना चाहिए। लेकिन पिछले कुछ माह से कचरा गाड़ियां निकलने वाले कूड़े को जल्दबाजी के चक्कर में एमआरएफसेंटर से बाहर ही सड़क के किनारे डंप कर रही हैं। सड़क के किनारे डंप हो रहे कूड़े के पास गोवंश पहुंच जाते हैं और उन्हें कुछ खाने के लिए मिलने के चक्कर में कूड़े में विषैले पदार्थ के साथ ही वह पन्नी, पॉलीथीन आदि भी खा जाते हैं। जिससे वह या तो बीमार हो जाते हैं अथवा उनकी मौत हो जाती है। इसको विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रमुख रामभूषण उदैनियां, नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, अंशू गौतम, बाला प्रसाद वर्मा, बेटू बोहरे, मानवेंद्र आदि ने तहसीलदार एसके मिश्रा को मांग पत्र सौंपकर बताया कि सरकार गोवंशों के संरक्षण पर जोर दे रही है। सड़क किनारे एमआरएफसेंटर के बाहर कूड़ा डंप होने से गोवंशीय पशु मृत अथवा बीमार हो रहे हैं। यह उचित नहीं है।

### महुआ बिनने गई किशोरी की सर्पदंश से मौत

**दुद्धी।** कोतवाली के तुर्रीडीह गांव में महुआ बिनने गई एक किशोरी की सर्प के काटने से मौत हो गई।घटना के बाबत बताया गया कि आशा कुमारी उम्र करीब 12 वर्ष पुत्री इंददेव निवासी ग्राम तुर्रीडीह सुबह महुआ बीनने घर से कुछ दूरी गई हुई थी तभी अचानक वहां एक विषैले सर्प ने काट लिया सर्प काटने के दौरान किशोरी तेज तेज चिल्लाने लगी जिससे आसपास मौजूद लोग वहां पहुंच गए और उसे उठाकर उसके घर ले गए तथा परिजनो को पूरा बात बताया जिसके बाद आशा को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस को फोन किया जब तक एंबुलेंस आता तब तक आशा की तबीयत काफी बिगड़ गई थी। उसी हालत में आशा को इलाज के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।परंतु कुछ ही दर में किशोरी ने दम तो दिया। जैसे ही परिजनों को उसके मौत की खबर मिली वैसे सभी दहाड़े मारकर रोने लगे। मृतक आशा का एक छः वर्ष का भाई है। चिकित्सक ने मेमो के माध्यम से कोतवाली दुद्धी को किशोरी के मौत की सूचना दी।इसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी मर्चरी हाउस भेज दिया।


### युवक को बाइक ने मारी टक्कर, जिला अस्पताल हेतु किया गया रेफर

**दुद्धी सोनभद्र।** नगर के शिवाजी तालाब के पास धनौरा जाने वाले मार्ग पर 39 वर्षीय सुशील सोनी पुत्र सत्यनरायण सोनी वार्ड नंबर 9 जो अपने घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी लेने जा रहा था कि धनौरा गांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक पर तीन बाइक सवार युवको ने पानी लेने जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं बाइक सवार भी अनियंत्रित होकर गिर पड़े दुर्घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग दौड़े और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण के द्वारा सुशील सोनी का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं बाइक चालक अमन कुमार को भी चोटे आई हैं जिसका इलाज सीएचसी में चल रहा है।

राजनीति | पूर्व जिपंअ के नेतृत्व में सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

# पूर्व कार्यवाहक जिपंअ का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

अयोध्या। समृद्धि न्यूज




**पूर्व कार्यवाहक** जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय का भाजपा लोक सभा चुनाव कार्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।लखनऊ कार्यालय पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सोमवार को उन्हें भाजपा में शामिल कराया था। पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह,महापौर गिरीश पति त्रिपाठी,क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह,जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी,जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 51 किलो की माला पहना कर सभी का स्वागत किया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा।इस दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के कारण भारत विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है।सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है।इसी भावना के साथ सरकार ने जनकल्याण हेतु योजनाओं की श्रंखलाओं से सभी का कल्याण किया है।क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सराकर ने वंचित,शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया।अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वागीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा पार्टी में शामिल सभी लोगों का स्वागत है।चुनाव प्रबंधन में सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी अन्त्योदय के सिद्धान्त पर कार्य करते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही है।पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है।पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की जनकल्याण कारी नीतियों तथा राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए है।चार जून को लोकसभा क्षेत्र को भगवामय करने के संकल्प के साथ पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हम सभी करेंगे।भाजपा ज्वाइन करने वालों में रवि शंकर मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख मसौधा,निदानंद मिश्र उपभोक्ता भण्डारण के सभापति, राम सुभन मिश्र गब्बर अध्यक्ष ब्राहमण स्वाभिमान मोर्चा,पूर्व प्रधान अनिल विश्वकर्मा,बसपा सेक्टर प्रमुख धनश्याम गौतम, इन्द्र कुमार पासवान,सत्य प्रकाश द्विवेदी,मकरंद पाण्डेय,अविनाश कुमार,रणंजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों को भाजपा का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया गया।इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र,गिरीश पाण्डेय डिप्पुल,कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, प्रदीप तिवारी,शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या,दिवाकर सिंह, नरेश गुप्ता,परमानंद स्वामी,बब्लू मिश्र सहित पार्टी पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव के लिए माहौल बना रहे दिग्गज

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**सपा** मुखिया के लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से ही चुनाव लड़ने का ऐलान के बाद दिग्गज माहौल बनाने का प्रयास करने लगे। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिले जनपद में प्रदेश स्तर के सपा नेताओं का आना शुरू हो गया । बृहस्पतिवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए माहौल अपने आवास पर लोगों से मुलाकात कर बनाने लगे। सपा प्रत्याशी की जीत लाखों वोटो से होगी। जनता वर्तमान सरकार विभाजन से नाराज है महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान हो चुकी है अब ऐसे लोगों को जानता वोट नहीं करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री के कन्नौज से चुनाव लड़ने के ऐलान पर कई सपा कार्यकर्ता ने खुशी मना कर जश्न मनाया, उन्होंने अपने आवास छिबरामऊ में आकर



सभी कार्यकर्ताओं को बुलाया और कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। आज से सभी लोग घर-घर जाकर वोट सपोर्ट करो और सपा के कार्यकाल का विकास कार्यो के बारे में जानकारी दो, जनता अखिलेश यादव को 5 लाख वोटों से जीताकर लोकसभा कन्नौज में इतिहास रचेंगे। जिससे आने वाले समय में विरोधी उनके सामने लड़ने को तैयार नहीं हो। जनता सबको जान चुकी है भाजपा केवल जुमलेबाजी और झूठ पर झूठ बोलना उनका काम हो गया है जिससे जनता अब भाजपा से पूरी तरह से रूठ चुकी है किसी कीमत पर जनता भाजपा को वोट नहीं देगी इसलिए अखिलेश यादव को भारी मतों से जीताना है । सभी लोग अभी से मेहनत करना शुरू कर दो, गांव-गांव जाकर सभी वोटरों को बताओ अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं और सपा सरकार में विकास कार्यो के बारे में जानकारी दो एक बोट अपने-अपने बूथ तक पहुंचाएं और यह तक वोट सपा के खाते में डालें और पूर्व



विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी अपने नेताओं , कार्यकर्ताओं को समझाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विकास का चुनावी मुद्दा सामने आ सकता है । जिले में कोई विकास न होने की बात कह कर उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं उनका दावा है कि वह केवल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ेंगे कन्नौज में अभी तक कोई विकास नहीं हुआ। 10 सालों में उनका कहना है कि जिले में उद्योग विकास शून्य है जिले में कोई विकास नहीं हुआ जैसे तैसे सब पड़ा हुआ है इसका जवाब उनके पास भी नहीं है आने वाले चुनाव में इसका जवाब जनता भाजपा उम्मीदवार से मांगेगा वह केवल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं सपा सरकार थी जब कन्नौज में विकास कार्य हुआ। आज तक कोई विकास भाजपा सांसद ने नहीं कराया, मेडिकल कॉलेज तिर्वा की सड़क तक नहीं बनी जिले में कोई उद्योग नहीं लगाया गया जिससे यहां के युवाओं और किसानों को रोजगार मिल सके। उनका कहना है कि यह सबसे पहले जिले का चौमुखी विकास कराएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज को बहुत कुछ दिया हुआ है उन्हीं का विकास कार्य हुआ है भाजपा सरकार ने आज तक जमीनी विकास का कोई भी कार्य नहीं कराया कागजों में ही उनके विकास सिमट गए हैं और जमीनी स्तर पर कोई कर नहीं हुआ है भाजपा सरकार हर जगह से फेल हो गई है पश्चिमी उत्तर भाजपा जनता ने खत्म कर दिया है इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनता ने भाजपा को जानकारी दिया है जनता सब जान चुकी है कि यह सरकार झूठे की सरकार है।

## कन्नौज लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिलाया जीत का विश्वास



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नामांकन सभा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस(अल्पसंख्यक) के प्रदेश महासचिव संजय पौल के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन,प्रदेश सचिव सरफराज़ हुसैन, जिला सचिव आरिफ खान,शहर अध्यक्ष वसी जान ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश से कहा गठबन्धन में शामिल कांग्रेस आपको भारी बहुमत से जिताने के लिये दिन रात एक कर देगी,पहले चरण में इण्डिया गठबन्धन 102 सीटों में उत्तर प्रदेश सहित लगभग 90 सीटों पर जीत रही है,अखिलेश ने संजय पौल से कहा कि आपसे अलग से बैठकर बात करेंगे,इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक) ने कहा राहुल गाँधी ने भारत जोडो यात्रा में देश की जनता का दर्द महसूस करके और इण्डिया गठबन्धन के सभी दलों से सलाह लेकर पाँच न्याय का घोषणा पत्र तैयार किया जिसमें 30 लाख नौकरियों को देना,गरीब महिलाओं को एक लाख देना,युवाओं को नौकरी देना, अग्निवीर योजना को हटाकर पुरानी योजना लागू करना सहित बहुत सी योजना हैं,आने वाले 4 जून को इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने वाली है, नामांकन सभा में प्रदेश सचिव विनोद कुमार दुबे(पप्पू),शमीम खान,आमिर अंसारी एडवोकेट,सलमान खान,ज़ैनुल आबदीन, लियाकत , आशा राम यादव जी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# ईओ ने भ्रमण कर वितरित किये मतदान आमंत्रण पत्र

- गोष्ठी में मतदान के लिये जागरूक किया दिलाई शपथ

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शासन** के आदेश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 07 अम्बेडकर नगर एवं वार्ड संख्या 08 जाकिर हुसैन नगर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिशासी अधिकारी नें संबोधित करते हुये कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना हर देशवासी का दायित्व हैं।

गुरूवार को पालिका के दोनों वार्डो में आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें मौजूद नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुये कहा कि शत प्रतिशत मतदान से राष्ट्र व मजबूत




मतदाता जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते ईओ अनिल पंडित समृद्धि न्यूज

लोकतंत्र की स्थापना होती है। इसलिए सभी नागरिक मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। इससे पूर्व उन्होनें वार्डो में भ्रमण कर नागरिकों को मतदान आमत्रंण पत्र सौपकर मतदान करनें की अपील की। इसके बाद मौजूद नागरिकों को मतदान करनें की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता लेखपाल कौशल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# पिछले 48 घंटों में महज 10 घंटे तिर्वा क्षेत्र को मिली बिजली

- बिजली की भारी कटौती से जन-जीवन हुआ बाधित
- गर्मी से जूझ रहे नागरिक, बिजली पर आधारित कारोबार रहे ठप्प

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**क्षेत्र में** पिछले दो दिनों से बिजली की चल रही भारी अघोषित कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पिछले 48 घण्टों में तिर्वा क्षेत्र में महज 10 घण्टे बिजली की आपूर्ति हुई है। यह आपूर्ति भी रूक-रूक कर दर्जनों बार ट्रिपिंग होने के बाद हो सकी है। बिजली न आने से क्षेत्र में बिजली पर आधारित कारोबार भी बाधित हो गया है। तिर्वा क्षेत्र में बुधवार की सुबह से ही बिजली की भारी अघोषित कटौती जारी है। बुधवार को पूरे दिन गुल रही बिजली मध्य रात्रि के करीब शुरू हो पाई। इस दौरान भी कई बार ट्रिपिंग हुई। गुरूवार की सुबह 09 बजे गुल हुई बिजली शाम 07.30 के करीब आई। इसके बाद भी कई बार ट्रिपिंग हुई। बिजली पर आधारित आटा चक्की, स्पेलर, खराद मशीन व इलेक्ट्रानिक कारोबार से जुड़े व्यवसाय पर बुरा असर पड़ा है। कई दुकानदारों ने बताया कि बिजली न आने से उनके दुकानों पर बिक्री नहीं हुई। इसके अलावा भीषण गर्मी में लोग भारी उमस से भी परेशान रहे। इस मामले में एसडीओ विद्युत तिर्वा कुलदीप राजपूत से पूछा गया, तो उनका कहना था कि बुधवार को एक्सप्रेस-वे के निकट फ्लाट हो गया था। जिसको शाम तक दूर किया जा सका। गुरूवार को ऊपर से ही बिजली की कटौती रही। इसके अलावा आपूर्ति में लो बोल्टेज की समस्या बनी रही। जिस बजह से आपूर्ति बाधित रही।

# खबरें चलते-चलते

## अनियंत्रित होकर पलटा टैम्पो, पांच यात्री घायल

**तिर्वा।** तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर आशीर्वाद कोल्ड स्टोरेज के निकट गुरूवार की शाम यात्रियों को बैठाकर कन्नौज जा रहा एक टैम्पो अनियन्त्रित होकर पलट गया। हादसे में टैम्पो में सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव निवासी रेनू देवी पत्नी सुनील कुमार, अभय प्रताप सिंह पुत्र सुनील कुमार, गौरव कुमार पुत्र ओमप्रकाश, विनय कुमार पुत्र अभय व उन्नाव निवासी एकता पुत्री शिवपाल वर्मा टैम्पो पर सवार कन्नौज जा रहे थे। शाम 06 बजे के करीब जब टैम्पो आशीर्वाद कोल्ड स्टोरेज के निकट पहुंचा, तभी अचानक टैम्पो अनियन्त्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा होते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पांचो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो घायल

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फगुहा भट्टा कट के निकट गुरूवार की दोपहर एक कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार पर सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। दिल्ली के दादरी थाना क्षेत्र के निवासी पंकज पुत्र प्रेम सिंह अपने साथी विनय पुत्र अनिल के साथ कार पर सवार होकर किसी काम से बनारस गए थे। दोनो बनारस से वापस अपने घर वापस आ रहे थे। गुरूवार की सुबह 06.30 के करीब जब उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुहा कट के निकट पहुंची, तभी अचानक चालक को झपकी आ जाने से कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा होते ही यूपीडा कर्मी व तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। यूपीडा कर्मियों ने दोनो घायलों को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## तलखधूप और गर्म हवा से झुलसने लगा बदन

**छिबरामऊ कन्नौज।** चिलचिलाती धूप के साथ गर्म हवा जुगलबंदी अप्रैल महीने में हीबहाल करने लगी है आलम यह है कि दिन में 11:00 बजे के बाद भी शरीर को जलसाने लगी है। बृहस्पतिवार को पा रहा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया बृहस्पतिवार को भी दिन की शुरुआत तीखी धूप से हुई तेज धूप की वजह से 11:00 बजाते बसे घर से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा धूप में त्वचा के जलने का एहसास होने लगा धूप से खुद को बचाने के लिए छतरी और गमछा का सहारा लेना पड़ा दिन के 12:00 तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया गर्मी बढ़ने के साथ ही तेज हवा चलने लगी और गर्मी हवाएं शरीर को भेजने लगी जैसे तैसे गर्मी से इजावा हो रहा है कारोबार भी प्रभावित हो रहा है रिश्वत बार दोपहर 1:00 बजे के बाद पूर्वी बाईपास फर्रुखाबाद चौराहा प्रमुख बाजारों में सन्नाटा सा दिखने लगा ग्राहकों की संख्या में कमी आने लगी बजे से विषयों को दिन के समय दुकान बंद कर देनी पड़ रही है गर्मी के मौसम का मिजाज तेज धूप और गर्भावों तक सिमट गया बीचो-बीच में मामूली बादल दो का रास्ता रोकते हुए चंद लम्हों के लिए लोगों को राहत पहुंचा रहे लगातार दो दिनों से पर 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ ।

## चुनाव को लेकर 4000 से अधिक किए गए पाबंद

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षकजितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से अभी तक करीब 4000 से अधिक लोगों को 107/ 116 के तहत पाबंदकिया जा चुका हैजबकि 4000 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई लंबित है उन्होंने बताया कि अभी तक 59 अभी तो के खिलाफ गुंडा एक्ट 135 के खिलाफ मिनी गुंडायक और तीन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है उन्होंने बताया कि अभी तक करीब 2000 लाइसेंसी असलाएं भी जमा कराए जा चुके हैं।

# पुरस्कार वितरण सामरोह में विजेताओं को किया पुरस्कृत



पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद विद्यार्थी समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**विगत** दिनों पूर्व राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेन्डरी विद्यालय के छात्र छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारनें के उददेश्य से प्रबन्धक व शिक्षकों की देखरेख में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बिजेता छात्र छात्राओं को पुरूस्कृत कर उत्साहबर्धन किया गया।

गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम डम्मरपुर्वा अमोलर स्थित राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित पुरूस्कार वितरण समारोह में शोभित राजपूत, देवांश ,गोपाल कक्षा 2 से 3 में प्रथम द्वितीय तृतीय, युवराजसिंह, कक्षा 4 से 7 में सिद्धार्थ, आराध्य, कक्षा 8 से 12 में रागिनी, लव कुश, अंकुर को प्रबंधक अशोक कुमार एवं विद्यालय के संचालक दीपक यादव ने शील्ड व प्रसश्ति पत्र सौंपकर उत्साहबर्धन किया।

इस दौरान उन्होंनें कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार होता है। इस अवसर पर सुनील, सत्यप्रकाश यादव, मूलचंद्र, बिपिन, नवीन, शालू, रूबी आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# सुप्रभाश अकादमी में उत्साह के साथ मनाया गया किंडरगार्डन ग्रेजुएशन डे

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर** के आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाश अकादमी के तरंग रंगमंच पर नौनिहालों का ÷ किंडर गार्डन ग्रेजुएशन डे अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूकेजी पास कर कक्षा एक में पहुंचे समस्त छात्र-छात्राओं के अलावा उनके अभिभावकों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने उत्साह के साथ वेलकम डांस किया और अपनी खुशी जाहिर की ।सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री व अन्य सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए गए। सभी बच्चे काले रंग की ऑक्सफोर्ड ग्रेजुएशन ड्रेस में अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। सभी आमंत्रित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल श्रीमती अलका गुप्ता ने कहा कि यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों




का हौसला बुलंद करने व उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का एहसास करवाने के मकसद से आयोजित करवाई गई है। संस्था के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा कि भविष्य में इन बच्चों के स्नातक होने पर जब ग्रेजुएशन सेरेमनी होगी ,तब इन बच्चों के माता-पिता तो उपस्थित होंगे परंतु हो सकता है इन बच्चों के नाना- नानी अथवा दादा -दादी उसे वक्त तक इस खुशी को देखने के लिए उपलब्ध न हो , अतः इस प्रयास के माध्यम से ग्रैंड पेरेंट्स को भी इस गर्व की अनुभूति कराई जा सके इस उद्देश्य से भी इस सेरेमनी का आयोजित किया जाना आवश्यक था। नगर के कई सम्मानित अभिभावक इस अवसर पर मौजूद रहे जिसमें उद्योग व्यापार मंडल से उमर फारूक बंटी, स्वाति गुप्ता, आकाश गुप्ता, सलीम खान ,आमिर खान ,सत्यम गुप्ता ,अमित कुमार व मेहराज अली आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर वंशिका ,प्रियांशी, नेहा, अंकित गुप्ता, गुंजन, अभिषेक, दुर्गेश व अन्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जुगल शीतल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के संचारी रोग जागरूकता अभियान की ओर बढ़ते कदम

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**भारत** सरकार ने संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम को आगे बढ़ते हुए *जुगल शीतल सीनियर सेकेंडरी स्कूल* द्वारा यह अभियान नगर स्तर छिबरामऊ पर आयोजित किया किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा नगर की जनता को संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि के खिलाफ जागरूक करने के लिए कई तरह की जानकारी दी गई इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता सुरक्षा और सामाजिक दूरी के महत्व को समझने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाद्य विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सेमिनार, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, और अन्य गतिविधियों का आयोजन




किया जिसमें संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई छात्र-छात्राओं द्वारा अपने समूहों के साथ मिलकर लोगों को सही जानकारी प्रदान करने के लिए प्रयास किया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने इस अभियान की सफलता पर स्वागत किया और छात्रों को उनके सामाजिक उत्साह और सजगता के लिए प्रशंसा की उन्होंने कहा छात्र-छात्राओं ने कोआर्डिनेटर श्री संदीप प्रताप जी के साथ मिलकर एक अद्वितीय पल की है जिसमें समाज में संचारी रोगों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी इस संचारी रोग जागरूकता अभियान के माध्यम से विद्यालय के छात्र छात्राओं ने न केवल अपने स्कूल वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान दिया है बल्कि उन्होंने समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा कोआर्डिनेटर संदीप प्रताप, सोनू, अंकित शर्मा, क्रीडा प्रमुख अमित और विद्यालय की कक्षा 9 से 12 के सभी छात्राओं में योगदान दिया।

# भाजपा की सरकार में हर ओर खुशहाली, गुण्डागर्दी का हुआ खात्मा: केशव प्रसाद मौर्य

- भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दिन कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउण्ड पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को किया सम्बोधित, अखिलेश यादव पर साधा निशाना

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**गुरुवार** को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दिन कन्नौज पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शहर स्थित बोर्डिंग ग्राउण्ड में जनसभा की। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लाल टोपी और जालीदार टोपी वाले गुंडों के अखिलेश सरदार हैं, और जब मैं इनको गुंडा बोलता हूं तो ये भड़क जाते हैं और फिर गलत भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने केन्द्र व प्रदेश सरकार का गुणगान करते हुए कहा कि आज देश व प्रदेश और जिले



से लेकर गांव की जनता यह जान चुकी है,कि सरकार किस प्रकार से देशवासियों की सुरक्षा को तत्पर है।राम मंदिर की बात हो या धारा 370 को लागू करने की, देशवासियों के हित में सरकार लगातार फैसले ले रही है।निशुल्क अन्न योजना से करोड़ों परिवार आज अपना पेट भर रहे हैं।मौर्य ने कहा कि कन्नौज की जनता अच्छी प्रकार से जानती है कि जिस प्रकार की प्रताड़ना, लूट खसोट से वो जूझ रही थी, उससे अब जनमानस को छुटकारा मिल चुका है। श्री मौर्य ने कहा कि सपा सरकार में तो इतनी गुंडागर्दी थी कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा उसमे बैठा सपा का गुंडा। अखिलेश जी उन गुंडों के सरदार है। अगर अखिलेश ने अच्छे काम किए होते तो सपा, सफा नही होती। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सदन में मेरे पिता के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल किया, लेकिन मैने बुरा नहीं माना। क्योंकि जो अपने पिता का सम्मान नहीं कर सकता, वो मेरे पिता का क्या सम्मान करेगा। इनके चाचा शिवपाल हों या रामगोपाल हों या फिर उनके साथी राहुल गांधी हों, इन सब की गालियों का जवाब जनता भाजपा के पक्ष में कमल का बटन दबा कर देंगी। उन्होने कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी को भी भारी और ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील करते हुए कहा कि इस बार अखिलेश यादव को चुनाव हराकर भेजेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि डिंपल को चुनाव हराने में कम मजा आया था। इस बार अखिलेश को चुनाव हराएंगे तब असली मजा आएगा। कहा कि सपा शासन में पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल था, आज जनता उसे भूली नहीं है। अखिलेश यादव की अराजकता को जनता के सामने लाना है। कन्नौज जिले के नरुइया गांव के प्रधान अरुण शाक्य की हत्या करवा दी गई थी। यहां के रहने वाले नीरज मिश्रा का सिर कटवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार आने के बाद से सपाइयों की गुंडागर्दी खत्म हो गई। घर-घर खुशहाली लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी रात दिन काम कर रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि आपके एक वोट की बदौलत हमने कश्मीर में धारा 370 हटाई। आपके एक वोट की बदौलत गरीबों को पक्का मकान मिला। आपके एक वोट की बदौलत किसानों को सम्मान निधि मिली, आपके एक वोट की बदौलत तमाम लखपति दीदी बन गईं। और आपके ही एक वोट मिलने से हम लोग पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने का काम करेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए परिवार, डेवलपमेंट, अथॉरिटी है, क्यूंकि की परिवार के पांच-पांच सदस्य चुनाव लड़ रहे है। यह परिवार की पार्टी है। जनसभा को भाजपा प्रत्याशी सांसद सुब्रत पाठक, मंत्री असीम अरुण, प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, विधायक कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांण्डेय समेत जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया आदि नेताओं ने सम्बोधित किया।

## नामांकन कर बीजेपी प्रत्याशी सुब्रत बोले, अब होगा भारत पाकिस्तान का मैच

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में हॉट सीट बन चुकी कन्नौज संसदीय सीट का चुनावी मुकाबला अब देखने लायक होगा। जहां सपा मुखिया अखिलेश यादवं अब कन्नौज लोकसभा सीट से खुद मैदान में उतर चुके हैं, वहीं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक अब सीधे उनका मुकाबला करने को ताल ठोकने को तैयार नजर आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ने गुरुवार को नामांकन करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हमने तो लगातार कहा कि अखिलेश जी मैदान में आएं।

# चूल्हे की चिंगारी से चार झोपड़ियां जलकर खाक, बेजुबान की जलकर मौत

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

- गृहस्थी सहित हजारों का नुकसान, कड़ी मशक्कत के बाग आग पर पाया गया काबू
- क्षेत्रीय लेखपाल तथा पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर की जॉच पड़ताल जारी

**शमशाबाद थाना** क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खरेटा के मजरा दादूपुर में गुरुवार को चूल्हे पर खाना बनाए जाने के दौरान अचानक झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। घर परिवार के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने और भी निकराल रुप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग ने चार झोड़ियों को जलाकर खाक कर दिया। घटना के संबंध बताया गया है ग्रामीण राम अवतार की पत्नी सुदामा देवी दोपहर का खाना बना रही थी। अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी जो झोपड़ी पर जा गिरी। देखते ही देखते झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। आगजनी की घटना के बाद घर परिवार में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुन आसपास मुहल्ले के लोगो का हुजूम मौके पर पहुंचा तथा नलकूप के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया। मगर आग बुझने की बजाय बढ़ती गई। पड़ोसी राजवीर के घर को भी आगोश में ले लिया। परिणामस्वरुप 80 हजार रुपए की कीमत की भैंस जल गई तथा कुछ समय बाद उसकी दर्दनाक मौत हो गई पास में राणा की झोपड़ी भी आगजनी की घटना का शिकार हो गई परिणाम उनका भी घर गृहस्थी का सामान जल गया लगभग पांच हजार का नुकसान होना बताया गया है। राम अवतार की झोपड़ी में बांधी गई भैंस झुलस गई



गृहस्थी का जला पड़ा सामान — समृद्धि न्यूज

पड़ोसी नारद मुनि की झोपड़ी भी आगजनी की घटना का शिकार हो गईइस आगजनी की घटना में दो हजार का भूषा जल गया इस आगजनी की घटना के बाद हुए शोर शराबे को सुन ग्रामीणों ने 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जैसे तैसे आग पर पर काबू पाया। बताते हैं आग बुझाये जाने के लिए ग्रामीणों ने हैंड पंप तथा नलकूप का सहारा लिया। चूल्हे की चिंगारी से लगी आग और एक साथ चार गृहस्थियों के जल जाने पर पीड़ित परिवार में कोहराम देखा गया। महिलाए जले आशियाने देख बिलख रही थी और ऊपर वाले के निर्णय को कोश रही थीं? शायद कुदरत को यही मंजूर था। आगजनी की सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरनाम सिंह मौके पर पहुंचे तथा सूचना तहसील प्रशासन को दी। बताते हैं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अनिल कुमार ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी शमशाबाद बलराज घाटी भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर रहे। खाना बनाए जाने के दौरान अचानक आग लगने से बर्बाद हुए लोगों को उदासी के माहौल में देखा गया। आगजनी में घटना की शिकार पीड़ित परिवार की महिलाएं बिलखते हुए प्रशासन से आर्थिक मुआवजा की मांग कर रही थी, लेखपाल ने रिपोर्ट हहसील अधिकारियों को देने की बात कही।

# प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**सामान्य प्रेक्षक** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 दीपक कुमार मीणा द्वारा पोलिंग पार्टी रवाना स्थल/मतगणना स्थल सातनपुर मंडी व लोकसभा निर्वाचन सामग्री पैकेजिंग स्थल ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ का निरीक्षण किया व तैयारियों की समीक्षा की गई। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि जो भी छोटी कमियां रह गयी हैं। उनका जल्द से जल्द दुरुस्त कर लिया जाये। लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। टिनशेड, टेपर, साफ-सफाई तथा पेयजल आदि की व्यवस्थायें पूरी तरह से दुरुस्त होनी चाहिए। कोई भी बहाना नहीं चलेगा। लापरवाही मिलने पर सीधी एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही



सातनपुर मंडी मतगणनास्थल का निरीक्षण करते प्रेषक

की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति व सबंधित अधिकारी मौजूद रहे । प्रेक्षिक ने सातनपुर सहित 125 बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखीं।

# खबरें चलते-चलते

## भाजपा, सपा, बसपा सहित कुल 17 हुए नामांकन, अंतिम दिन दस पर्चे हुए दाखिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन बसपा, सपा सहित तीन प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। नामांकन के अंतिम दिन नामांकन कक्ष से लेकर बैरियर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एक दिन पूर्व नामांकन कर चुके प्रत्याशियों ने पुनः समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने दो सैट दाखिल किये है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी क्रांति पांडेय ने पुनः एक सैट दाखिल किया है। किसान क्रांति दल से नरेंद्र सोमवंशी, भारतीय राष्टीय मोर्चा से अमर सिंह कटियार, निर्दलीय डा0 हरिनंदन यादव, अखिल भारतीय अशोक सेना से यदुनाथ सिंह, निर्दलीय संतोष यादव, संयुक्त जनादेश पार्टी से इरसाद जरारी, निर्दलीय दीपक कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। विक्रांत सिंह राना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती, मान सिंह, मनीष यादव, सांसद मुकेश राजपूत, श्यामवीर सिंहं, दिनेश, रंजीत सिंह, श्यामवीर सिंह। फर्रुखाबाद लोकसभा के लिए कुल 17 उम्मीदवारों ने अपने- अपने नामांकन दाखिल किये है।

## अपने हिस्से के पेड़ काटने नहीं दे रहे दबंग परिवारीजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित ने थानाध्यक्ष को दी गयी तहरीर में कहा कि वह ग्राम बछलैया थाना नवाबगंज का रहने वाला है। मेरे पारिवारिक बंटवारा हो चुका है। जिसमें जब खेती का बंटवारा हुआ, तो खेत में लगे साखू के पेड़ कुछ हमारे हिस्से में आये और कुछ साखू (लिप्टिस) के पेड़ हमारे चाचा रामवीर पुत्र स्व0 बच्चन लाल के हिस्से में आये। जिस पर मेरे चाचा व उनक पुत्र रंजीत व मंजीत पर जमीनी विवाद संबंधित मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। दिनांक 24.04.2024 को सुलह लगभग 8 बजे पीड़ित उमेश कश्यप जब अपनी जमीन पर लगे साखू के पेड़ों को कटवाने के लिए गये, तो वहां पर मेरे चाचा रामवीर व उनके पुत्र रंजीत, मंजीत आये और बोले यह लिप्टस के पेड़ तुम नहीं काट सकते। जिस पर मैंने कहा कि चाचा मैं तो अपनी जमीन पर लड़े पेड़ कटवा रहा हूँ, तो इसमें तुमको क्या आपत्ति है। इसी बात पर उपरोक्त लोग मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे व मेरे साथ हाथापायी करते हुए बोले मैं यह साखू (लिप्टिस) के पेड़ तभी काटने दूंगा, जब आप लोग मुकदमा वापस ले लेंगे। जबकि उक्त जमीन पर पीड़ित का कोई विवाद नहीं है। पुलिस ने आश्यक कार्यवाही करने का आश्वास दिया।

## शादी की बात को लेकर बड़े भाई व भाभी ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित सुखपाल पुत्र राजाराम निवासी ग्राम नयागनीपुर थाना नवाबगंज का निवासी है। पीड़ित के बड़े भाई मुकेश पुत्र राजाराम व सोनी पत्नी मुकेश ने मुझे दिनांक 25 अप्रैल को मेरी शादी की बात को लेकर लाठी-डंडों से मारापीटा। जिससे पीड़ित के काफी चोटें आयी हैं। पीड़ित के बड़े भाई व भाभी पीड़ित की शादी नहीं होने दे रहे हैं, क्योंकि उपरोव लोग घर मकान आदि को जबरन लेना चाहते हैं। इसी बात को लेकर प्रार्थी के बड़े भाई मुकेश व उसकी पत्नी आये दिन पीड़ित के साथ मारपीट करते रहते हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोरन सिंह पुत्र मेवाराम निवासी रेद डाकखाना नगला लीलाधार थाना जैथरा में अपनी भतीजे के घर आये थे। रास्ते में घर जाते समय मोहम्मदाबाद के पास पीछे से बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। उसे मोहम्मदाबाद सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गम्भीर रुप से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। साथ में उसका भांजा विसोत कुमार व अंकुश कुमार लड़का भी था।

# हर घर में शौचालय योजना को पलीता लगा रहा ग्राम प्रधान

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**कमालगंज** थाना क्षेत्र के ग्राम सियापुर के पाल नगला में बना सुलभ शौचालय जो कि लगभग 4 वर्ष पूर्व बनवाया गया था। जिसका निर्माण पूर्व प्रधान राम शंकर उर्फ बाबा के द्वारा करवाया गया था। जिसमें घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किये जाने के कारण वह बदहाल स्थिति पर पहुंच गया है।

शौचालय बनने के बाद 4 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी शौचालय में लगी टोटियों एवं पाइप लाइन में पानी नहीं आ रहा है एवं छोटा टैंक बनाए जाने के कारण वह भी भर गया है। जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीण को खुले में शौच जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। शौचालय की देखरेख करने वाली बिट्टू देवी ने बताया की शौचालय मैं पानी न आने के कारण यह शौचालय महीनों से बंद पड़ा है।



अधूरे पड़े शौचालय के टैंक — समृद्धि न्यूज

कई बार प्रधान से इस मामले में शिकायत की जा चुकी है लेकिन आज तक इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं का गयी। वर्तमान में ग्राम प्रधान विजय कटियार के ध्यान न दिए जाने के कारण लाखों के निर्माण से बने शौचालय का प्रयोग ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं जिससे स्वच्छ भारत अभियान एवं खुले में शौच क्रिया के लिए जाने को ग्रामीण लाचार है जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को पलीता लग रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आज से 20 साल पूर्व इस गांव में सरकारी आवास आए थे 20 साल बीत जाने के बावजूद न तो पूर्व प्रधान और ना ही वर्तमान प्रधान द्वारा कोई भी विकास कार्य इस गांव में करवाया गया है। वहीं शौचालय के पास में बने कूड़ाा निस्तारण के अंतर्गत बनाए गए बड़े-बड़े कूड़ेदान में घास जमती है। जिससे ग्रामीणों में जागरूकता ना होने के कारण उनका भी प्रयोग नहीं हो रहा है। जिससे हजारों रुपए से बनाए गए कूड़ा निस्तारण गमले बेकार पड़े हुए और गंदगी मुंह चिढ़ा रही है। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने पर उन्होंने बताया संज्ञान में मामला नहीं था। अब जानकारी हुई है इस मामले में ग्राम प्रधान को जल्द से जल्द ग्रामीणों की शिकायत के निस्तारण के लिए कहा जाएगा।

# भेड़ का बच्चा लेने गए युवक पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के गांव आसमपुर निवासी पीड़ित सुनील पुत्र रामभजन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही निवासी सत्यवीर पुत्र कलेक्टर के द्वारा भेड़ का बच्चा चोरी कर लिया गया। जब पीड़त के पिता शिकायत करने पहुंचे, तो दबंगों ने उल्टा मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित जब बच्चा लेने के लिए पहुंचा, तो इस दौरान रचित, सच्चिदानंद, रामदत्त, राजकमल, विजय दत्त, सत्यवीर आदि लोगों ने पीड़ित के साथ-गाली गलौज कर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि विजय दत्त के द्वारा तमंचा तान दिया गया अन्य व्यक्तियों के द्वारा लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी गयी है। थाना क्षेत्र के गांव बालीपट्टी निवासी रामपाल दीक्षित बचाने पहुंचे तो दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया। कहा है कि अगर थाने में शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी देता पीड़ित युवक

# पत्नी के हत्यारोपी का चार दिन बाद चालान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पत्नी की** हत्या के समय ही पुलिस ने हत्यारोपी को दबोच लिया था, लेकिन उसका लगभग चार दिन बाद न्यायालय के लिए चालान किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय मे पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम नगला मगार निवासी 40 वर्षीय ममता की हत्या 21अप्रैल की रात उसके मायके मोहम्मदाबाद के ग्राम रामदत्त नगर में उसके पति सुखवीर नें गोली मारकर कर दी थी। आरोपी को पुलिस ने घटना वाले दिन ही दबोच लिया। घटना के लगभग पांच दिन तक आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में रहा। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ममता उससे आये दिन झगड़ा करती थी। पुत्री की शादी तय की। वह शादी करने के लिए भी राजी नहीं थी। जिससे आक्रोशित होकर उसने गोली मारकर हत्या कर दी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सुखवीर का न्यायालय के लिए चालान कर दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी ने बताया की आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

## मार्ग दुर्घटना में 4 घायल, एक की हालत गंभीर

कायमगंज,समृद्धि न्यूज

**अलग-अलग मार्ग** दुर्घटना में कम्पिल क्षेत्र के गांव जिजौटा पहाड़पुर निवासी सुदर्शन (70), नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी प्रमोद राजपूत (45), क्षेत्र के गांव बल्लूबेहटा निवासी वेदराम (50) व तिलसड़ी निवासी अमर सिंह (55) घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद वेदराम को लोहिया अस्पताल रफर कर दिया गया।

## ऊंचाई से गिरकर युवक घायल

कायमगंज,समृद्धि न्यूज। ऊंचाई से गिरकर युवक घायल हो गया। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जाकारी के अनुसार कायमगंज-कम्पिल क्षेत्र के गाँव सिवारा निवासी अभिषेक (22) ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से दो बीघा गेहूं जलकर राख

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बीती रात** हाईटेंशन विद्युत लाइन की चिंगारी पकी खड़ी गेहूं की फसल पर गिर पड़ी। जिससे गेहूं धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोहिला निवासी योगेंद्र यादव पुत्र माखन सिंह यादव का कारगिल पेट्रोल पंप के पीछे 15 बीघा खेत है। जिसमे गेंहू पका खड़ा है। बीती रात अचानक गेंहू की फसल में आग लग गयी। आनन-फानन में ग्रामीण एकत्र हुए। उन्होंने डायल 112 को फोन किया। उधर ग्रामीणों ने मिट्टी पानी आदि से आग पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक लगभग दो बीघा गेंहू की फसल राख



जली फसल को देखता खेत मालिक — समृद्धि न्यूज

हो गयी थी। वहीं पीड़ित का कहना था कि घटना की सूचना लेखपाल को दी गयी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचा था। बताते चलें कि आजकल एचटी लाइन के जर्जर तारों से निकलने वाली चिंगारी किसानों की फसल पर कहर बनकर टूटती है और पल भर में किसानों की मेहनत से तैयार की गयी फसल को जलाकर राख कर देती है।

# एडीजे ने कारागार का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला कारागार** पंहुचे एडीजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार ने जेल की सफाई, पढाई, स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को परखा और अवश्यक निर्देश दिये।

ए0डी0जे0 संजय कुमार ने लीगल अधिवक्ता श्यामवीर सोमवंशी के साथ जिला कारागार फतेहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के अस्पताल में भर्ती बंदियों की जानकारी ली। कारागार चिकित्सक विजय अनुरागी और फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन व अमित कुमार से भर्ती बंदियों की बीमारी और उनको मिल रही चिकित्सा सुविधा के बारे जानकारी की। बैरिकों में निरुद्ध बंदियों तथा श्रम कर रहे बंदियों से भी जानकारी श्रम के बदले मिलने वाले पारिश्रमिक के बारे में भी जाना। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि विगत वर्ष ही पारिश्रमिक की धनराशि दर दोगुनी कर दी गई है। अकुशल 50, अर्द्धकुशल 60 और कुशल 80 की दर पारिश्रमिक दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 23-24 में रुपया तीस लाख का भुगतान बंदियों को किया



जेल में पाकशाला का निरीक्षण करते एडीजे — समृद्धि न्यूज

जा चुका है। वर्तमान में माह फरवरी 24 तक का भुगतान किया जा चुका है। एडीजे द्वारा पाकशाला का निरीक्षण किया गया। पाकशाला में बन रहे भोजन रोटी, उरद दाल और आलू बैगन की सब्जी को देखा और चेक किया। जेल की बेकरी में बिस्कुटों को स्वयं खाकर चेक किया। सफाई व्यवस्था ठीक मिली। नारी बंदी वास का भी निरीक्षण किया। महिला बंदियों से केस के बारे में जानकारी की गई। सभी महिला बंदियों पर अपने-अपने वकील होने की बात बतायी। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी की गई। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि महिला बैरिक में एक अध्यापिका निरुद्ध है। वही सभी छोटे बच्चों को पढ़ाती हैं। एडीजे ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चो को टॉफी बिस्कुट के गिफ्ट पैक का वितरण भी किया। जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान नजर आयी। एडीजे ने महिला बैरिक में मिल रही सुविधाओं, साफ-सफाई, हरियाली, भोजन की सराहना की। निरीक्षण के दौरान कारापाल अखिलेश कुमार, उप कारापाल अवनीश कुमार, वैभव कुशवाह, सरोज देवी, कृष्ण कुमारी, प्रियंका शुक्ला और रोहिणी मौजूद रहे।

निरीक्षण — डीएम ने 125 बूथों का किया निरीक्षण, सखी बूथ बढ़ाने के दिये निर्देश

# प्रेक्षकों ने समीक्षा बैठक कर पोलिंग बूथों की ली जानकारी

- प्रेक्षक बोलेः एक सप्ताह में सभी सीजर का करें निस्तारण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीना, पुलिस प्रेक्षक बी जुगल किशोर कुमार व व्यय प्रेक्षक श्रीनिवास राव वाना द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों की संख्या, सखी बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथों की जानकारी ली। प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी मतदान केंद्रों पर बॉउंड्रीबाल हो, सभी बूथों पर छाया व पीने के पानी की व्यवस्था हो, सभी एआरओ यह सुनिश्चित करें कि किसी भी बूथ पर कोई समस्या न हो, प्रेक्षक द्वारा सखी





समीक्षा बैठक लेते प्रेक्षक व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

बूथ बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया व मतदान पर्ची का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी प्रभारी अधिकारियों को प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा बताया गया कि सभी बूथों को क्रॉस चेक करने के निर्देश दिए गये है। डीएम द्वारा स्वय लगभग 125 बूथों का निरीक्षण किया गया है। प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीजर एक सप्ताह में निस्तारित करें, सभी वरनेबिल व क्रिटिकल बूथों की जानकारी प्रेक्षक द्वारा प्राप्त की गई एवं अभी तक पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एसएसटी व एएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अब सतर्क नजर आ रहा है। जिला अधिकारी बी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर थाना पुलिस के 6 युवकों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी राजू पुत्र अशोक, कमलेश पुत्र रामसेवक निवासी कुबेरपुर कुड़रा, छविराम पुत्र वीरेंद्र निवासी किराचन, मदनपाल पुत्र आसाराम निवासी खाखिन, अखिलेश पुत्र गुरबख्श निवासी फखरपुर, देवेंद्र पुत्र जगन्नाथ निवासी माखन नगला के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है कि क्षेत्र के रणधीर पुत्र रामपाल निवासी आशा की मड़ैया, रामकुमार पुत्र वीरपाल निवासी करनपुर दत्त, संजय पुत्र सीताराम, अंकुर पुत्र संगे, मुकेश पुत्र उड़ान, हरनाथ पुत्र छोटेलाल निवासी भगवानपुर, बबलू पुत्र राजपाल, अरविंद पुत्र जागेश्वर, के विरोध मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वही थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है कि अभी जो अपराधी क्षेत्र में सक्रिय बने हुए हैं उनके विरुद्ध भी कार्यवाही चल रही है जल्द ही गुंडा बामिनी गुंडा एक्ट की कार्वाई होगी।

# रामानंद बालिका इं.का. में दिलायी गई मतदाता जागरुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला** निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक अधिकारी नोडल स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या रीता दुबे की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने उपस्थित समस्त छात्राओं एन0सी0सी0 कैडेट, अभिभावकों व शिक्षकगणों से अपील की कि स्वीप राष्ट्रीय कार्यक्रम है,



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा — समृद्धि न्यूज

जिसके अंतर्गत मतदाता को मतदान करने हेतु प्रेरित करना है। उसके मन में मतदान के प्रति गर्व का भाव उत्पन्न करना है साथ ही वह भी समझ सकें कि मतदान करना कितना आवश्यक है। क्योंकि लोकतंत्र में एक-एक मत का महत्व होता है। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि जो जहां पर है उसे अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आज मतदान के प्रति लोग बहुत जागरूक हुए हैं, लेकिन अभी और जागरूकता की आवश्यकता है। वैभव सोमवंशी ने उपस्थित सभी से 13 मई को बूथ पर जाने की अपील की। भारती मिश्रा ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर पूनम दुबे, दीपावली कुमार, संतोष कुमारी, बबली, साधना राठौर, सुनीता दुबे, फरहाना हाशमी, कीर्ति मिश्रा, मोहित सक्सेना, सागर शाक्य, अमित सक्सेना, सृष्टि सक्सेना, मीनाक्षी श्रीवास्तव, शैलेश शुक्ला, अभिषेक दीक्षित, आशुतोष दीक्षित, लालाराम, गौतम, पुरुषोत्तम, नारायण, अरुण ओझा, रामाश्रय, चंदा देवी, राकेश, हिमांशी देवी, संध्या भारती, काजल यादव, राधा, ईशु, भारती, खुशी शाक्य, आरती, भावना, रुचि, सानिया, सबरीना आदि मौजूद रही।

# आर्मी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र ने एनडीए एसएसबी की उत्तीर्ण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आर्मी पब्लिक** स्कूल के बारहवीं बैच के पूर्व छात्र मास्टर यश पाटिल ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) और प्रभावशाली 54वीं अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) हासिल की। एसएसबी में दूसरा उच्चतम स्कोर उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल स्कूल को गौरवान्वित किया है, बल्कि वर्तमान छात्रों को अपने प्रयासों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में मास्टर यश को गुरुवार को एपीएस फतेहगढ़ में वापस आमंत्रित किया गया था। उन्होंने एनडीए लिखित परीक्षा और एसएसबी प्रक्रिया पर केंद्रित एक विस्तृत व्याख्यान देकर अपनी यात्रा और अंतर्दृष्टि साझा की। व्याख्यान में बारहवीं कक्षा के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिन्होंने मास्टर यश द्वारा साझा किए गए मूल्यवान ज्ञान और अनुभवों को उत्सुकता से आत्मसात किया। प्रधानाचार्य संजीव ने इस तरह की बातचीत के महत्व को स्वीकार करते हुए, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित कैरियर के अवसरों को आगे बढ़ाने में समर्पण, दृढ़ता और रणनीतिक तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को सक्रिय रूप से परामर्श दिया। कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्व छात्र प्रभारी महेश उपाध्याय ने की। कार्यक्रम के छात्र प्रभारी दिव्यांसी, मास्टर विट्ठल, रौनक, सिमरन थे और मास्टर सुनीत ने भी कार्यक्रम में भूमिका निभाई। उनके प्रयासों ने एक सुचारू और प्रभावशाली कार्यक्रम सुनिश्चित किया। जिसने छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। जिससे स्कूल समुदाय के भीतर प्रेरणा और आकांक्षा की भावना को बढ़ावा मिला। एपीएस फतेहगढ़ से एनडीए एसएसबी में सफलता हासिल करने तक मास्टर यश की यात्रा वर्तमान और भविष्य के छात्रों के लिए एक चमकदार उदाहरण और प्रेरणा का स्रोत है। जो अपने पूर्व छात्रों के बीच उत्कृष्टता और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# जनतांत्रिक प्रणाली में मताधिकार का सबसे अधिक महत्व होता है: प्रो0 रमाशंकर पाण्डेय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय महाविद्यालय** के असिस्टेंट प्रो0 डा0 रमाशंकर पाण्डेय ने मताधिकार के बारे में बताया कि जिस देश में जितने अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है, उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देश में सबसे बड़ा है, क्योंकि हमारे यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे बड़ी है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 एक सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को निर्वाचित सरकार के सभी स्तरों के चयन के आधार के रूप में




डा0 रमाशंकर पाण्डेय

परिभाषित करता है। सार्वजनिक मताधिकार के अन्तर्गत सभी नागरिक जो 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं बिना जाति, शिक्षा, धर्म, रंग, प्रजाति और आर्थिक स्थिति का भेदभाव किए हुए वोट देने के लिए स्वतंत्र होते हैं। सभी नागरिकों को देश के संविधान द्वारा प्रदत्त सरकार चलाने के हेतु अपने प्रतिनिधि निर्वाचित करने के अधिकार को ही मताधिकार कहा जाता है। जनतांत्रिक प्रणाली में इसका सबसे अधिक महत्व होता है, किसी भी लोकतंत्र की नीव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाए। भारतीय संविधान ने धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत अपनाते हुए व्यक्ति की महत्ता को स्वीकार किया है। तथा अमीर, गरीब के अंतर को, धर्म, जाति एवं संप्रदाय के अंतर को तथा स्त्री-पुरुष के अंतर को समाप्त कर प्रत्येक वयस्क नागरिक को देश की सरकार बनाने के लिए अपना प्रतिनिधि निर्वाचित करने के लिए मत देने का मूल अधिकार प्रदान किया है। अतः हम सभी का यह अधिकार एवं संवैधानिक उत्तरदायित्व है कि हम अपने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार के निर्माण में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करेंगे।

# अपना दल एस कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपना दल** एस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का कार्यकर्ताओं ने पांचाल घाट पर जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार के पिता के देहांत हो जाने पर उनके गांव रजलामई में उनके आवास पर जा रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल कार्यकर्ताओं के स्वागत से गदगद नजर आए। इस दौरान युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुरजीत कटियार, प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश चतुर्वेदी, विधायक पति डा0 अजीत गंगवार, विजय चौरसिया, जेएन कटियार, जिलाध्यक्ष राहुल



मंत्री आशीष पटेल के स्वागत के दौरान मौजूद विश्वप्रकाश चतुर्वेदी व पार्टी के नेता

गंगवार, युवा मंच अजीत पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कटियार, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल पाल, रामेंद्र कटियार, जिला सचिव ललित पटेल, वतन गंगवार, अंबर गंगवार, नितिन गंगवार, देव गंगवार, विकास पाल, हर्ष वर्धन पाल, विशाल कटियार सहित आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चिकित्सक ने बच्चों को किया जागरुक



बच्चों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते डा0 सुरेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन नुनहाई के तत्वाधान में कन्या उच्च प्राथमिक संविलियन विद्यालय नाला सिम्त शुमाल में उपस्थित 94 छात्र-छात्राओं का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विभिन्न रोगग्रस्त पाए गए सभी 23 बच्चों को मौके पर ही होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की। साथ ही चिक्तसाधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी छात्रों को विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण, उपचार एवं बचाव के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि कभी भी बाजार का खुला दूषित भोज्य और पेय पदार्थो का इस्तेमाल ना करें और घर का बना हुआ ही साफ सुथरा और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। अपने घरों की छतों पर अनावश्यक बर्तन, डिब्बे व अन्य बेकार की ऐसी वस्तुएं जमा ना करें और नालियों की नियमित तौर पर साफ सफाई करें, ताकि इन जगहों पर मच्छर ना पनप पाए और इस प्रकार हम सब मच्छरों से होने वाली विभिन्न घातक बीमारियों से बच सकें। चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने सभी छात्रों को दिन में दो बार सही विधि से ब्रश करने की उचित विधि समझाकर विद्यालय की रसोई में मिड-डे-मील भोजन बनाने वाली महिला कर्मियो और सभी छात्रों को अपने नाखून छोटे रखने की सलाह दी। इस मौके पर चित्साधिकारी डॉक्टर सिंह के साथ फार्मासिस्ट तरुण कुमार वर्मा, राजेश कुमार व विद्यालय के संबंधित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### तत्कालीन लेखपाल सहित तीन के विरुद्ध न्यायलय में याचिका दायर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लेखपाल से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से जमीन की विरासत अपने नाम करा लेने के मामले में तत्कालीन लेखपाल सहित तीन लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है। किरन पुत्री स्व0 जगदीश पत्नी रावेन्द्र सिंह निवासी सातनपुर, हाल निवासी जाजपुर बंजारा कोतवाली मोहम्मदाबाद ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसके पिता तीन भाई रामकिशन, जगदीश, सतीश थे। जिनमें सतीश लाबल्द फौते हुए रामकिशन के दो लड़के नवनीत कुमार व संजीत कुमार है। जगदीश की तीन पुत्रियां किरन, क्रांति, सीमा है। पिता ने बीड़ी बनाने का कारखाना मोहल्ला शांतिनगर इस्माइलपुर नगर पंचायत समधन जिला कन्नौज से शुरु किया। तीनों भाई साथ रहते रहे। तीनों भाईयों के नाम सातनपुर में गाटा संख्या 85, 86, 125 की आरजी दर्ज विरासतन चली आ रही है। पिता की मृत्यु 15 मई 1985 को हो गई थी। जिसके बाद मां ज्ञानदेवी के नाम विरासत दर्ज हुई। विपक्षीगण नवनीत कुमार, संजीत कुमार निवासी मोहल्ला सधवाड़ा कायमगंज ने जगदीश को लाबल्द फौत दिखाते हुए हल्का लेखपाल अजीत द्विवेदी तत्काली लेखपाल पपियापुर से सांठगांठ कर बिना जांच किये फर्जी गवाह दर्शाकर पूरी जमीन की विरासतन अपने नाम करवा ली। आरोपीगणों ने जानबूझकर धोखाधड़ी कर हड़प ली है। जानकारी करने पर व साक्ष्य इकट्ठा करने पर विपक्षीगणों से 31 मार्च 2024 को कहा कि तुम लोगों ने फर्जी तरीके से दर्ज करवा ली है तो आरोपीगण मारपीट पर अमादा हो गये। आरोपियों ने धमकी दी कि खेत की तरफ गये तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

### आबकारी टीम ने छापेमारी कर 140 किलोग्राम लहन किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ के द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दविश दी गई। दविश के दौरान लगभग 140 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किए गये। साथ ही आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# सुलक्षणा सिंह ने अपनी महिला टीम के साथ सपा प्रत्याशी के लिए किया जन सम्पर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने अपनी महिला टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जन सम्पर्क कर सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। प्रदेश सचिव नेहा



महिलाओं के साथ जन सम्पर्क करती सुलक्षणा सिंह

सिंह के साथ भोजपुर विधानसभा के ग्राम दरियापुर, हीरामन, पुटकी बाजपुर, बड़ा केशव, गदनपुर में जन सम्पर्क किया। समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए चौपाल लगाकर वोट मांगे और पूर्व सपा सरकार की उपलब्धियां जनता को बतायी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, बबली, गीता राजपूत, अर्चिता राजपूत, लक्ष्मी आदि महिलायें भी मौजूद रही।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ब्लाक कमालगंज** के उच्च प्राथमिक विद्यालय महोई में आठ बच्चों का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। बच्चों ने 9वीं रैंक पाकर जिले का मान बढ़ाया है। जनपद ने इस वर्ष पहले से भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिले के लिए आवंटित कुल 148 सीटों के सापेक्ष 147 सीटें प्राप्त कर प्रदेश में एक रिकॉर्ड बनाया है। एकल शिक्षक अमित कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि सभी चयनित छात्रों ने सफल होकर न केवल अपने विद्यालय व शिक्षकों एवं माता-पिता एवं गांव का मान बढ़ाया है, बल्कि शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिभा को व्यक्त किया है। इस वर्ष मुझे विद्यालय



प्रधानाध्यापक के साथ चयनित बच्चे — समृद्धि न्यूज

में तीन वर्ष पूरे हो गए। इन तीन वर्षो का सफर इस मायने में अद्भुत रहा कि तकरीबन गुमनाम रहने वाला विद्यालय मात्र एक शिक्षक विद्यालय आज अपनी पढ़ाई, अनुशासन, भौतिक वातावरण और संसाधन की बदौलत न केवल ब्लॉक स्तर पर बल्कि जिला स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई। स्कूल में बदलाव की कहानी शुरू होती है जब गांव के युवाओं व रिटायर शिक्षक को विद्यालय में वालंटियर के तौर पर जोड़कर शैक्षिक वातावरण को उच्च किया गया। स्वयं और मित्रों के आर्थिक सहयोग लेकर विद्यालय के भौतिक वातावरण में आश्चर्य जनक परिवर्तन किया गया। 2007 में विद्यालय की स्थापना से 14 वर्ष पूरे होने तक यहां मात्र 154 बच्चों का नामांकन हुआ था, किंतु आज यहां 86 बच्चे नामांकित हैं। गत वर्ष हुई एनएमएमएस परीक्षा में विद्यालय से 8 बच्चों ने प्रतिभाग किया था और चार छात्र उत्तीर्ण हुए थे।

इस वर्ष कुल 15 बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया और आठ बच्चों ने सफलता अर्जित की। जिसमें जिले में नौवीं रैंक शामिल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, खंड शिक्षाधिकारी सुरेश पाल ने बच्चों व शिक्षकों को उनके अथक प्रयास को सराहते हुए शुभकामनायें दी।

# भारतीय विद्यालय इं.का. में मेधावियों का हुआ सम्मान

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय विद्यालय** इन्टर कालेज महेशनगर मोहम्मदाबाद में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कस्बा स्थित भारतीय विद्यालय इन्टर कालेज महेशनगर मोहम्मदाबाद में बोर्ड की परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सम्मानित किया। शिक्षकों ने उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा0 आदर्श मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य रतिराम संखवार ने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। हाईस्कूल के छात्रों मे श्रेया यादव 91.33 प्रतिशत, पारुल सिंह 84.16 प्रतिशत, दिव्या 84.16 प्रतिशत, अपराजिता शुक्ला 83.83 प्रतिशत, यशवर्धन 82.66 प्रतिश




विद्यालय में सम्मानित होते मेधावी छात्र-छात्रायें मौजूद शिक्षक

अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। इन्टरमीडिएट में छात्र आदर्श कुमार 92.6 प्रतिशत, अन्शुल 91.2 प्रतिशत, सुधान्शु पाल 89.6 प्रतिशत, मनिष्का 89.2 प्रतिशत, रजत कुमार 88 प्रतिशत, ओम्या राठौर 87.4 प्रतिशत, शिवांगी 85.2 प्रतिशत, रिषभ तिवारी 84.8 प्रतिशत, पुष्पोम्बर कुशवाह 83.6 प्रतिशत, विशाल सिंह 83.2 प्रतिशत, अंशु यादव 82.4 प्रतिशत, ज्योति 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

# प्लाट पर कब्जा करने के प्रयास व जानमाल की धमकी देने के मामले में सैनिक की पत्नी ने दायर की याचिका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जबरन** धन उगाई कर प्लाट पर दबंगई से कब्जा करने के मामले में सैनिक की पत्नी ने तीन लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की।

जनपद कासगंज के थाना पटियाली मोहल्ला खारोला राजा रिजौला निवासी रश्मि देवी पत्नी राजीव कुमार सिंह गौर ने दायर की याचिका में दर्शाया कि उसका नेकपुर कला तहसील सदर फर्रुखाबाद में प्लॉट है, जिसे उसने पूर्व में उसके सामने विमला देवी उर्फ राजरानी पत्नी स्व स्वर्गीय रावेंद्र कटियार उर्फ राजेंद्र प्रसाद कटियार निवासी नेकपुर कला थी। जिसको वीरेंद्र सिंह यादव व उसके भाई संजय सिंह यादव पुत्र रामसेवक निवासी रामनगर कॉलोनी मसेनी के मार्फत खरीदा था। जिसका सौदा आठ लाख रुपये में तय हुआ था। इस दौरान एक चेक दी गई। विक्रेता ने कहा कि मुझे नगद चाहिए उसे नगर दे दिए गए। चेक मांगी तो उसने कहा चेक वापस कर देंगे, लेकिन चेक नहीं दी और जालसाजी कर पैसा हड़पने की नियत से बैंक में चेक लगाकर 63500 रुपये निकाल लिए। जब जानकारी हुई तो बैंक में जाकर पूरी जानकारी देने पर पैसा मेरे खाते में वापस कर दिया गया। अब वह जबरियन धनउगाई व प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है और जानमाल की धमकी दे रही है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति सेना में नौकरी करते हैं। इस संदर्भ में पुलिस से भी शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने न्यायालय से न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

# रखा बालिका इंटर कालेज का 98 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**छात्राओं को प्रधानाचार्या ने किया सम्मानित**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रखा** बालिका इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में रखा बालिका इंटर कालेज की छात्रायें पीछे नहीं रही। सर्वोच्च अंक लाकर छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे ही मन लगाकर पढ़ते रहे और अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करें। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में विद्यालय स्तर पर प्रथम श्रेणी में 13 छात्रायें, द्वितीय श्रेणी 36



प्रधानाचार्या द्वारा सम्मानित होती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

छात्रायें व तृतीय श्रेणी में 4 छात्रायें उत्तीर्ण हुई। विद्यालय में रागिनी यादव ने 80 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्जिता यादव 74 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पाया। आरती अरविंद ने 70 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने मेधावी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

**सम्मान** | प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

# डीएन कालेज में कल्चरल क्लब द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय में कल्चरल क्लब के तत्वाधान में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुभारम्भ प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि प्राचार्या डा0 शशिकिरण सिंह व प्राचार्या डा0 शालिनी सिंह व डा0 अंजू पाण्डेय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संचालन डा0 वीके तिवारी व कार्यक्रम प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डा0 राजकुमार सिंह, डा0 आरके गुप्ता, डा0 मुकेश सिंह राठौर आदि ने भाग लिया। छात्राओं द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। एकल गायन, एकल नृत्य, समूह गायन, समूह नृत्य, नाटक आदि छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह दिखा। निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषित किये गये। प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। विद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राध्यापक डा0 विनीता वर्मा, डा0 एचएसएन गुप्ता, डा0 सतेन्द्र कुमार, डा0 अजहर




कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें

जुनैद आलम, डा0 रामनरेश सिंह, डा0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे। एकल नृत्य प्रतियोगिता में दीक्षांतिका मिश्रा प्रथम, कशिश अग्रवाल द्वितीय, पूजा यादव तृतीय रही। एकल गायन प्रतियोगिता में दिव्या पाण्डेय प्रथम, सिमरन कश्यप द्वितीय, अनन्या दुबे तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में मंशिका प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, आस्था रानी तृतीय रही। बाल पेंटिंग प्रतियोगिता में शाइन्द्री चौहान प्रथम, आकांक्षा द्वितीय, नैन्सी तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम, कोमल द्वितीय, दीक्षांतिका मिश्रा तृतीय रही।

# नई प्रौद्योगिकियां बदल रही हैं आधुनिक युद्धों की परिभाषा : थल सेनाध्यक्ष

- प्रौद्योगिकी तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों ने सैन्य आधुनिकीकरण पर की चर्चा
- भारतीय रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए लगाई गई भव्य प्रदर्शनी



एजेंसी, नई दिल्ली।

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं, इसलिए आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं। थल सेनाध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी सक्षम भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल में परिवर्तन की दिशा में अपना प्रयास जारी रखने के उद्देश्य से भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया।

थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) की ओर से मानेकशॉ सेंटर में 'तकनीकी समावेशन का वर्ष, सैनिकों का सशक्तिकरण' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति एवं क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

इस संगोष्ठी सह प्रदर्शनी कार्यक्रम की शुरुआत थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। इसके बाद मुख्य व्याख्यान अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम, नीति आयोग) के मिशन निदेशक डॉ. चिंतन वैष्णव ने दिया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने स्वदेशी प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के साथ ही स्वदेशी हथियारों से युद्ध लड़ने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी अब प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई है, जो भू-राजनीतिक शक्ति को संचालित करती है। जनरल मनोज पांडे ने यह भी कहा कि सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं तक विभिन्न क्षेत्रों के शस्त्रीकरण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जा रहा है। उन्होंने हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं, जिससे आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। थल सेनाध्यक्ष ने इस तथ्य का भी उल्लेख किया कि इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, प्रिसिजन अटैक सिस्टम, लोइटर म्यूनिशन और स्टार-लिंक टर्मिनलों को शामिल करने वाली डिजिटल प्रौद्योगिकियों को चुनौती दे रहा है।

उन्होंने सभी हितधारकों, तीनों सेनाओं, रक्षा उद्योग जगत के भागीदारों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं से अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने तथा एक जीवंत राष्ट्रीय रक्षा इको-सिस्टम विकसित करने का आग्रह किया। इस संगोष्ठी को तीन सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें पहला सत्र 'समसामयिक प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षमताओं' पर केंद्रित था। इस सत्र का संचालन क्षमता विकास महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विनीत गौड़ ने किया। इस सत्र में आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर मयंक वत्स, डॉ. मंदिरा मजूमदार, राजीव मेहरोत्रा, वैभव गुप्ता तथा कर्नल करणदीप सिंह (सेवानिवृत्त) ने भारतीय रक्षा उद्योग की उभरती भूमिका का विश्लेषण किया।

### साइबर डोमेन की भूमिका का भी विश्लेषण किया

दूसरा सत्र आधुनिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्रभाव बढ़ाना विषय पर केंद्रित था, जिसका संचालन लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा (सेवानिवृत्त) ने किया। इस सत्र में सिग्नल डायरेक्टरेट से मेजर जनरल सुनील मेहरोत्रा और डीआरडीओ से एसबी तनेजा ने भारतीय सेना की क्षमताओं को विस्तार देने के लिए वर्तमान तथा अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के विकल्पों के बारे में अपने विचार रखे। इस सत्र में स्थलीय क्षेत्र से आगे जाने का विचार करते हुए वर्तमान संदर्भ और भविष्य के परिदृश्यों में अंतरिक्ष तथा साइबर डोमेन की भूमिका का भी विश्लेषण किया गया। इस आयोजन का अंतिम सत्र 'अधिकतम प्रौद्योगिकी प्रभावशीलता और सैन्य तैयारी' विषय पर केंद्रित था, जिसका संचालन लेफ्टिनेंट जनरल पीआर शंकर (सेवानिवृत्त) ने किया। इसमें प्रमुख वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पंत (सेवानिवृत्त), जियो जॉर्ज फिलिप, डॉ. के मोहनवेलु और मेजर जनरल अजय शर्मा थे।

# कलवरी क्लास की तीन पनडुब्बियां खरीदेगा भारत, फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल




- जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया

एजेंसी, नई दिल्ली।

फ्रांस की यात्रा पर गए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया। शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस ने अपनी इस यात्रा के दौरान कलवरी क्लास की 3 और पनडुब्बियां लेने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया है। फिलहाल प्रोजेक्ट-75 की पांच पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सेवा में हैं और छठी जल्दी ही कमीशन में आ जाएगी। तीन और पनडुब्बियों का सौदा 3-3.5 अरब डॉलर के बीच होने की उम्मीद है।

# हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस

एजेंसी, नई दिल्ली।




कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के रुख से साफ है कि भाजपा की सीटों में भारी गिरावट आने वाली है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपनी चुनावी पार्टी के नारों में भी बदलाव किया है और 400 पार और मोदी की गारंटी का नारा लगाना भी बंद हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद न्याय पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है और समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अपनी पांच न्याय 25 गारंटी के साथ, हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और चार जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनाएंगे।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नही : अनुराग

एजेंसी, नई दिल्ली।



चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे।

अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे।

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के लोग कहते हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है तो उनके लिए बस एक ही संदेश है कि उनके ज्ञान की देश को आवश्यकता नहीं है। कश्मीर में अनुच्छेद 370, 35 (ए) लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी गलती थी जबकि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370, 35 (ए) हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पंचायत के चुनाव, डीडीसी के चुनाव हुए और अब विधानसभा चुनाव भी कराए जाएंगे। कांग्रेस हर चुनाव के समय पर देश को गुमराह करती है।

उल्लेखनीय है कि मनीष तिवारी ने आरोप लगाया था कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

# संविधान बचाने के लिए करें मतदान : राहुल गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली।

**अपील**



आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, मित्र काल से निकल कर हिन्दुस्तानियों की सरकार बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जि़ला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को 102 लोकसभा क्षेत्र में मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया।

# चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल



एजेंसी, नई दिल्ली। बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए।

गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में मनीष कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मनीष कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्रवाई की थी।

# भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव : आप

**आरोप**

- केवल दिखावे के लिए एक संविधान होगा, जो आरएसएस का नागपुर का संविधान होगा

एजेंसी, नई दिल्ली।



आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को संविधान और लोकतंत्र बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि अब जो सूरत से शुरुआत हुई है वह इस बात का संकेत है कि पिछले 10 साल में ऑपरेशन लोटस चलाकर भाजपा ने अलग-अलग राज्य के विधायकों को तोड़ा और खरीदा, सरकारों को गिराया, लेकिन 2024 के बाद इस देश में चुनाव नहीं होगा। सूरत से इसकी शुरुआत हो चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि आज से पहले कभी भी यह नहीं सुना गया था कि सत्ताधारी पार्टी बगैर मतदान के लोकसभा का चुनाव जीत गई हो। पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है। सूरत में न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों का भी पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी को प्रमाण पत्र पकड़ा दिया गया। 2024 के बाद पूरे देश में ऐसा ही होने जा रहा है। केवल दिखावे के लिए एक संविधान होगा, जो आरएसएस का नागपुर का संविधान होगा। नागपुर के संविधान में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, किसानों के अधिकार की बात नहीं होगी, महिलाओं और युवाओं के रोजगार और सुरक्षा की बात नहीं होगी। देश में आरएसएस का संविधान होगा और बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को खत्म किया जाएगा।

### लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है

सांसद संजय सिंह कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पूरे हिंदुस्तान को जगाया कि भारत का लोकतंत्र खत्म होने वाला है, वोट का अधिकार खत्म होने वाला है और लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है। पूरे देश को पता है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कैसे लोकतंत्र की हत्या की गई चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कैमरे के सामने आम आदमी पार्टी के 8 वोट खराब करते हुए रंगे हाथ भाजपा पकड़ी गई थी। इस दौरान श्री सिंह ने गुजरात के गांधीनगर से एक प्रत्याशी की वायरल हो रही वीडियो को भी दिखाया। इस वीडियो में प्रत्याशी रो रहा है और देश बचाने की गुहार लगा रहा है। वीडियो में कहता दिख रहा है कि उसका अपहरण कर लिया गया है और उस पर जबरदस्ती नामांकन पत्र वापस लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। वह कह रहा है कि अमित शाह के लोगों ने उसे अगवा कर लिया है।

# दिल्ली के उपराज्यपाल पर लगा आचार सहिंता के उल्लंघन का आरोप

एजेंसी, नई दिल्ली। केरल में नेता प्रतिपक्ष वी.डी सतीशन ने मतदान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत कर दिल्ली के उपराज्यपाल के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है। सतीशन ने शिकायत में कहा कि उपराज्यपाल ने 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की खातिर भाजपा के समर्थन के लिए दक्षिणी राज्य के चर्चों के प्रमुखों से कथित तौर पर मुलाकात की और उन्हें ''प्रलोभन दिया। उन्होंने कहा, ''खबरों के अनुसार कुछ चर्च के प्रमुखों ने उनसे मुलाकात करने से इनकार कर दिया। सतीशन ने आयोग को लिखे एक पत्र में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की चर्च के प्रमुखों के साथ बैठक को ''आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन बताया। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी शिकायत में कहा, ''मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए पत्र लिख रहा हूं कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा केरल के विभिन्न चर्च के प्रमुखों से मुलाकात कर उन्हें आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा के समर्थन की खातिर प्रलोभित किया गया जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

# केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता : ईडी

**दावा**

- केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आप के नेताओं के साथ मिलकर घोटाले को अंजाम दिया

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं और तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी की भी गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया और वह आबकारी नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी संलिप्त थे। एजेंसी ने 734 पन्नों के अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्होंने सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों की मिलीभगत से इसे अंजाम दिया। इसने कहा कि अरविंद केजरीवाल कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने की साजिश में संलिप्त थे और उक्त नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी शामिल रहे। ईडी ने कहा कि किसी मुख्यमंत्री या आम नागरिक को गिरफ्तार करने की खातिर साक्ष्य के विभिन्न मानकों के लिए धन-शोधन निवारण अधिनियम-2002 में कोई अलग प्रावधान नहीं हैं और याचिकाकर्ता अपने ओहदे का हवाला देकर खुद के लिए एक विशेष श्रेणी बनाने का प्रयास कर रहा है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। एजेंसी ने केजरीवाल के उस तर्क का खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की बुनियाद और सिद्धांत का उल्लंघन करती है। ईडी ने कहा कि तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है। उसने कहो कि यदि उपरोक्त तर्क को स्वीकार कर लिया जाता है तो अपराधी नेताओं को इस आधार पर गिरफ्तारी से छूट मिल जाएगी कि उनका चुनाव में प्रचार करना जरूरी है। गिरफ्तारी को उचित ठहराते हुए ईडी ने कहा कि केजरीवाल को प्रामाणिक आधार पर गिरफ्तार किया गया है, किसी दुर्भावना के आधार पर नहीं।

# जियोटीवी पर लॉन्च के साथ रेडियो सिटी कर रहा मनोरंजन को पुन: परिभाषित

- मनोरंजन की नई परिभाषा रचते हुए, रेडियो सिटी हुआ जियोटीवी पर लॉन्च
- अपने 24×7 वीडियो चैनल- आरसी स्टूडियो की शुरुआत के साथ रेडियो सिटी की यह नई उपलब्धि

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




अपने जीवंत संगीत और मनोरंजक कॉन्टेंट के लिए मशहूर रेडियो सिटी अब जियोटीवी पर उपलब्ध है। यह शानदार फ्यूज़न एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि रेडियो सिटी आरसी स्टूडियो के बैनर तले 24×7 वीडियो चैनल पेश करने वाला देश का पहला रेडियो स्टेशन बन गया है।

रेडियो सिटी को जियोटीवी पर लॉन्च करने से न सिर्फ इसकी पहुँच का विस्तार होगा, बल्कि एडवर्टाइज़र्स को पूरे देश में लोगों से जुड़ने के अनंत अवसर भी मिलेंगे। इस साझेदारी के माध्यम से, रेडियो सिटी अब भारत भर में जियोटीवी के व्यापक दर्शकों तक अपनी पैठ बना सकेगा। जियोटीवी ऐप में 200 ब्रॉडकास्टर्स समेत 16 भाषाओं और 12 शैलियों में 1,000 से अधिक चैनल्स की पेशकश शामिल है, और यह देश भर में जियो के तमाम ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

इस लॉन्च के साथ, रेडियो सिटी का लक्ष्य युवा और डिजिटल के प्रति विशेष रुझान रखने वाली पीढ़ी के साथ जुड़कर स्क्रीन के प्रति उन्हें आकर्षित करना और रेडियो में उनकी रुचि को फिर से जगाना है। इस नए डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ जुड़कर, रेडियो सिटी ऐसे अद्भुत कॉन्टेंट की पेशकश करने की योजना बना रहा है, जो जेन ज़ेड के अनुरूप हो। जियोफाइबर और एयरफाइबर जैसी सर्विसेस के साथ आरसी स्टूडियो जियोटीवी+ के माध्यम से कनेक्टेड टीवी पर भी उपलब्ध होगा।

यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है, जो न सिर्फ दर्शकों के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने और रेडियो सिटी को व्यापक लोगों के लिए सुलभ बनाने का माध्यम बनेगी, बल्कि अधिक समावेशी और मनोरंजन के जीवंत अनुभव को भी बढ़ावा देगी।

# गड्ढे में गिरी बस और अनजाने में दब गया ट्रिगर, सिर में गोली लगने से बीएसएफ जवान की मौत

एजेंसी, अगरतला। त्रिपुरा पूर्व संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान की गुरुवार को मृत्यु हो गई। बीएसएफ जवान उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर में सुरक्षा शिविर की ओर जाती हुई बस में मृत पाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीएसएफ जवान कल रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद लौट रहा था। शहीद जवान बस के फर्श पर खून से लथपथ पाया गया और उसके सिर में गोली लगी थी। मृतक जवान की पहचान रक्सा नरगिस केशव (27) के रूप में हुई और वह पानीसागर में बीएसएफकी 199वीं बटालियन में तैनात था और महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, कल रात करीब 11 बजे केशव सुरक्षा गश्त पूरी कर अन्य 22 जवानों के साथ कैंप लौट रहा था और बस की आखिरी सीट पर अकेला बैठा था। पुलिस ने कहा कि यह महज एक दुर्घटना है, लेकिन आत्महत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जब बस सड़क से फिसल कर गड्ढे में गिरी तो गोली चलने की आवाज आई और लोगों ने उसे मृत पाया।

# बैंकों की तेजी ने बाजार को दी उड़ान

एजेंसी, मुंबई।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एक्सिस बैंक और एसबीआई समेत 22 दिग्गज कंपनियों की करीब छह प्रतिशत तक की तेजी से आज शेयर बाजार ने उड़ान भरी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक अर्थात 0.66 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 41,247.11 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 47,112.78 अंक पर बंद हुआ।



इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1718 में बिकवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयर मजबूत रहे जबकि 10 ने नुकसान उठाया। बीएसई में रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.45 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.68, सीडी 0.22, ऊर्जा 0.87, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.41, यूटिलिटीज 0.90, ऑटो 0.91, बैंकिंग 0.71, कैपिटल गुड्स 0.87, धातु 1.16, तेल एवं गैस 0.88, पावर 0.94, टेक 0.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.71 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.61, जापान का निक्केई 2.16 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.76 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 281 अंक लुढ़कर 73,572.34 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 73,556.15 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,571.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,852.94 अंक के मुकाबले 0.66 प्रतिशत उछलकर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 86 अंक उतरकर 22,316.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,305.25 अंक के निचले जबकि 22,625.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,402.40 अंक की तुलना में 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें एक्सिस बैंक 5.98, एसबीआई 5.10, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.55, नेस्ले इंडिया 2.39, सन फार्मा 2.30, आईटीसी 2.02, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.76, एचसीएल टेक 1.62, आईसीआईसीआई बैंक 1.48, इंडसइंड बैंक 1.44, टाटा स्टील 1.27, टाटा मोटर्स 0.93, पावरग्रिड 0.71, रिलायंस 0.61, टीसीएस 0.54, इंफोसिस 0.46, एलटी 0.43, टेक महिंद्रा 0.34, अल्ट्रासिमको 0.27 और विप्रो 0.17 प्रतिशत शामिल है। वहीं, कोटक बैंक 10.85, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.25, टाइटन 1.05, बजाज फाइनेंस 0.46, मारुति 0.31, एशियन पेंट 0.25, भारती एयरटेल 0.10 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।